kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-112 | शुक्रवार, 23 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ायी जानी चाहिए। उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए। जगदीप



11 साल में 34 हजार किलोमीटर लंबी रेल पटरियां बनी : वैष्णव 11

भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान को और अधिक बनाएं प्रभावीः धामी 12

## संक्षेप

### सीबीआई ने सत्यपाल मलिक के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और पांच अन्य लोगों के खिलाफ जम्मू कश्मीर में कीरू पन बिजली परियोजना से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में गुरूवार को आरोप पत्र दायर किया। यह आरोप पत्र ऐसे समय में दायर किया गया है जब श्री मलिक अस्पताल में भर्ती हैं। सूत्रों के अनुसार श्री मलिक के अलावा जिन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है उनमें श्री मलिक के निजी सहायक भी शामिल हैं। जांच एजेन्सी ने वर्ष 2022 में इस मामले की जांच शुरू की थी और कई जगहों पर छापे भी मारे थे। श्री मलिक यह दावा कर चुके हैं कि इस परियोजना को मंजूरी देने के लिए उन्हें रिश्वत की पेशकश की गयी थी। इस बीच श्री मलिक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि वह राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं और बात करने की हालत में नहीं हैं।

### शासन के लिए किसानों का हित सर्वोपरिः मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को मिलने आए किसानों से कहा कि शासन के लिए उनका हित सर्वोपरि है। उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि के लिए शासन स्तर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। विगत वर्षों में प्रदेश में गन्ना भुगतान की स्थिति बेहतर हुई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत गेहूं और धान के खरीद की पारदर्शी व्यवस्था और समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है। उन्होंने किसान यूनियन द्वारा किसानों की बिजली, सिंचाई, राजस्व, खनन आदि से संबंधित समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंश निर्धारण के मामलों का विशेष कैंप लगाकर निस्तारित किया जाये, ताकि किसानों को अनावश्यक न्यायालयों के चक्कर न लगाना पड़े। बैठक में एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त भानू चंद्र गोस्वामी, डीएम लखनऊ विशाख जी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जालसाजी की आरोपी को नहीं मिली देश छोड़ने की इजाजत

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र प्रसाद चौधरी ने ब्रिटेन की नागरिकता प्राप्त कर चुकी जालसाजी की अभियुक्ता सकलैन खातून पत्नी शमसुलहुदा का ब्रिटेन जाने की अनुमति देने संबंधी आवदेन निरस्त कर दिया। अभियुक्ता सकलैन ने सीजेएम संतकबीरनगर द्वारा अनुमति संबंधी प्रार्थना पत्र निरस्त किए जाने के दुधारा थाना निगरानी प्रार्थना पत्र जिला एवं सत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक : मोदी

## अब सिर्फ पीओके के बारे में ही बात होगी

एजेंसी

- दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती
- मोदी की नसों में लहू नहीं गर्म सिंदूर बह रहा
- पहले घर में घुसकर किया था वार, अब सीधे सीने पर किया प्रहार
- समय और तरीका सेनाएं तय करेगी और शर्तें भी हमारी होगी
- जो सिंदूर मिटाने निकले थे उन्हें मिट्टी में मिलाया है



बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत का रुद्र रुप एवं नया स्वरुप बताते हुए कहा है कि हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाया हैं और जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं एवं अपने प्रण पर खरे उतरे हैं तथा अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी तो सिर्फ पीओके के बारे में ही होगी।

श्री मोदी गुरुवार को यहां पलाना में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने दो टूक साफ कर दिया है कि हर आतंकवादी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, यह कीमत पाकिस्तान की सेना एवं अर्थव्यवस्था चुकायेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। अब भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। यह भारत का संकल्प हैं कि दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प से नहीं डिगा सकती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरुरी है। यह तभी संभव होगा जब भारत का कोना कोना मजबूत होगा। आज का यह कार्यक्रम भारत के तेज विकास का उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था, पहलगाम में गोलिया चली थी उन गोलियों में 140 देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे और कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिसतना को घूटने टेकने पर मजबूर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतकवाद के नौ सबसे बड़े ठिकानों को तबाह कर दिया। दुनिया ने यह देख लिया कि जब सिंदूर बारुद बन जाता हैं तो नतीजा क्या होता हैं। यह संयोग ही है कि पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयर स्ट्राइक की थी तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में सीमा पर हुई थी। वीर भूमि का ही यह सब है ऐसा संयोग बन जाता है। अब आपॅरेशन सिंदूर हुआ उसके बाद पहली जनसभा वीर भूमि राजस्थान की सीमा पर बीकानेर में हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चुरु में कहा था ह्लसौंगंध इस मिट्टी की, मै देश नहीं मिटने दूंगा। मैं देश नहीं झूकने दूंगा, आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता से कहना चाहता हू कि देश के कोने कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम चल रहा है। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया हैं। उन्होंने कहा कि जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज उस कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे आज वह मलबे के ढेर में दबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह शोध प्रतिशोध का खेल नहीं है यह न्याय का नया स्वरुप हैं, यह आपॅरेशन सिंदूर हैं। यह सिर्फ आक्रोश नहीं है, यह समस्त भारत का रुद्र रुप हैं, यह भारत का नया स्वरुप हैं। उन्होंने कहा कि पहले घर में घुसकर किया था वार, अब सीधा सीने पर किया प्रहार हैं। ● शेष पेज 11 पर

### आईसीयू में है पाकिस्तान का रहीम यार खान बेस

भारतीय वायुसेना के पाकिस्तान एयरबेस पर प्रहार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब मैं दिल्ली से यहां आया तो बीकानेर के नाल एयरबेस पर उतरा था। पाकिस्तान ने इस एयरबेस को भी नुकसान पहुंचाना चाहा था। लेकिन वो इस एयरबेस को रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका। और वहीं यहां से कुछ ही दूर बॉर्डर पार पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस है, पता नहीं आगे कब खुलेगा। अभी ये एयरबेस आईसीयू में पड़ा है। भारत की सेना के अचूक प्रहार ने इस एयरबेस को तहस नहस कर दिया है।

# पाकिस्तान से कोई भी संपर्क द्विपक्षीय ही होगा : भारत

एजेंसी



- तुर्की और चीन आतंकवाद को लेकर साफ रूख अपनाएं, भारत ने दी नसीहत

नयी दिल्ली। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत एवं पाकिस्तान के बीच लड़ाई रुकवाने का श्रेय लिए जाने पर गुरुवार को दोहराया कि पाकिस्तान से कोई भी संपर्क द्विपक्षीय ही होगा तथा आतंकवाद से स्थायी रूप से नाता समाप्त किये जाने के बाद ही कोई संपर्क हो सकता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में श्री ट्रंप के बयान पर एक सवाल के जवाब में कहा, ह्लअपनी पिछली ब्रीफिंग में, मैंने इस मुद्दे को संबोधित किया था। मेरे पास जोड़ने के लिए और कुछ नया नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लआप हमारी इस स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी संबंध द्विपक्षीय होना चाहिए। साथ ही, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि बातचीत और आतंक एक साथ नहीं चलते हैं। आतंकवाद के बारे में ही हम कुख्यात आतंकवादियों को भारत को सौंप जाने पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं जिनकी सूची कुछ साल पहले पाकिस्तान को प्रदान की गई थी। मैं इस बात को रेखांकित करना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर पर कोई भी द्विपक्षीय चर्चा केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र से कब्जा छोड़ने पर होगी। सिंधु जल संधि पर, यह तब तक स्थगित रहेगा जब तक कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से रद्द नहीं कर देता। हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है, 'जल और रक्त एक साथ नहीं बह सकते'। चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच चीन में त्रिपक्षीय वार्ता की पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने कुछ रिपोर्टें देखी हैं। मेरे पास बताने के लिए अभी कुछ नहीं है। प्रवक्ता ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के साथ बातचीत के बारे में कहा, ह्लहमने एक विज्ञप्ति जारी की थी। विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए कार्यवाहक विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया है। वे कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए। विदेश मंत्री ने झूठी और आधारहीन रिपोर्टों के माध्यम से भारत और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने के हालिया प्रयासों की उनकी कड़ी अस्वीकृति का भी स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने तुर्की के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा, हम उम्मीद करते हैं कि तुर्की दृढ़ता से पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ अपना समर्थन समाप्त करने ● शेष पेज 11 पर

# रणबांकुरों को छह कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र प्रदान किए

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरूवार को यहां रक्षा अलंकरण समारोह में सशस्त्र बलों , केन्द्रीय पुलिस बलों तथा राज्यों के पुलिसकर्मियों को वीरता तथा अदम्य साहस के लिए छह कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र प्रदान किये।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में दिये गये कुल पुरस्कारों में से चार कीर्ति चक्र और सात शौर्य चक्र मरणोपरांत प्रदान किये गये हैं। वीरता पुरस्कार अपनी जान की परवाह किये बिना कर्तव्य पालन के दौरान अदम्य साहस तथा अद्वितीय बहादुरी का प्रदर्शन करने वाले वीरों को दिये जाते हैं। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री तथा वरिषठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। ये पुरस्कार जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंकवाद विरोधी अभियानों से संबंधित विभिन्न अभियानों के दौरान बहादुरी के लिए दिये गये। इन अभियानों के दौरान खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया, उन्हें पकड़ा गया, तथा हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने समुद्री डकैती विरोधी अभियानों का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप समुद्री डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया और बंधकों को बचाया, साथ ही जलते हुए तेल टैंकर पर अग्निशमन अभियानों के दौरान भी बहादुरी का प्रदर्शन किया। भारतीय वायु सेना के पुरस्कार विजेताओं ने जान-माल के किसी भी नुकसान से ● शेष पेज 11 पर

# 25 डिप्टी एसपी के तबादले

लखनऊ। शासन ने 25 और पीपीएस अफसरों का तबादला गुरुवार को कर दिया। ये सभी डिप्टी एसपी हैं। इस फ़ेरबदल में डॉ. अजय कुमार सिंह को अमेठी से कुशीनगर, अरुण कुमार सिंह-5 को अमरोहा से महोबा, शैलेन्द्र सिंह को अयोध्या से औरैया, शक्ति सिंह को बदांयू से अमरोहा, हरीश सिंह भदौरिया को बागपत से मथुरा भेजा गया है। इसी तरह गाजियाबाद के एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह को नोएडा का एसीपी बनाया गया है। बलराम को गाजीपुर से भदोही, स्नेहा तिवारी झांसी से चन्दौसी, तनु उपाध्याय को कानपुर देहात से पीएसी कानपुर, लखनऊ के एसीपी शिवाजी सिंह को सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, आलोक सिंह-2 को मथुरा से बिजनौर, प्रवीण मलिक को मथुरा से शाहजहांपुर, रामसूरत सोनकर को प्रतापगढ़ से पॉवर कारपोरेशन लखनऊ, प्रदीप सिंह चंदेल को सोनभद्र से अम्बेडकरनगर, सुधीर कुमार तोमर को शाहजहांपुर से सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, श्रेष्ठा को शामली से बागपत, नीरज सिंह को सहारनपुर से सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, सुशील कुमार यादव ● शेष पेज 11 पर

# सारी सीमाएं पार कर रहा ईडी

## शराब दुकान लाइसेंस : टीएएसएमएसी के खिलाफ जांच पर सुप्रीम कोर्ट रोक

एजेंसी




नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में कथित भ्रष्टाचार को लेकर तमिलनाडु की खुदरा शराब कंपनी टीएएसएमएसी के खिलाफ धनशोधन की जांच पर बृहस्पतिवार को रोक लगाते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ''सारी सीमाएं'' पार कर रहा है और शासन की संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है।

राज्य सरकार और तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी) की याचिकाओं पर ईडी को नोटिस जारी करते हुए प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने धनशोधन रोधी जांच एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू से कहा, ''आपका प्रवर्तन निदेशालय सभी सीमाएं पार कर रहा है। ईडी को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की सख्त धाराओं के कथित दुरुपयोग को लेकर उच्चतम न्यायालय की कई पीठ द्वारा फटकार लगाई गई है। विपक्षी दलों ने भी सरकार के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पीएमएलए प्रावधानों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ विरोध जताया है। टीएएसएमएसी के खिलाफ ईडी की छापेमारी पर सवाल उठाते हुए सीजेआई ने कहा, ''प्रवर्तन निदेशालय (शासन की) संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है। पीठ ने राज्य सरकार और टीएएसएमएसी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अमित नंद तिवारी की दलीलों पर गौर किया तथा ईडी की ● शेष पेज 11 पर

### वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर अंतरिम रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित सभी पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी की अगुवाई में अंतरिम राहत की गुहार लगाई गई, जबकि केंद्र सरकार का पक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रखते हुए संशोधित कानून के के पक्ष में दलीलें पेश कीं। सुनवाई के दौरान सर्वश्री सिब्बल और अभिषेक सिंघवी की अगुवाई में याचिकाकर्ताओं ने विभिन्न दलीलों के माध्यम से नए प्रावधानों के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में आंधी-बारिश से 46 लोगों की मौत



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आई तेज आंधी व बारिश जबरदस्त कहर ढाया है। 24 घंटे में 46 लोगों की मौत होने की सूचना है। सबसे अधिक मौतें कासगंज, फतेहपुर में पांच-पांच और मेरठ व औरैया में चार-चार की हुई है। पेड़ और पोल गिरने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। दर्जनों ट्रेनों पर भी असर हुआ है। गाजियाबाद में दो, बुलंदशहर तीन, फिरोजाबाद एक, इटावा दो, अलीगढ़ एक, हाथरस एक, गौतमबुद्धनगर तीन, चित्रकूट एक, अंबेडकरनगर एक, अमेठी में एक व एटा में तीन मौतें हुई हैं। मथुरा में एक की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि पीड़ितों को तत्काल राहत पहुंचाई जाए और मुआवजा दिया जाए। राहत पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है।

अयोध्या और अमेठी में दीवार गिरने से एक-एक महिला की मौत हो गई। अंबेडकरनगर में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हुई। सुल्तानपुर में आकाशीय बिजली गिरने से मकान में आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति का पैर झुलस गया। इस दौरान दो मवेशियों की मौत हो गई। अयोध्या में भोर में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से ● शेष पेज 11 पर

# गति एवं गौरव के प्रतीक हैं अमृत स्टेशन : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- अमृत स्टेशन योजना के तहत यूपी के 19 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन
- कार्यक्रम में सीएम योगी ने लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से लिया हिस्सा
- प्रदेश के 19 स्टेशनों के कायाकल्प पर प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के 19 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प हुआ है। यह भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए इसे 'गति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीक' बताया है। उन्होंने कहा कि अमृत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं। अमृत भारत स्टेशन न केवल आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देंगे। एक्स पर सीएम ने बताया गति एवं गौरव का नया प्रतीक बीकानेर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के बाद लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आज राष्ट्र को समर्पित किए गए उत्तर प्रदेश के 19 अमृत स्टेशनों समेत देश के सभी 103 अमृत स्टेशन 'नए भारत' में विरासत के संरक्षण, विकास के संकल्प तथा 'गति एवं गौरव' के उत्तम समन्वय के नए प्रतीक हैं। देश भर में पुनर्विकसित ये अमृत स्टेशन ऐसे 'नए भारत' की संकल्पना को साकार करते हैं, जहां सुविधाएं, तकनीक और सांस्कृतिक गौरव एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। निश्चित ही ये अमृत स्टेशन क्षेत्र के विकास, स्थानीय संस्कृति के उन्नयन, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार में सहायक सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने यात्रियों को एकीकृत आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुलभ और आत्मीय यात्रा का अनुभव देने वाले इन अमृत स्टेशनों के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार जताया है। यूपी के इन 19 स्टेशनों का हुआ है कायाकल्प उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, बरेली सिटी, बिजनौर, फतेहाबाद, गोला गोकर्णनाथ, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा, इज्जतनगर, करछना, मैलानी, पुखरायां, रामघाट हॉल्ट, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सुरेमनपुर, स्वामिनारायण छपिया और उझानी स्टेशनों को इस योजना के तहत नया स्वरूप दिया गया है। इन स्टेशनों का पुनर्विकास यूपी में रेल यात्रियों के लिए सुगम और सुखद अनुभव सुनिश्चित करेगा। उत्तर प्रदेश के पुनर्विकसित स्टेशनों में आधुनिक सुविधाएं जैसे आधुनिक वेटिंग रूम, एस्केलेटर, लिफ्ट, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, डिजिटल डिस्प्ले, हरित ऊर्जा आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर और स्थानीय वास्तुशिल्प की झलक जैसे कई नवाचार किए गए हैं। ये स्टेशन न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन देंगे। 1100 करोड़ रुपये से हुआ है 103 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित इन 103 स्टेशनों को 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1,300 से अधिक स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय वास्तुकला को दर्शाने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मोदी सरकार में पिछले 11 वर्षों में 34 हजार किमी रेल पटरियां बिछाई गई हैं। साथ ही 47 हजार किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण ● शेष पेज 11 पर

### फसल नुकसान का आकलन कर अधिकारी तुरंत भेजें रिपोर्ट

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के मद्देनज़र संबंधित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश दिए हैं कि अधिकारी सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए तुरंत रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

# मुहम्मदी बेगम जैसी क्रांतिकारी महिलाओं की विरासत ही पसमांदा समाज की राह को रोशन करती है : अनीस मंसूरी

### पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने यौमे पैदाइश पर किया याद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । 22 मई को उर्दू साहित्य, समाज सुधार और महिला जागरूकता की पुरोधा मुहम्मदी बेगम की यौमे पैदाइश पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने याद करते हुए कहा, ''मुहम्मदी बेगम सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि भारतीय समाज की पसमांदा और वंचित तबकों की महिलाओं के आत्मसम्मान, शिक्षा और हक की पहली मज़बूत आवाज़ थीं। उन्होंने जिस दौर में महिला अधिकारों की बात की, वह दौर पर्दे, पाबंदी और परंपराओं की जंजीरों से जकड़ा हुआ था। उस दौर में तहज़ीब-ए-निस्वान जैसी पत्रिका निकालना अपने आप में एक बगावत थी। एक रौशनी थी, जो आज तक राह दिखा रही है।'' अनीस मंसूरी ने आगे कहा कि मुहम्मदी बेगम ने महज़ 30 साल की उम्र में तीस किताबें लिखकर यह साबित कर दिया कि महिला यदि शिक्षित हो और सामाजिक बदलाव की इच्छाशक्ति रखती हो, तो वह सदियों पुरानी परंपराओं को झकझोर सकती है। उनकी रचना 'शरीफ़ बेटी' आज भी बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर सबसे सशक्त आलोचना है। उन्होंने कहा, ल्लमुहम्मदी बेगम ने पसमांदा समाज की उस घुटन को शब्द दिए, जिसकी चर्चा तक उस समय मुमकिन नहीं थी। आज जब हम पसमांदा आंदोलन को सामाजिक न्याय की बुनियाद पर मज़बूत करने की कोशिश कर रहे हैं, तो हमें मुहम्मदी बेगम जैसी पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अनीस मंसूरी ने पसमांदा समाज से आह्वान किया कि मुहम्मदी बेगम के साहित्य और कार्यों को स्कूलों, मदरसों और सामुदायिक केंद्रों में पहुँचाया जाए, ताकि लड़कियों को प्रेरणा मिले और वे शिक्षा के ज़रिए आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि मुहम्मदी बेगम ने सिर्फ अशराफ महिलाओं की नहीं, बल्कि पसमांदा और तमाम वंचित तबकों की नारियों की आवाज़ बुलंद की थी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि उनकी उस क्रांतिकारी सोच को आज की पीढ़ी तक पहुँचाएं। अंत में अनीस मंसूरी ने कहा,ल्लमुहम्मदी बेगम की विरासत पसमांदा समाज की बहनों-बेटियों के लिए मशाल है। आज उनका यौमे पैदाइश एक अवसर है, अपने अंदर की मुहम्मदी बेगम को पहचानने का, और पसमांदा नारी जागरूकता की अलख को और ऊँचा करने का।

# पड़ोसी की जर्जर दीवार गिरने से बर्तन धो रही महिला दबकर हुई गंभीर घायल

### हादसे में घायल महिला को आनन-फानन में पड़ोसियों की मदद से अस्पताल में कराया गया भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बछरावा, रायबरेली। देर रात भारी बारिश व तूफान के चलते सुबह पहले से जर्जर दीवार बर्तन धो रही महिला के ऊपर गिर गई, जिसके नीचे महिला दबकर घायल हो गई जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बृहस्पतिवार सुबह 7 बजे विकास क्षेत्र बछरावा के ग्राम भवानी खेड़ा मजरे हसवा में घर के अंदर बर्तन धो रही एक महिला के ऊपर पड़ोसी की जर्जर दीवार गिरने से नीचे दबकर महिला घायल हो गई। महिला के परिजन एवं आस पड़ोस के लोगों के द्वारा दबी हुई महिला को कड़ी मशक्कत करने के बाद बाहर निकाला गया। एंबुलेंस की सहायता से उसे बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी प्राप्त हुई है पिंका पत्नी मुनेश जो अपने मायके में रह रही थी। पड़ोस में ही रहने वाले राम प्रताप पुत्र रामस्वरूप के घर की दीवार बनी है। जो दीवार काफी दिनों से जर्जर है। देर रात क्षेत्र में भयंकर बारिश व तूफान आने की वजह से दीवार और भी क्षतिग्रस्त हो गई। सुबह घर के अंदर महिला पिंका बर्तन धो रही थी , तभी उसके ऊपर दीवार अचानक भर भरा कर गिरने लगी जब तक वह कुछ समझ पाती तब तक दीवार के ईटों के नीचे दब गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे। जिनके द्वारा कड़ी मशक्कत करने के बाद दबी हुई महिला को बाहर निकाला गया। और उसे अस्पताल पहुंचाया गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले तथाकथित पत्रकार के विरूद्ध पुलिस से शिकायत

बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले तथाकथित पत्रकार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने बछरावां थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अधिवक्ता एवं भाजपा कार्यकर्ता हरिओम चतुर्वेदी पुत्र अमरनाथ चतुर्वेदी निवासी हसनगंज पोस्ट नीमटीकर थाना बछरावां जनपद रायबरेली ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि प्रतिपक्षी स्वयं को एक तथाकथित पत्रकार बताता है, और ''प्रतिनिधि काल चिंतन'' व ''कोई सताए हमें बताएं'' नाम से फ़ेसबुक आईडी चला रहा है। जिस पर आए दिन आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणियाँ करता रहता है। बीते दिनांक 21 मई 2025 को प्रतिपक्षी ने ''प्रतिनिधि काल चिंतन''नाम की फ़ेसबुक आईडी से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो का कार्टून पाकिस्तान जैसे तुच्छ व दुश्मन देश के प्रधानमंत्री के साथ डालकर अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी की है। जिससे हम सभी देशवासियों को गहरी ठेस पहुंची है। उक्त प्रतिपक्षी ने भारत के प्रधानमंत्री और भारत देश का अपमान किया। इससे पूर्व भी ''कोई सताए हमें बताएं'' नाम की फ़ेसबुक आईडी से उसके द्वारा देश के गौरवशाली सेना व प्रधानमंत्री के बारे में अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी भी की गई है। इसी कड़ी में उन्होंने यह भी बताया की हमारा बछरावां पुलिस से यही निवेदन है कि उक्त प्रतिपक्षी जो अपने आपको तथाकथित पत्रकार बताता है, और ऐसी तुच्छ घटनाएं कर रहा है। जिससे पत्रकार कौम भी अपमानित हो रही है। ऐसे व्यक्ति के ऊपर उचित एवं वैधानिक कार्यवाही करने की कृपा करें।

## हत्या का प्रयास वांछित अभियुक्त को खीरी पुलिस ने किया गिरफ्तार




प्रयागराज। थाना खीरी पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में एक वांछित अभियुक्त रामपूजन पाण्डेय पुत्र पारस नाथ पाण्डेय निवासी लेडीयारी बाजार को कूड़री तिराहा थाना खीरी से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ित भूपेन्द्र मिश्रा पुत्र कमला कंात मिश्रा निवासी लेडीयारी बाजार पर जान से मारने की नियत से दिनांक 17 मई 2025 को हमला किया था। पुलिस ने अभियुक्त को कुडरी तिराहे से गिरफ्तार किया और माननीय न्यायालय में पेश किया।गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित पर हमला किया था। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने मे मुख्य रूप से उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह, कांस्टेबल आकाश पाण्डेय शामिल रहे

## नगर निगम ने कई जोनों में चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-5, 6, 7 और 8 में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। जोन-5 में नादरगंज से आलमबाग तक बड़े इलाके में अवैध रूप से लगे ठेले, काउंटर आदि जब्त किये। वहीं जोन-6 में नक्खास, अकबरी गेट, एग्जान स्कूल, कुड़िया घाट आदि इलाके में अभियान चलाया गया। जोन-7 में खलीफा होटल से नौबस्ता पुलिया तक बैनर, पोस्टर आदि व झोपड़ियां, टीन शेड को हटाया गया उसके अलावा जोन-8 में खजाना चौराहा से बंगला बाजार चौकी तक अभियान चलाया गया।बॉक्स - लगातार कार्रवाई के बावजूद शहर में डटा है अतिक्रमणनगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाए जाने के बावजूद लखनऊ में अतिक्रमण का समाधान हमेशा के लिए नहीं हो पा रहा है। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के दूसरे या तीसरे ही दिन पुनः ठेले, गुमटियां और अवैध निर्माण बार-बार उभर रहे हैं जिससे यातायात और शहर की साफ-सफाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में नगर निगम द्वारा स्थायी समाधान की जरूरत बनी हुई है।

## पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान संदिग्ध व्यक्तियों की हुई जांच



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। हेलमेट, संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग किया गया ( प्रयागराज) हेलमेट और संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन की जांच थाना प्रभारी निरीक्षक थाना कोरांव पुलिस द्वारा समय समय पर की जा रही है, जिसमें सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।हेलमेट के संबंध में, यह सुनिश्चित करने के लिए कि लोग सड़कों पर सुरक्षित हैं, हेलमेट पहनने के नियमों का पालन करना आवश्यक है।संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की जांच के संबंध में, पुलिस द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ताकि अपराध को रोका जा सके और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।वाहन चेकिंग मे प्रभारी निरीक्षक के अलावा उप निरीक्षक सेवा लाल कांस्टेबल बृजेश कुमार राय समेत अन्य पुलिस बल कस्बा कोरांव मे मौजूद रहे

# आंधी तूफान में पड़ोसी के घर में पीड़िता का छप्पर गिरना पड़ा भारी

### पड़ोसी ने पीड़िता को लात घूसों से मारपीट कर किया घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी अंतर्गत गरीब का पुरवा मजरे राघवपुर गांव में बीती रात आए आधी, तूफान व बारिश में पीड़िता के घर का छप्पर उड़कर पड़ोसी के घर में गिरने के बाद पड़ोसी ने पीड़िता महिला की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद पुलिस के द्वारा उसका मेडिकल व इलाज अस्पताल में कराया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की सुमन पत्नी रामकेश ने स्थानीय थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीती रात आए आधी, तूफान व बारिश में उसका छप्पर पड़ोसी राम दयाल पुत्र अज्ञात निवासी उपरोक्त के घर में गिर गया जिससे पड़ोसी आग बबूला हो गया और उसने पीड़िता महिला की जमकर धुनाई कर दी। साथ ही साथ उसने यह भी बताया कि पड़ोसी ने उसे लात घुसो से तो मारा ही साथ ही साथ उसके वह उसके पारिवारिक जनों को भद्दी भद्दी गलियां भी दी। जिसकी शिकायत उसने प्रार्थना पत्र के माध्यम से स्थानीय थाने में दर्ज कराई है। जिसके पश्चात पुलिस के द्वारा घायल महिला का इलाज व मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में कराया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि घटना के तहरीर प्राप्त हुई है घायल का इलाज व मेडिकल कराकर आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

# छह बच्चों की मां जेवरात लेकर भांजे के साथ घर से हुई फरार

### पीड़ित अपने बच्चों को लेकर पहुंचा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। कोतवाली सदर क्षेत्र की 'उम्मीदों का शहर' कॉलोनी से एक महिला घर छोड़कर चली गई। पीड़ित पति हसीन अहमद ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। हसीन के मुताबिक, 4 मई को दोपहर करीब 12 बजे उनकी पत्नी शहजादी को उनका भांजा छोटू बहला-फुसलाकर ले गया। छोटू कानपुर के बिठूर थाना क्षेत्र में बिदूर माता प्रसाद बिल्डिंग के पीछे रहता है शिकायत में बताया गया कि शहजादी अपने साथ घर में रखा कीमती सामान भी ले गई। इनमें प्रार्थी की शादीशुदा बेटी साजिया के जेवर, बीस हजार रुपये नकद और उनकी मां के जेवरात शामिल हैं। हसीन के छह बच्चे हैं, जिनकी देखभाल वह अकेले कर रहे हैं। पत्नी के अचानक चले जाने से परिवार की स्थिति खराब हो गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने कोतवाली सदर पुलिस को तुरंत जांच करने और कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि उनकी पत्नी को ढूंढा जाए, सारा सामान वापस दिलाया जाए और आरोपी युवक पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## खाटू श्याम दर्शन जाते वक्त सड़क हादसे में मां व दो बेटों की मौत, गांव में पसरा मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरदोईया निवासी रामबाबू की पत्नी ललिता देवी व दो बेटे राहुल और नितिन की खाटू श्याम दर्शन के दौरान हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा गुरुवार को राजस्थान में मनोहरपुर (दौसा) स्थित जयपुर हाईवे पर हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक का टायर फट गया और अनियंत्रित हो गया तभी पीछे से आ रही कार ट्रक में जा टकराईं । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।हृदय विदारक हादसे की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। शोक संवेदना प्रकट करने पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर और सपा सांसद प्रतिनिधि/विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा है।इस दुखद अवसर पर पूर्व प्रधान अत्ताउर रहमान, गजराज रावत, हरीशंकर रावत सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। घटना ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया है।


**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस संख्या – 51255336 दिनांक: 22.05.2025**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51255336 | Supply, Installation and Commissioning of Pressurized Flushing System for all LHB Coaches as per Specification MMDTS-19027 Rev.3. | 400 Set | 20.06.2025 |

**निविदा शर्तें**– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

1507/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर सीएमओ पर लग रहे गंभीर आरोप

### विधायक प्रभात वर्मा ने सीएमओ रश्मि वर्मा पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। योगी सरकार में गोंडा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर चल रही है।व्यवस्था में बदलाव को लेकर इस विभाग पर न तो जनप्रतिनिधियों का कोई जोर चल रहा है और न ही शासन का कहीं कोई हनक दिख रहा है।शासन के तमाम निर्देश भी विभाग में ताख पर ही रखे गए हैं।हालात है कि यो गी सरकार अपने आदेशों का ही अनुपालन नहीं क रा पा रही है।नतीजा स्वास्थ्य विभाग में पूरी व्यव स्था मनमानी ही चल रही है।वस्तु स्थिति है कि जि ले की सीएमओ पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगाए गए लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई,ऐसे हालात में जिला मुख्यालय पर स्थापित अस्प तालों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सीएचसी व पीएच सी की व्यवस्था भी बस किसी तरह से चलाई भर जा रही है।इसमें चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की घो र कमी व्यवस्था को और भी पलीता लगाने का का म कर रहा है।इसमें जो हैं भी वो मनमाने तरीके से ही काम कर रहे और उन पर नियंत्रण करने वाला कोई नहीं है।ऐसे में यहां अस्पतालों में न तो दवाएं मौजूद हैं और न ही चिकित्सक ही तैनात हैं एनए म और फार्मासिस्ट के भरोसे अस्पताल चल रहे हैं।

### जिले की स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त

जनप्रतिनिधियों ने बदहाल चिकित्सा व्यवस्था के संदर्भ में कई बार कड़े रुख अख्तियार किए फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वास्तव में यहां की चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त है।इसे ठीक करने के लिए सीएमओ से कई बार कहा गया ले किन कोई सुधार नहीं हुआ है,कहा मुझे यह कह ने में तनिक भी हिचक नहीं है कि शासन व प्रशासनि क स्तर से स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने के लिए सा र्थक प्रयास नहीं हो पा रहे हैं। विभाग में भ्रष्टाचार के च लते रोज नए-नए खेल हो रहे हैं।जिले में अस्पता लों के इतने बड़े जाल के बाद भी यहां ए काध को छोड़कर कहीं भी रात में स्वास्थ्य व चिकित्सा व्यव स्था मिलना नामुमकिन है।हालात है कि रात में य हां किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक व स्टाफ नहीं रुकते।बड़ी बात है कि इसमें दूरदरा ज के कु छ सीएचसी-पीएचसी तो ऐसे भी हैं जहां दिन में भी चिकित्सकों के दर्शन मुश्किल से ही हो ते हैं। जुगाड़ के दम पर इनकी हाजिरी लगने के सा थ वेतन का भुगतान भी होता है लेकिन इस पर कि सी की नजर तक नहीं जाती।इस तरह के हालात में यहां लोगों को इलाज की व्यवस्था निजी चिकि त्सकों व नीम-हकीमों के यहां ही मिल पाती है।

### घोटालों से नहीं उबर पा रहा स्वास्थ्य विभाग

स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से होती आ रही अनियमि तता व घोटालों से इसका छपड आज भी टूट नहीं पा रहा है।विभाग में चिकित्सकों की तैनाती से ले कर उनकी उपस्थिति तक को लेकर वसूली का लं बा खेल चलता है।सूत्र बता रहे हैं इसमें सीएमओ से लेकर अकाउंट विभाग तक की भूमिका तो स बसे संवेदनशील है फिर भी यहां वर्षों से तैनात लि पिक को आज तक हटाया नहीं जा सका है। सूत्र बता रहें है की चिकित्सकों की गैर हाजिरी के बाद भी एकाउंट विभाग से उनका वेतन अनवरत देने का खेल यहां काफी पूर्व से चल रहा तो आज भी बदस्तूर जारी है।इसके अलावा अन्य योजनाओं आदि में कहे तो यहां घोटालों की फ़ेहरिस्त काफी लंबी-चौड़ी है जो आज भी कई परतों में दबा है। ऐसे में यहां जब तक पुराने जड़ों को उखाड़ने के साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी तब तक सुधार संभव नहीं होगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा नोटिस**

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा संख्या **145-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS** की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि **20.06.2025** समय **(11:30 बजे)** दो पैकेट प्रणाली के तहत **'ई–टेंडर'** आमंत्रित किया जाता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| NIT. संख्या | 145-Dy.CEEC-LKO-2025-26 दिनांक 22.05.2025 | | | | |
| निविदा संख्या | 145-Dy.CEEC-LKO-2025-26 | | | | |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के काशी यार्ड रीमॉडलिंग चरण–II और काशी–वाराणसी सेक्शन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में मौजूदा ओएचई के संशोधन सहित 50 हर्ट्ज, 2x25 केवी ओएचई के डिजाइन, आपूर्ति निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, साथ ही वाराणसी–पंडित दीन दयाल उपाध्याय सेक्शन में काशी स्टेशन पर 2x25 वेदी Sub-Sectioning और Paralleling Post का प्रावधान। | | | | |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं | लगभग निविदा मूल्य | ₹14,33,71,400.48 (रुपए चौदह करोड़ तैंतीस लाख इकहत्तर हजार चार सौ और अड़तालीस पैसे मात्र) | | |
| बोली सुरक्षा/ अग्रिम राशि (EMD) | ₹ 8,66,900/- | समापन की अवधि | 18 (अठारह) माह | ऑफर की वैधता | 90 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 22.05.2025 | जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/ परिशिष्ट/ संशोधित तिथि नोट कर सकता है | 06.06.2025 | | |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 20.06.2025 (11.30 बजे) | पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार | | |

**ध्यान दें:** **(i)** ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय **IREPS** वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। **(ii)** सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। ''अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्टटेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।''

**No. 145-Dy.CEEC-LKO-2025-26** **दिनांक 22.05.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **1506/2025**

# सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज के विद्यार्थी हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज में 9वीं से 12वीं कक्षा के टॉप छात्र-छात्राओं के लिए सिद्दीकी सभागार में एक शानदार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप जलाकर हुई और फिर सर्वधर्म प्रार्थना और स्वागत नृत्य के साथ अतिथि का स्वागत किया गया। इस मौके पर स्कूल के 73 मेधावी छात्रों को उनकी शानदार पढ़ाई के लिए पुरस्कृत किया गया। 9वीं से 12वीं तक के टॉपर्स को पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने के लिए 5000, व 3000 और 2000 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ सर्टिफिकेट दिए गए।12वीं कक्षा में मोहम्मद साद खान ने 80.80% अंकों के साथ पहला, अक्सा नाज ने 78.40% के साथ दूसरा और उमर अब्दुल्ला ने 78.20% के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 10वीं कक्षा में मंतशा इस्लाम ने 78.33% के साथ पहला, अलफिसा परवीन ने 88.38% के साथ दूसरा और निदा जमाल ने 87.66% अंकों के साथ तीसरा स्थान पाकर इन बच्चों ने स्कूल का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने स्कूल के तमाम टीचर्स की तारीफ के साथ प्रबंधक आमिर सिद्दीकी के काम को सराहा। उन्होंने कहा कि इस इलाके में स्कूल का इतना अच्छा काम और बच्चों की मेहनत काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने बच्चों को बधाई दी और आगे और मेहनत करने को कहा।स्कूल के प्रिंसिपल कौसर हुसैन रिजवी ने अतिथि को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ खत्म हुआ। यह समारोह बच्चों के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत बना और स्कूल की पढ़ाई की ऊंची गुणवत्ता को दिखाया।

# नगर आयुक्त ने किया बैकुंठधाम का दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम ने बैकुंठधाम विद्युत शवदाह गृह की सेवाओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। शवदाह गृह में दो प्लेटफॉर्मों में से एक वर्तमान में पूरी तरह कार्यरत है, जबकि दूसरे प्लेटफॉर्म का मैंटेनेंस कार्य प्रगति पर है। नगर निगम ने बताया कि यह कार्य आगामी सोमवार तक पूरा हो जाएगा, जिसके बाद दोनों प्लेटफॉर्म पूर्ण क्षमता के साथ संचालित होंगे।नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बुधवार को बैकुंठधाम का दौरा कर विद्युत शवदाह गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि एक प्लेटफॉर्म पर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है, जबकि दूसरे प्लेटफॉर्म पर मरम्मत कार्य जारी है। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। चीफ इंजीनियर (आरआर) मनोज कुमार प्रभात ने बताया कि दूसरे प्लेटफॉर्म का मैंटेनेंस कार्य अंतिम चरण में है और सोमवार तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दोनों प्लेटफॉर्म सामान्य रूप से अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के लिए उपलब्ध होंगे। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि एक प्लेटफॉर्म के कार्यरत होने के कारण शवदाह गृह की सेवाएं बाधित नहीं हुई हैं। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया विधिपूर्वक जारी है और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही।नगर निगम ने यह भी बताया कि शवदाह गृहों की तकनीकी सुचारुता के लिए समय-समय पर रख रखाव आवश्यक है। भविष्य में भी नियमित मैंटेनेंस सुनिश्चित किया जाएगा ताकि तकनीकी समस्याओं से बचा जा सके और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया निर्बाध रूप से चलती रहे। लखनऊ नगर निगम की यह पहल शहरवासियों के लिए सुविधाजनक और निर्विघ्न सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## उप्रः एटीएस ने वाराणसी से किया संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने वाराणसी में जैतपुरा इलाके से संदिग्ध पाकिस्तानी जासूसी तुफैल को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन ?तहरीक ए लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो को वाट्सएप ग्रुप में शेयर करने, बाबरी मस्जिद का बदला लेने, गजवा ए हिन्द करने, भारत में शरीयत लागू करने जैसे संदेशों को तुफैल ने साझा किया था। एटीएस के मुताबिक पाकिस्तान के वाट्सएप ग्रुप का लिंक तुफैल ने कई लोगों को साझा किया था। तुफैल करीब छह सौ से अधिक पाकिस्तानी नम्बरों के सम्पर्क में था। तुफैल ने राजघाट, नमो घाट, ज्ञानवापी, रेलवे स्टेशन, जामा मस्जिद के चित्र एवं जानकारी पाकिस्तानी नम्बरों पर साझा की थी। गिरफ्तारी के बाद एटीएस के अनुसार तुफैल का हाल पता दोषीपुरा, थाना जैतपुरा है। उसके पिता का नाम मकसूद आलम है। उसके पास से मोबाइल एवं सिम कार्ड बरामद हुए है, जिसकी यूपी एटीएस जांच कर रही है।

# मिल्कीपुर विधायक का बिगड़ा स्वास्थ्य दुबारा अस्पताल में हुए भर्ती

**फोन के माध्यम से साध रहे जनता से सीधा संपर्क**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर से विधायक चन्द्रभानु पासवान का लखनऊ के मेदांता अस्पताल में एक माह पूर्व हुए ऑपरेशन प्रक्रिया के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेडरेस्ट की सलाह दी थी लेकिन फिर से स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण उनके परिजनों व शुभचिंतकों ने आनन फानन में दोबारा मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं विधायक से मुलाकात कर लौटे इमरान ख़ान ने बताया कि जो विरोधी लोग विधायक के लिए अफ़वाह फैला रहे थे कि मिल्कीपुर विधायक बीमारी का बहाना करके जनता से दूरी बनाए हुए है वो सभी लोग बेनक़ाब हो चुके है। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि इस परिस्थिति में भी विधायक फोन के माध्यम से सबके संपर्क में है। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार आरिफ मुकीम भी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा शौर्य यात्रा सेना को समर्पित : अमरेश रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज लखनऊ ।मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत व पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करते हुए ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा शौर्य यात्रा धूमधाम से निकाली गई यात्रा के दौरान जय जवान, भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाते हुए शौर्य यात्रा में देश भक्ति के प्रति उत्साहित भारी संख्या में महिलाएं,भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। मोहनलालगंज भाजपा विधायक अमरेश रावत व पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को मोहनलालगंज ब्लॉक के पास स्थित भाजपा कार्यालय से पऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर शौर्य तिरंगा यात्रा धूमधाम से निकली गई इस यात्रा में डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गीतों के साथ हाथ में तिरंगा लिए नारा लगाते हुए महिलाओं, युवाओं व क्षेत्रीय लोगों में भारी उत्साह के साथ देशभक्ति की झलक दिखाई दी। तिरंगा यात्रा का समापन कालेवीर बाबा मंदिर में किया गया। कार्यक्रम में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में हुए बलिदानियो का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इतिहास में पहली बार परमाणु हथियार से संपन्न देश के ऊपर देश की सेना द्वारा ऐसी कार्रवाई की गई है जिससे दुश्मन देश घुटनों के बल गिर गया भारतीय वायुसेना ने कार्रवाई कर पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और उनके एयरबेस को ध्वस्त कर दिया। वहीं भाजपा विधायक अमरेश रावत में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा शौर्य यात्रा न केवल सैनिक बलों के पराक्रम को समर्पित है बल्कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सशक्त होते भारत की एक झलक भी प्रस्तुत करती है। ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट कर दिया है कि आज का भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और उनके सम्मान के लिए किसी भी स्तर तक जाने में सक्षम है। तिरंगा यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस तिरंगा यात्रा में जिला अध्यक्ष सहकारिता वीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, भाजपा नेता विनोद सिंह, महामंत्री अंजनी शुक्ला अभय प्रताप सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की गरिमा आनंद, पूनम सिंह, शालिनी सिंह, प्रदीप सिंह, अभय सिंह, प्रधान सभासद सोनू शर्मा सभासद प्रतिनिधि सतेंद्र पाल, अशोक तिवारी, नागेश्वर द्विवेदी, सुदीप सिंह, गौरा सहकारी समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह , योगेंद्र सिंह छोटू अरविंद सिंह ( मुख़्तार ) पूर्व प्रधान राघवेंद्र यादव रामकुमार ,बाबू सहित भारी तादाद में महिलाएं पुरुष व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं यातायात और सुरक्षा व्यवस्था में एसीपी रजनीश वर्मा इंस्पेक्टर डीके सिंह कस्बा चौकी प्रभारी वीर बहादुर दुबे भारी संख्या में पुलिस बल के साथ तिरंगा शौर्य यात्रा में मौजूद रहे।

# नटकुर में पीडीए चौपाल का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर,लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के नटकुर ग्रामसभा में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव त्रिवेणी पाल द्वारा आयोजित पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल मुख्य अतिथि के रूप में सामिल हुए उन्होंने अपने सम्बोधन में पीडीए समाज को एकजुट होकर सामंत वादी विचारधारा की सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान किया और कहा कि समाज का हर वो व्यक्ति पीडीए में है जो सामाजिक तौर पर पिछड़े हैं या पीछाड़े गए हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, रामावतार धीमान, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज पाल नें अपने अपने विचार रखे।इस मौके पर शशिलेन्द्र यादव,बलवंत लोधी, सुनील यादव, हनुमान पाल, अरविंद पाल, राजेश यादव, भगवानदीन, श्यामसिंह, पवन लोधी, राहुल शर्मा, श्रीमती तारा देवी,श्रीमती किरन, श्रीमती ऊषा, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने शिवपुरी इटौंजा मार्ग के चौड़ीकरण का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । गुरुवार को बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेंत्र के इटौंजा में विधायक योगेश शुक्ला ने दस किलो मीटर लंबी और सात मीटर चौड़ी सड़क के चौड़ीकरण का शिलान्यास किया।इस मौक़े पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इटौंजा से शिवपुरी होते हुए कठवारा तक जाने वाली यह सड़क अभी तक कम चौड़ी जो तीन मीटर चौड़ी थी जिस पर डबल वाहन नही क्रॉस हो पाते थे और लोगों को समस्याओं से दो चार होना पड़ता था लेकिन अब जनता को समस्याओं से नही जूझना पड़ेगा।उन्होंने बताया कि चंद्रिका देवी मंदिर जाने वाले भक्तों के लिए भी यह सड़क काफ़ी राहत प्रदान करेगी।सीतापुर, लखीमपुर सहित आसपास के अन्य जनपदों के भक्त हर महीने अमावस्या पर हजारों की संख्या में उनको काफ़ी दूरी तय कर बख्शी का तालाब से होकर जाना पड़ता था लेकिन यह सड़क बन जाने से उन लोगों को काफ़ी राहत प्रदान करेगी और क्षेंत्रीय लोगों को इससे काफ़ी रोज़गार और व्यापार बढ़ेगा।इस सात मीटर चौड़ी और दस किलो मीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण तेईस करोड़ रुपए की लागत से होगा।वही विधायक ने नारियल व भूमि पूजन कर सड़क चौड़ी करण का शिलान्यास किया।इस मौक़े पर इटौंजा नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश अवस्थी कमल,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप,बीजेपी किसान मोर्चा ज़िला अध्यक्ष अतुल मिश्रा,मदन मोहन मिश्रा,लोकनिर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नगर निगम व जलकल विभाग की कार्यप्रणाली से परिचित हुए प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दो प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों तेजस कृष्णा और अक्षय दीपक ने गुरुवार को लखनऊ नगर निगम मुख्यालय, स्मार्ट सिटी वार रूम, जलकल विभाग और कठौता झील का दौरा किया। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त के नेतृत्व में उन्हें नगर निगम की कार्यप्रणाली, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, जल आपूर्ति और शहरी सेवाओं की जानकारी दी गई। स्मार्ट सिटी वार रूम में अधिकारियों को ट्रैफिक, सुरक्षा, पर्यावरण निगरानी, कचरा प्रबंधन और शिकायत निवारण जैसी तकनीकी प्रणालियों के बारे में बताया गया। जलकल विभाग में जीएम कुलदीप सिंह ने जल आपूर्ति और रखरखाव की प्रक्रिया समझाई। कठौता झील के दौरे में अधिकारियों को इसके दो क्षेत्रों में जल आपूर्ति के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षु अधिकारियों ने इस दौरे को उपयोगी बताते हुए नगर निगम की तकनीकी प्रगति और योजनाओं की सराहना की और कहा यह अनुभव उनके प्रशासनिक ज्ञान को और समृद्ध करेगा।

# हीट वेव से बचाव के लिए 1090 चौराहे पर कूलिंग पॉइंट शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गर्मी और हीट वेव से बचाव के लिए नगर निगम लखनऊ ने 1090 चौराहे पर कूलिंग पॉइंट शुरू किया है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर नगर आयुक्त गौरव कुमार और कई पार्षद मौजूद रहे। शहर के अन्य स्थानों जैसे जीएसटी भवन, जीपीओ विधानसभा मार्ग, भार्गव पेट्रोल पंप रोड और नगर निगम मुख्यालय पर भी कूलिंग पॉइंट बनाए गए हैं। इनमें कूलर, पंखे, ठंडा पानी और गुड़ जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, 25 रैनबसेरों में ठंडे पानी और आराम की व्यवस्था की गई है। जलकल विभाग के सहयोग से 150 से ज्यादा जगहों पर मटकों में ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया है। महापौर की इस पहल की शहरवासियों ने सराहना की है। नगर निगम भविष्य में और कूलिंग पॉइंट्स बनाने की योजना बना रहा है।

**विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कार्यकर्ताओं में जगाया जोश**

# सरोजनीनगर दक्षिण प्रथम मंडल पदाधिकारी सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ''मजबूत संगठन, सशक्त राष्ट्र, हर कार्यकर्ता - विजयी भारत की नींव!'' इसी समर्पण भाव के साथ सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में नित नयी योजनाओं को संचालित करने के साथ संगठन को भी सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। इसी क्रम में विधायक द्वारा वृहस्पतिवार को गौरी स्थित होटल डीवीएसआर में 'सरोजनीनगर दक्षिण प्रथम मंडल पदाधिकारी सम्मेलन' एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाल के दौरान उपस्थति अधिकाँश मंडल पदाधिकारियों - कार्यकर्ताओं, निगम पार्षदों के साथ बैठक कर संगठन को अधिक सुदृढ़, समावेशी बनाने की दिशा में गहन मंथन किया। साथ ही सभी मंडल पदाधिकारियों - कार्यकर्ताओं को विधानसभा में संचालित विकास कार्यों से अवगत कराया और विकास कार्यों से सम्बंधित विवरणिका भी प्रदान की गयी।

कार्यशाला के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से पूरी दुनिया ने सुपर सोनिक क्रूज़ मिसाइल ब्रह्मोस का शौर्य देखा। ब्रह्मोस मिसाइल में पाकिस्तान में 100 किमी अन्दर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। अब सरोजनीनगर में ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन शुरू हो गया है, अब सरोजनीनगर में बनी ब्रह्मोस का शौर्य पूरी दुनिया देखेगी। डॉ. सिंह ने आगे जोड़ा डिफेंस कॉरिडोर परियोजना से सरोजनीनगर रक्षा उत्पादन का हब बन रहा है, डीआरडीओ लैब की स्थापना से सरोजनीनगर में रक्षा अनुसंधान को मिलेगा नया आयाम मिला है। विधायक ने बताया सरोजनीनगर में प्रदेश की सबसे बड़ी ईवी फैक्टरी अशोक लीलैंड का उत्पादन शुरू हो गया है, जहाँ प्रतिवर्ष 2500 बसों का उत्पादन होगा। विधायक ने आह्वान करते हुए कहा, भविष्य के लिए हमें मजबूत रहना होगा, सैन्य ताकत के रूप में ही नहीं जातिगत और भाषागत विभाजन से भी बचकर एकता बनाये रखना होगा। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की विचारधारा आक्रान्ताओं के मुगलों के महिमा मंडन की है, उन्होंने किताबो में अकबर को महान पढाया, सपा नेता औरंगजेब, बाबर की प्रसंशा करते हैं। कांग्रेस पार्टी ने कभी बाबा साहेब ने डॉ. अम्बेडकर को चुनाव नहीं जीतने दिया, उन्हें मंत्रिपरिषद से इस्तीफ़ा देने को मजबूर किया।

**सरोजनीनगर में आयोजित हुई शौर्य तिरंगा यात्रा**

ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत के वीर जवानों की शौर्य की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुँचाने हेतु देश भर में तिरंगा यात्रा आयोजित है। इसी क्रम में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शीतला माता मंदिर बिजनौर से हनुमान मंदिर सरवन नगर तक शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के दौरान सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह हाथों में तिरंगा थामें, पूरी रास्ते भर युवाओं में जोश का संचार करते रहे।

### जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए दिए सख्त निर्देश

# डीएम ने किया सिटी पावर हाउस एवं उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददात

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज नगर क्षेत्र स्थित संतोषी माता मंदिर के समीप सिटी पावर हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करना तथा वर्तमान में चल रही कर्मचारियों की हड़ताल के चलते वैकल्पिक व्यवस्थाओं की पड़ताल करना रहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी प्राप्त हुई कि कुल 19 विद्युतकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। इस पर उन्होंने गहनता से पूछताछ करते हुए यह जाना कि उनकी अनुपस्थिति में कौन-कौन कर्मचारी कार्यरत हैं और विद्युत आपूर्ति के संचालन की जिम्मेदारी किसे दी गई है। उन्होंने विद्युत आपूर्ति रोस्टर रजिस्टर का अवलोकन किया तथा उसमें की गई प्रविष्टियों की गहन जांच की।

जिलाधिकारी ने सिविल लाइन एवं लालबाग फीडर की क्षमता, वर्तमान लोड तथा आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की बिजली कटौती या आपूर्ति में व्यवधान का सामना न करना पड़े। उन्होंने ट्रांसफार्मर की इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर लाइन की स्थिति की भी जानकारी ली और निर्देश दिया कि विद्युत क्षमता में कोई कमी न आने पाए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी आनंद ने पावर हाउस परिसर में स्थापित उपभोक्ता सेवा केंद्र व बिल जमा काउंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित उपभोक्ताओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन बिल भुगतान प्रणाली को अधिक सुलभ व जनसामान्य के लिए सुलभ बनाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उपभोक्ताओं द्वारा पुराना सीतापुर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में अनियमितता की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त क्षेत्र में निर्बाध व सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था लागू की जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्युत उपकेंद्र भवानीपुर का भी औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने नेरिकला, चमखर, नगरा, कटीली, रामनगर तथा शास्त्रीनगर फीडर की आपूर्ति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन फीडरों से जुड़े सभी ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बनी रहे। साथ ही उन्होंने विद्युत लाइनों की नियमित पेट्रोलिंग करने और किसी भी संभावित फॉल्ट की स्थिति में त्वरित सुधार कार्य हेतु आपातकालीन टीमों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा।निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मानव संसाधन और तकनीकी व्यवस्था पूर्व से ही सक्रिय अवस्था में रहे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आपूर्ति में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव, अधिशाषी अभियंता विद्युत समेत विद्युत विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कालिया नाग व गोवर्धन पर्वत की महिमा का वर्णन करते हुए श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददात



जहांगीराबाद (सीतापुर)। विगत सोलह मई से क्षेत्र के फरदापुर गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का वृहस्पतिवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर हवन पूजन आरती के पश्चात एक विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया जिसमें देर?रात? तक श्रद्धालु श्रोता भक्त प्रसाद ग्रहण करते रहे। यह श्रीमद्भागवत कथा राजकुमार वर्मा द्वारा करायी गयी।इस मौके पर कथा की अंतिम बेला में मूड़ा बरगावां से पधारे पंडित कपिल महाराज ने उपस्थित श्रोता भक्तों को वृंदावन में कालिया नाग और गोवर्धन पर्वत की मार्मिक कथा सुनायी जिसको सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। दोपहर हवन पूजन के बाद शाम से ही विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया जिसमें देर?रात तक भक्तों का प्रसाद ग्रहण करने का क्रम चलता रहा। पं0 कपिल महाराज ने कालिया नाग की कथा सुनाते हुये कहा कि कालिया नाग ने यमुना नदी में आतंक मचा रखा था। अपना निवास बना लिया था और उसके विष से नदी का जल जहरीला हो गया था। नदी के आसपास के लोगों और जानवरों को खतरा हो गया था। भगवान श्री कृष्ण ने कालिया नाग के आतंक को समाप्त करने का निर्णय लिया और यमुना नदी में कूद गये। कालिया नाग ने कृष्ण पर हमला किया लेकिन कृष्ण ने उसे अपने पैरों से नाचने पर मजबूर कर दिया। कालिया नाग ने श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी। कृष्ण ने कालिया नाग को जीवन दान दिया और उसे यमुना नदी छोड़ कर समुद्र में जाने का आदेश दिया। गोवर्धन पर्वत का महात्म्य बताते हुए पं0 कपिल महाराज ने कहा कि गोवर्धन पर्वत का महात्म्य भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी लीलाओं से जुड़ा हुआ है जो भक्तों के लिए एक तीर्थ स्थल भी है। भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर पूरे बृजवासियों की रक्षा की थी तथा इंद्र के कोप से उन्हें बचाया था।यह प्रसंग सुनकर श्रोता भक्त मंत्र मुग्ध हो गये। श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। देर रात तक श्रोता भक्त श्रीकृष्ण जी की भक्ति रस में गोते लगाते रहे।इस मौके पर कथा व्यास पं0कपिल महाराज व उनके वाद्य सहयोगी,आयोजक राजकुमार वर्मा, राम सजीवन वर्मा, सुशील कुमार वर्मा, विशाल, विवेक, बच्छराज, हंसराज, धर्मराज, प्रेम शंकर, रामेंद्र, मोहित, शिवम, कार्तिक, अनूप, लवकुश, अनुज, यीशू, अनुराग,आयुष,अंकुश, अनू एवं अनन्या वर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

मानपुर(सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके में संदिग्ध हालात में युवक का शव सड़क पर पड़ा मिला। युवक के हाथ में फ्रेक्चर व गर्दन पर कटे का निशान है। पुलिस ने शव को पी एम के लिए भेज दिया है। धर्मेंद्र कुमार (30) निवासी बजेहरा का शव गुरुवार को तिरकोलिया गांव के पश्चिम रोड पर पड़ मिला। धर्मेंद्र के पिता मनोहर ने बताया कि सोमवार को धर्मेंद्र लखनऊ मजदूरी करने गया था। धर्मेद्र का बड़ा भाई विजय लखनऊ में जूस की दुकान चलाता है। विजय का कहना है बुधवार को धर्मेंद्र करीब 11 बजे लखनऊ से घर के लिए निकला था। मनोहर का कहना है कि जब बुधवार को उससे बात की थी तो उसने कहा था शाम को घर आ जाऊँगा। मनोहर ने बताया आज करीब 8 बजे पुलिस का फोन आया कि तुम्हारे लड़के की लाश रोड पर पड़ी है। मनोहर ने बताया मृतक के दाहिने हाथ की हड्डी बाहर निकल आई है। गर्दन पर कटे का निशान है। थाना प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया मामला एक्सीडेंट का प्रतीत हो रहा है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कारवाई की जाएगी। घरवालो ने किसी पर कोई आरोप नही लगाया है।

### अराजक तत्वों द्वारा लाइन में फाल्ट कर देने से बंद हो जाती है आपूर्ति

जहांगीराबाद (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । बड़ी मेहनत मशक्कत के बाद बुधवार को लगभग 43 घंटों बाद जहांगीराबाद क्षेत्र वालों को बिजली सप्लाई मिल पायी थी मगर किन्हीं अराजक तत्वों के द्वारा लाइन में फिर से फाल्ट बना दिये जाने से रात्रि लगभग 9 बजे से फिर बिजली सप्लाई ठप हो गई। बुधवार को जहांगीराबाद के लगभग एक दर्जन बिजली उपभोक्ताओं ने साण्डा पावर सब स्टेशन के जे. ई. सुरेश कुमार को साथ लेकर जहांगीराबाद से साण्डा तक आई बिजली लाइन को चेक करना शुरू किया। दोपहर बाद 3 बजे जहांगीराबाद से तीन किलोमीटर दूर पटना गांव के पास लाइन में फाल्ट ढूंढ कर उसे ठीक कराकर सप्लाई शुरू करायी थी जिससे क्षेत्र के लोगों को 20 मिनट के लिए बिजली सप्लाई मिली थी लेकिन फिर बंद हो गई थी परंतु 5:15 बजे फिर सप्लाई चालू हो गई थी जो रात तक सुचारू रूप से चल रही थी। लेकिन अचानक रात्रि लगभग 9 बजे फिर बिजली चली गई तबसे वृहस्पतिवार को दोपहर 2 बजे तक शुरू नहीं हो सकी थी। इस बारे में जे. ई. सुरेश कुमार ने बताया कि कुछ अराजक लोग जानबूझकर बिजली सप्लाई में व्यवधान उत्पन्न कर उपभोक्ताओं सहित मुझे परेशान रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ ग्रामीणों का कहना था कि मंगलवार की रात लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग आये थे, खम्भे के पास जोरदार प्रकाश हुआ था।शायद उन्होंने ही जानबूझकर लाइन में फाल्ट कर दिया था। अवर अभियंता ने बताया कि आज भी ग्रामीणों को साथ लेकर लाइन चेक करूंगा और फाल्ट सही कराकर सप्लाई बहाल कराऊंगा। साथ ही अराजक तत्वों के खिलाफ साण्डा पुलिस चौकी व बिसवां थाना में भी लिखित शिकायत दर्ज कराऊंगा। इससे पहले सकरन तक की रोड साइड की बिजली सप्लाई भी चालू करवाऊंगा जो तीन दिनों से ठप पड़ी है।

### समर कैंप में बच्चे सीख रहे जीवन जीने की कलाएं

जहांगीराबाद (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । कंपोजिट विद्यालय जहांगीराबाद में वृहस्पतिवार को समर कैंप के दूसरे दिन भी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आज के दिन की शुरुआत प्रार्थना स्थल पर प्रार्थना ,कविता और देश गीतों के पाठ के साथ हुई इसके पश्चात बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। फुटबॉल, खो- खो के खेल खिलाए गये। कुछ बच्चों ने कैरम का आनंद भी लिया। कुछ बच्चे छुट्टियां होने के कारण बाहर घूमने के लिए चले गये हैं या जाना चाह रहे हैं इसीलिए अनुदेशिका तस्नीम फातिमा और अनुदेशक मो0 फिरोज आलम के द्वारा घर जाकर अभिभावकों से बात की गई और समर कैंप के लाभ बताते हुये बच्चों को विद्यालय भेजने के लिये कहा गया। दोनों प्रशिक्षकों ने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापिका बेबी फिरदौस का उन्हें पूर्ण सहयोग मिल रहा है और उनके माध्यम से बच्चों को मीनू के अनुसार जलपान की व्यवस्था भी कराई जा रही है।

### पॉक्सो एक्ट में फरार अपराधी को धौरहरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

धौरहरा खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली धौरहरा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में वह क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना धौरहरा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अरुण पुत्र रामपाल पासी निवासी ग्राम दिहुआ कला थाना धौरहरा जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया और विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक मोहम्मद सहित आरक्षी विकास दिवाकर वह मोहित कुमार मौजूद रहे ।

### थाना धौरहरा पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

धौरहरा खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद खीरी में कप्तान संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना धौरहरा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में, प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तीन वांछित वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान निम्न रूप से की गई है: रऊफ पुत्र सिरताज निवासी मोहल्ला कोरियाना, कस्बा व थाना धौरहरा, उम्र लगभग 50 वर्ष। यह अभियुक्त मु.सं. 35/25, अ.सं. 1104/2000, धारा 379/411 भारतीय दंड संहिता, थाना नीमगांव के तहत वांछित था। राज मोहन पुत्र बेचेलाल निवासी मोहल्ला मनिहारवार्ड, थाना धौरहरा, उम्र लगभग 27 वर्ष। यह अभियुक्त मु.सं. 36/21, धारा 323 भारतीय दंड संहिता, थाना धौरहरा के तहत वांछित था। विद्यासागर पुत्र बैजू लोध निवासी लोधनपुरवा मजरा भौव्वापुरवा, थाना धौरहरा, उम्र लगभग 40 वर्ष। इसके विरुद्ध मु.सं. 6564/16, अ.सं. 54/06, धारा 60/62 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल अधिकारी एवं कर्मचारी:उप निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह,विनोद कुमार द्विवेदी हेड कांस्टेबल जमील अख्तर,शोभित कुमार,शानि यादव,अजय कुमार आदि।

## पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला संगोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश भाजपा के महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता जिला प्रभारी व जिला अध्यक्ष द्वारा माता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष व जिला प्रभारी द्वारा मुख्य अतिथि को भगवान श्री राम का चित्र देखकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में बोलते हुए जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर से संबंधित अभियान के आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से बताया गया एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनके सम्मान में किए गए कार्यों पर भी विशेष प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर द्वारा किए गए धार्मिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक कार्यों के विषय में बताया गया साथ ही उन्होंने बताया बालिका शिक्षा व महिला उत्थान के लिए वह भारत की एक प्रेरणा है इसी से प्रभावित होकर हमारी पार्टी नारी शक्ति अधिनियम का कानून लेकर आई है जिससे भारत की मातृशक्ति को संविधान पद्धत शक्ति प्रदान हो सके और भारत की नारी शक्ति भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाने में अपनी महती भूमिका निभा सके। कार्यक्रम के अंत में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया साथ ही अभियान के आगामी कार्यक्रमों के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को मेहनत से जुटने के लिए आवाहन भी किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी भारत के सभी महापुरुषों का सच्चा सम्मान करती है और उनकी स्मृति में समय-समय पर लोगों को जागरूक और उनके विषय में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती है जिससे हमारे महापुरुषों की चेतना हमारी आगामी पीढ़ी तक पहुंचे।। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होलकर के इतिहास के विषय में भी विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताया। साथ उ उन्होंने आवाहन किया की नई पीढ़ी के लोगों को हम सब अपने दायित्व के अनुसार माता अहिल्याबाई होल्कर के विषय में जानकारी दें जिससे भारत की वर्तमान पीढ़ी बच्चियां भी पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होलकर प्रेरणा लेकर निडर साहसी और सनातन का सम्मान अमर करने वाली बन सके। इस अवसर पर सुधाकर शुक्ला, कंचन प्रभा पांडे, सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता , कामेश शुक्ला रामजीवन जायसवाल रोहित सिंह,जया सिंह, अमित दीक्षित उदित बाजपेई, विष्णु मौर्य, सुनील मिश्रा रमेश भार्गव दीपू सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ नैपलापुर मे किया भव्य स्वागत**

### वायरल वीडियो ने खोली शारदानगर पुलिस की पोल रकम लेकर मामले के निस्तारण का आरोप

लखीमपुर खीरी। शारदानगर थाना पुलिस पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी उजागर किया है कि कैसे कुछ तथाकथित पत्रकार, मोटी रकम लेकर पुलिस को बचाने के प्रयास में लगे हुए हैं। घटना शारदानगर थाना क्षेत्र के गांव झमपुरवा की है, जहां के निवासी साबित अली पुत्र अब्दुल अली ने करीब पांच माह पूर्व गांव के ही तालिब को 20,000 रुपये उधार दिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद जब साबित अली ने अपनी रकम वापस मांगी तो तालिब लगातार टालमटोल करता रहा। आखिरकार, थक-हारकर पीड़ित ने शारदानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया और समझौते का रास्ता सुझाया। पुलिस की मौजूदगी में साबित अली और तालिब के बीच बातचीत हुई और अंततः तालिब ने 20,000 रुपये वापस करके समझौता कर लिया।

## समाजसेवी व रिटायर्ड फौजी अरविंद मिश्र ने तीर्थयात्रियों को अंगवस्त्र भेंटकर किया विदा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। कस्बा अलीगंज निवासी समाजसेवी व पूर्व फौजी अरविंद मिश्र ने अलीगंज कस्बे से माँ पूर्णागिरि के दर्शन को जा रहे साइकिल यात्रियों के जत्थे को तिलक लगाकर, अंगवस्त्र भेंटकर व जलपान सामग्री देकर विदा किया और जोरदार जयकारे के साथ माँ पूर्णागिरि से क्षेत्र वासियों की खुशहाली की मंगलकामना का संदेश दिया। मालूम हो कि प्रतिवर्ष अलीगंज कस्बे से दर्जनो श्रद्धालुओं का जत्था साइकिल से पूर्णागिरि जाता है, इस वर्ष भी बड़ी संख्या में नौजवान साइकिल से माता के दर्शनों को रवाना हुए। इस मौके पर अमित मिश्र एडवोकेट, विकास कुमार, मेवालाल, रमाकान्त रोहित, संजू सहित तमाम श्रद्धालु व उनके परिजन मौजूद रहे।

## पीलीभीत बस्ती हाईवे शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम, न्याय की उम्मीद में भड़का जनआक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सीओ सदर रमेश तिवारी ने बताया शव के साथ बैठी महिला परिजनों को समझाकर हाईवे जाम खुलवाया गया। वहीं पुलिस पर हल्का बल प्रयोग कर परिजनों को खदेड़ने के आरोप निराधार है और पुलिस आरोपियों को पकड़ने हेतु सक्रिय हैं जल्द पुलिस को कयाबी मिलेगी।**

लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश की जनता का भरोसा जब कानून व्यवस्था से उठने लगे, तो उसका विस्फोट अक्सर सड़कों पर दिखाई देता है। खीरी थाना क्षेत्र के लोनियपुरवा गांव के निवासी अवधराम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद ऐसा ही एक मंजर बुधवार को सामने आया, जब परिजनों ने न्याय की मांग में पीलीभीत-बस्ती हाईवे को शव के साथ जाम कर दिया। गांव के पास खेत में अचेत अवस्था में पाए गए अवधराम को परिजन अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार का आरोप है कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि हत्या है, और पुलिस की निष्क्रियता ने उन्हें सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया। हाईवे जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन सवाल उठता है—आखिर कब तक जनता को न्याय पाने के लिए सड़क पर शव रखने पड़ेंगे? यह घटना न केवल प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार घटते कानून के भरोसे को भी उजागर करती है। यदि समय रहते पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया होता और आरोपियों की गिरफ्तारी की होती, तो शायद यह विरोध प्रदर्शन टल सकता था।

निष्कर्षः अवधराम की मौत और उसके बाद का जन आक्रोश प्रदेश की कानून व्यवस्था को आईना दिखाता है। अब ज़रूरत है कि प्रशासन केवल भीड़ को संभालने तक सीमित न रहे, बल्कि न्याय सुनिश्चित कर ग्रामीण जनता के विश्वास को फिर से स्थापित करे।

## ऐप्जा का संघर्ष हुआ सार्थक, मुख्यमंत्री ने दी 10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**ऐप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा ने राघवेंद्र परिवार को मिलवाया था मुख्यमंत्री से**

लखीमपुर खीरी। सीतापुर के महोली से दैनिक जागरण के दिवंगत पत्रकार की पत्नी को उनके बच्चों और माता पिता को सोमवार को चेयरमैन ऐप्जा रवीन्द्र मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलवाया था। जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री ने राघवेंद्र की पत्नी को दस लाख रुपए की सहायता प्रदान कर दी है। नौकरी और सीबीआई जांच की उम्मीद भी अब काफी बढ़ गई है। ज्ञातव्य है कि विगत आठ मार्च को पत्रकार राघवेंद्र की दिन दहाड़े हत्या कर दी गई थी। डेढ़ माह के उपरांत पुलिस द्वारा मनगढ़ंत कहानी बनाकर खुलासा कर दिया गया और जिससे दोषियों की पौ बारह हो गई। इस बीच पक्ष विपक्ष के तमाम जन प्रतिनिधि राघवेंद्र परिवार को झूठी दिलासा दिलाते रहे। आर्थिक सहायता पत्नी को नौकरी आदि के सपने दिखाए, किंतु अभी तक जनप्रतिनिधियों की तरफ से राघवेंद्र परिवार को केवल कोरा आश्वाशन ही मिलता रहा। अंततोगत्वा मृतक राघवेंद्र बाजपेई की पत्नी ने पत्रकार संगठन ऐप्जा से गुहार लगाई। ऐप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा ने अपने चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के सौजन्य से सीतापुर में लालबाग चौराहे पर पूरे प्रदेश के तमाम ऐप्जा बंधुओं के साथ धरना दिया। धरने में किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू, शिव प्रकाश व सचेंद्र दीक्षित आदि का भरपूर साथ मिला। नवागत एसपी अंकुर अग्रवाल के आश्वाशन पर धरना समाप्त हुआ। चेयरमैन ऐप्जा रवीन्द्र मिश्रा ने राघवेंद्र परिवार को मुख्यमंत्री से मिलवाकर 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिलवाकर अपना कर्तव्य निभाया। इससे एक बात तो साबित हो गई कि जो काम पक्ष विपक्ष के जनप्रतिनिधि नहीं कर पाए वो ऐप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा के दृढ़संकल्प ने कर दिखाया। ऐप्जा चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने बताया कि ऐप्जा अभी और अधिक आर्थिक सहायता दिलाने को प्रयासरत है। आगे अगर जनप्रतिनिधियों ने रश्मि बाजपेई को नौकरी दिलाने में कोई रुचि नहीं दिखाई तो इस काम के लिए भी संगठन ही संघर्ष करेगा।

## आरआरसी सेंटरों की दुर्दशा: करोड़ों की योजना पर उठे सवाल, गांवों में नहीं हो रहा कूड़ा निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। सरकार द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) कूड़ा घरों की हालत बदहाल है। जनता से टैक्स वसूलकर करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए ये केंद्र या तो पूरी तरह बंद पड़े हैं, अधूरे हैं, या फिर उनमें कूड़ा निस्तारित ही नहीं किया जा रहा है। नतीजतन योजना पर सवाल उठने लगे हैं।जिले के परसेहरा, रामकोट सहित कई गांवों में स्थिति चिंताजनक है। कहीं पर कूड़ा उठाने के लिए न तो ठेलिया है, न ई-रिक्शा। और जहां संसाधन उपलब्ध हैं, वहां जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते कूड़ा उठाव नहीं हो पा रहा है। इससे गांवों में गंदगी फैल रही है और जनता योजना के असर को लेकर असंतुष्ट है।स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना सिर्फ कागजों में चल रही है। आरआरसी सेंटरों पर न तो सफाई होती है और न ही वहां कोई कर्मचारी तैनात दिखते हैं। खाली पड़ी इन इमारतों पर अब लोग सवाल उठाने लगे हैं कि जब सेवा नहीं मिल रही तो टैक्स क्यों वसूला जा रहा है।यह हाल तब है जब सरकार इन केंद्रों पर कचरा छंटाई, पुनर्चक्रण और कंपोस्ट खाद बनाने जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की बात करती है। मगर जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है।अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस ओर ध्यान देता है या यह योजना भी अन्य योजनाओं की तरह केवल दिखावे की भेंट चढ़ जाएगी।

बैठक में डॉ. अनिल ने बताया कि पक्षियों में यह विषाणु प्रवेश करने के कुछ घंटे से तीन दिन तक रहता है

# जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न

**बैठक में एवियन इंफ्लुयन्जा (बर्ड फ्लू) के संबंध में विस्तार पूर्वकदी गयी जानकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। जनपद स्तरीय बर्ड वर्ड फ्लू टास्क फोर्स समीक्षा बैठक बचत भवन स्थिति कलेक्ट्रट सभागार में हुई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन चंद्र की उपस्थिति में एवियन इंफ्लुयन्जा (बर्ड फ्लू) के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह विषाणु द्वारा होने वाला रोग है। यह पशु,पक्षी और मनुष्य को भी संक्रमित करता है। डॉ अनिल ने बताया कि पक्षियों में यह विषाणु प्रवेश करने के कुछ घंटे से तीन दिन तक रहता है। यह संक्रमित पक्षियों की आंख ,श्वास नलिका व बीट के संपर्क में आने से पक्षी और मनुष्य में फैलता है। संक्रमित पक्षियों और कुक्कुट प्रक्षेप के प्रयोग में आने वाली समस्त सामग्री, उपकरणों के संपर्क में आने से यह रोग फैल सकता है। विदेशी, प्रवासी व जंगली पक्षी इस रोग के कैरियर का कारण होते हैं। पक्षियों में संक्रमण होने पर ज्वार आना, फ़ेटल कलगी वह पैरों का बेगानी हो जाना, पक्षियों के गर्दन तथा आँख के निचले हिस्से में सूजन, हरे व लाल रंग की बीट मुख्य लक्षण दिखाई देते हैं।बैठक में एपिडर्मोलॉजिस्ट ऋषि बागची ने बर्ड फ्लू के लक्षण और बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू मनुष्य में पशु पक्षियों के द्वारा फैलता है। मानव लक्षणों में सर्दी,जुकाम, गले में खराश, मांसपेशियों में दर्द, सांस लेने में तकलीफ यकृत, गुर्दा और फ़ेफड़ों का काम करना बंद हो सकता है। लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से इसका उपचार अवश्य कराए।मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पशु चिकित्साधिकारी समय-समय पर गौशालाओं और पोल्ट्री फर्मों का निरीक्षण करें। साथ ही संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दें। रोग से बचाव की जानकारी देते हुए डॉ अनिल ने बताया कि पक्षी फॉर्म, पक्षी अभ्यारण, जलाशय, झील के आसपास ना जाए। पक्षी फॉर्म के आसपास सूअर पालन न करें। फॉर्म के आसपास सफाई रखें तथा कूड़ा करकट व गंदगी इकट्ठा न होने दें। मृत पक्षियों का डिस्पोजल निस्तारण गड्ढे में दबाकर किया जाए। नियमित रूप से फार्म का लिटर बदलते रहे तथा समय-समय पर विसंक्रमण कार्रवाई करते रहें।बैठक में सभी पशु चिकित्साधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चोरो ने किसान की उड़ाई 20 हजार की बकरियां

महराजगंज,रायबरेली। बीती रात थाना क्षेत्र के मऊ गांव में महराजगंज इन्हौना मार्ग के किनारे स्थित एक घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात बकरी चोरों द्वारा एक किसान की तीन बकरियां चोरी कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है, बकरियों की कीमत लगभग 20, हजार रुपए थी। सुबह जब किसान सो कर उठा और देखा तो तीनों बकरियां गायब थी। बकरी स्वामी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है। आपको बता दे कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार और गुरुवार की रात मऊ गांव में बकरी चोरी का मामला सामने आया है। बकौल बकरी स्वामी मऊ गांव का रहने वाला शिवचंद पुत्र रामखेलावन पासी ने बताया कि, बुधवार की रात लगभग 11 बजे उनकी पत्नी मधु ने उनके घर परिसर में लगे इंडियामार्का नल पर एक व्यक्ति को पानी पीने के दौरान देखा था, किंतु रात का अंधेरा होने की वजह से वह पहचान नहीं सकी, और जैसे ही वह लोग सोने चले गए, उसके बाद अज्ञात चोरों द्वारा घर के दरवाजे पर खूंटे से बंधी तीनों बकरियां चोरी कर ली गई। उन्होंने बताया कि, रात लगभग 12 चार पहिया वाहन होने की भी आवाज सुनाई दी थी। उन्होंने आशंका जताई है कि, अज्ञात चोर तीन लोग थे और तीनों ने एक-एक बकरी खोलकर उठा ले गए और गाड़ी में डालकर रफू चक्कर हो गए। जब वह सुबह उठे तो खूंटे से बंधी बकरियां गायब थी। खबर लिखे जाने तक पीड़ित बकरी स्वामी इस चोरी की वारदात की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने स्थानीय थाना चंदापुर गया हुआ है।

## ट्रक की टक्कर में मिट्टी से लदा टेलर पलटा, चालक घायल



महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज इन्हौना मार्ग पर औसेरी के पूरवा के आगे पासिन की बगिया के पास गिट्टी लोड टेलर को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में साइड मार दी। जिससे गिट्टी भरा टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जाकर पलट गया। घटना में ड्राइवर के सिर पर गहरी चोट आई है। क्लीनर की मदद से उसे महराजगंज के एक निजी डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। आपको बता दें कि, घायल ड्राइवर राज नारायण पुत्र जग प्रसाद निवासी मोहिद्दीनपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी, महोबा के कबरई से 65 एमएम गिट्टी टेलर पर लोड करके आ रहे थे, तभी महराजगंज इन्हौना रोड पर स्थित पासिन की बगिया के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में साइड मार दी, जिससे टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जाकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं। क्लीनर घनश्याम यादव निवासी पता उपयुक्त ने फौरन घायल ड्राइवर को लेकर महराजगंज कस्बे में एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां उनका इलाज किया गया। घटना आज सुबह लगभग 7 की है, गनीमत यह रही कि सभी बाल बाल बच गए, किसी की जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि, अगर तहरीर मिली तो टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करी जाएगी।

## पूर्व प्रधानाचार्य सुभाष यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा 24 मई को

राजापाकड़, कुशीनगर। श्री कृष्ण इंटरमीडिएट कॉलेज, उजारनाथ स्थान, सपही खास विकास खंड तमकुही जनपद कुशीनगर के संस्थापक प्रधानाचार्य व पूर्व ग्राम प्रधान स्व. सुभाष यादव की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शनिवार, 24 मई को किया गया है। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा।सभा के मुख्य अतिथि फाजिलनगर के विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा होंगे, जबकि अध्यक्षता महात्मा गांधी इंटर कॉलेज सखविनिया के प्रधानाचार्य डा. सी.बी. सिंह करेंगे। संचालन नन्दलाल विद्रोही व अजय गिरी करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रमुख विजय कुमार राय, राज्यपाल से पुरस्कृत अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य डा. शक्तिप्रकाश पाठक, प्रबुद्ध वक्ता डा. संजय मिश्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा डा. डी.एन. कुशवाहा, किसान मोर्चा भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय व राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित सुनील सुमन शामिल होंगे। प्रधानाचार्य अमरेश कुमार यादव एवं नवदीप सन्देश के सम्पादक प्रमोद कुमार यादव ने श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, नागरिकों व ग्रामीणों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

# गन्ने के साथ सहफसली के प्रति किसान हुए जागरूक

**लोबिया और तरोई से दो माह में किसान ने कमाए साठ हजार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। पड़रौना परिक्षेत्र के ग्राम हरपुर कोठिलवा के किसान विनोद कुशवाहा ने एक बीघा खेत में लोबिया और तरोई बोकर दो माह में 60 हजार कमाए।यह जानकारी उप्र गन्ना किसान संस्थान के प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निर्देशक ओमप्रकाश गुप्ता दी। श्री गुप्ता को विनोद ने बताया कि को. लक. 14201 प्रजाति फरवरी महीने में पौधा गन्ना काटकर एक बीघा खेत में लोबिया और तरोई बोया था।बोन के लगभग 35 से 40 दिन पर लोबिया और तरोई निकलना प्रारम्भ हुआ। हर तीसरे दिन 40 से 50 किलो निकलता है। तरोई तो 40 से 50 रूपये किलो बिका, लोबिया 20 से 25 रूपये बिका,इस समय सस्ता हो गया है।पिछले साल बावग गन्ने में कद्दू (कोहड़ा) एक लाख का हुआ था। 4 बीघा में गन्ने की खेती करता हूं, 8 पास हूं उम्र 42 वर्ष है। को. 0118 गन्ना तथा को. लक .14201 दो प्रजाति बोता हूं। लगभग उपज 350 कुंतल/एकड़ है। गन्ना विकास अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष श्री गुप्ता की गोष्ठी में गन्ने के साथ फोटो ग्राफ दिखाकर किसानों को सह फसली खेती के लिए जागरूक किया गया था।कई किसान गन्ने में भिन्डी, आलू, गोभी, बोये थे गन्ना भी अच्छा है। अधिकतर गन्ना बीज में बटा हैढाढा चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने बताया कि मिल क्षेत्र में सहफसली खेती करने वाले किसानो को सम्मानित किया जाएगा। उप गन्ना आयुक्त देवरिया एपी सिंह ने गन्ने के साथ सहफसली खेती, पेड़ी प्रबंधन, फसल सुरक्षा, गन्ना सर्वेक्षण पर समीक्षा चीनी ढाढा व रामकोला में कर्मचारियों/अधिकारियों के साथ बैठक कर विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाने के लिए निर्देश दिया।

# 18 वर्षीय युवक आकाशीय बिजली गिरने से झुलसा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। हाटा कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन गांव में गुरुवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से झुलस गया। खेत में काम कर रहे 18 वर्षीय अमित शर्मा मौसम खराब होने पर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में आकाशीय बिजली गिरी और युवक चपेट में आ गया। घटना के समय गांव की बिजली आपूर्ति बंद थी फिर भी आकाशीय बिजली के कारण घरों में हाईवोल्टेज करंट दौड़ गया। इससे कई घरों के पंखे, टीवी, फ्रिज और कूलर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए हैं। ग्रामीणों ने युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली ले गए। डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है। हालांकि उनके शरीर पर जलन के निशान हैं। अमित का परिवार निहायत ही गरीब हैं। उनके पिता जितेंद्र शर्मा मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

# पूरी जिम्मेदारी के साथ अमित शाह यूथ ब्रिगेड विधानसभा चुनाव में निभायेगा महत्वपूर्ण भूमिका

**डा. एसके शुक्ल ने किया निघासन विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। अमित शाह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. एसके शुक्ल ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में 138, विधानसभा चुनाव क्षेत्र निघासन से आशीष मिश्र मोनू के प्रचार प्रसार की पूरी जिम्मेदारी अमित शाह यूथ ब्रिगेड का युवा वर्ग पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएगा। जिससे निघासन विधानसभा को लूटकर अपनी नीजी अकूत संपत्ति बनाने तथा पार्टी एवं निघासन विधानसभा की जनता के साथ विश्वासघात करने वाले जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाया जा सके। डा. एसके शुक्ल निघासन विधानसभा क्षेत्र में अपने दो दिवसीय भ्रमण के बाद यूथ ब्रिगेड के जिम्मेदार पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वक्त आ चुका है कि विगत आठ वर्षों से एक ही परिवार के लोगों द्वारा निघासन विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालों से निघासन की जनता की समस्याओं के निस्तारण तथा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का हिसाब किताब मांगा जा सके।उन्होंने कहा कि आगामी दो माह के अन्दर विधानसभा क्षेत्र निघासन के प्रत्येक बूथ पर अमित शाह यूथ ब्रिगेड का एक यूथ कार्यकर्ता तैनात कर दिया जाएगा जिसके माध्यम से बूथ स्तर के मतदाताओं के बीच जाकर विगत आठ वर्षों के अन्दर आम जनमानस के वोट के बल पर उन्हें लूटने, अपनी अकूत नीजी नामी , बेनामी सम्पत्ति खड़ा करने तथा कुछ जय चन्दों के साथ मिली भगत करके भारतीय जनता पार्टी के साथ विगत लोकसभा चुनाव में सुनियोजित विश्वासघात करने के बारे में विस्तार से जानकारी करायी जा सके।उक्त बैठक में अमित शाह यूथ ब्रिगेड में जिलाध्यक्ष शुभम कन्नौजिया, जिला उपाध्यक्ष आकाश वर्मा, विकास दीक्षित, प्रदीप सिंह, अनुपम वाजपेई, हरगांव नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन हरिनाम बाबू मिश्र, आलोक पाण्डेय, सत्यम वर्मा, सुनील सिंह, विकास शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

# तेज आंधी व बारिश में पेड़ों के गिरने से टूटे तार ग्रामीण इलाकों की बिजली रही गुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र में बुधवार रात आई आंधी और बारिश से चंदापुर विद्युत पावर हाउस के अन्तर्गत ग्रामीण इलाकों की बिजली गुल हो गई। तारों के टूटने और ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ने, तथा 33 केवी विद्युत लाइन पर पेड़ गिर जाने से चौदह घंटे खबर लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। गुरुवार दिन में 2:42 बजे आपूर्ति शुरू हुई लेकिन 5 मिनट बाद ही पुनः सप्लाई बाधित हो गई। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बिजली न होने से पीने के पानी की समस्या बताई है। आपको बता दें कि, बुधवार रात 2 बजे के बाद तेज आंधी के बाद हुई बारिश से चंदापुर फीडर के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। आंधी के कारण कई स्थानों में तार टूटने के साथ ही ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ गए। जिसके कारण 14 घंटे तक क्षेत्र में आपूर्ति ठप रही। दोपहर करीब 2:42 बजे विद्युत सप्लाई शुरू तो हुई, 5 मिनट बाद ही सप्लाई बंद हो गई जिसके कारण ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खबर लिखे जाने तक चंदापुर फीडर से बिजली आपूर्ति बाधित रही। पूरे अहलादी मऊ गांव निवासी राजकुमार नेता, अशोक कुमार, पूरन सेठ, अतुल पाण्डेय एडवोकेट, अभय सिंह उर्फ दिलीप, राजकुमार शर्मा, अन्शू तिवारी, दिनेश मिश्रा आदि ने बताया कि, बुधवार रात करीब 2:00 बजे से बिजली सप्लाई ठप है। बिजली नहीं आने से घर में पीने के पानी के लिए परेशानी हो रही है। मोहल्ले में लगा हैंडपंप भी खराब हो गया है, और घरों में लगे देसी हैंड पंप फ्लोराइड युक्त जहरीला पानी दे रहे हैं, जिससे आस-पास के लोग परेशान हैं। अवर अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि, टीम द्वारा पेट्रोलिंग कर विद्युत आपूर्ति बहाल का प्रयास किया जा रहा है। आंधी और बारिश से बछरावां से चंद्रपुर जाने वाली 33 केवी हाई टेंशन लाइन पर जिह्वा के पास पेड़ गिर जाने से सप्लाई बाधित थी, जिसे ठीक कर लिया गया है। अब ग्रामीण क्षेत्र में टीम द्वारा पेट्रोलिंग करी जा रही है, जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।

# पीआरकेएस यांत्रिक कारखाना मंडल के उपाध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव का सेवा निवृति सम्मान समारोह आयोजित

**कारखाना मंडल उपाध्यक्ष के सेवानिवृत सम्मान समारोह में मुख्य रूप अतिथि के रूप में शामिल हुए एनएफआईआर के जोनल सेक्रेटरी एवं वर्किंग प्रेसिडेंट पीआरकेएस रमेश मिश्रा एवं पीआरकेएस महामंत्री एवं एजीएस / पीआरकेएस के विनोद राय ने अपने विचार रखे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । यांत्रिक कारखाना परिसर में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ यांत्रिक कारखाना मंडल के उपाध्यक्ष श्री सतीश श्रीवास्तव का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह सैकड़ो कर्मचारियों की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम में जोनल सेक्रेटरी एनएफआईआर एवं वर्किंग प्रेसिडेंट पीआरकेएस श्री रमेश मिश्रा महामंत्री पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ एवं इब्क्ष्/ गब्क्ष्ट श्री विनोद राय सैकड़ो पदाधिकारियो के साथ शामिल हुए। अपने संबोधन में श्री रमेश मिश्रा ने श्री सतीश श्रीवास्तव के सरल स्वभाव एवं संगठन के प्रति कर्तव्य निष्ठा की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। महामंत्री विनोद राय ने उनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी संगठन में अपना सहयोग देने हेतु कहा। कारखाना मंडल के अध्यक्ष श्री ईश्वर चंद्र विद्यासागर मंडल मंत्री श्री कुलदीप मणि त्रिपाठी ने श्री सतीश श्रीवास्तव के उज्जवल भविष्य की कामना किया इस अवसर पर श्री सतीश श्रीवास्तव का माल्यार्पण किया गया और मिष्ठान वितरित किया गया। अंत में श्री सतीश श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी शमशाद अहमद जयप्रकाश सिंह लक्ष्मी श्रीवास्तव मुख्यालय मंडल के मंडल मंत्री श्री फिरोजुल हक यांत्रिक कारखाना मंडल के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर, मंडल मंत्री कुलदीप मणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष बृजपाल सिंह यूथ अध्यक्ष देवेश सिंह राकेश श्रीवास्तव अजय त्रिपाठी अभिषेक गुप्ता अंशुमाल पाठक दीपक प्रजापति नूर ए आलम योगेंद्र पाल दिनेश शर्मा हरकेश बहादुर सिंह संतोष श्रीवास्तव मनीष चौधरी राजू रावत अखिलेश तिवारी गणेश कुमार राजकुमार सिंह एवं तमाम पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# छात्र–पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम की डीजी ने की समीक्षा

**एमजीयूजी में संचालित रासेयो स्वयंसेवकों ने पुलिस के साथ कार्य करने के साझा किए अनुभव**

**सामाजिक समझ विकसित करते हैं छात्र–पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम : आशीष गुप्ता**

गोरखपुर । महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के स्वयंसेवकों एवं गोरखपुर जिले के 11 थाना क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों द्वारा पूर्ण किए गए छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के द्वितीय चरण की समीक्षा बैठक गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक (नियम एवं ग्रंथ) आशीष गुप्ता ने की।बैठक में एमजीयूजी में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे ने कहा कि छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है। इससे छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व, संवाद कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने इसे शिक्षा और पुलिस प्रशासन के बीच एक सशक्त कड़ी बताते हुए कहा कि इस प्रकार की सहभागिता युवाओं को व्यवहारिक अनुभव देती है और उन्हें बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक सोनाली तिवारी, उत्कर्ष सिंह, अमरजीत, हिमांशु, दीनदयाल, आशीष आदि ने इस अनुभवात्मक अधिगम से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। 11 थाना क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों ने भी कार्यक्रम के माध्यम से समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि बनने की बात कही।इस अवसर पर पुलिसमहानिदेशक (नियम एवं ग्रंथ) आशीष गुप्ता ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को व्यावहारिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि महिलाओं और पुरुषों को मिलकर कार्य करना चाहिए, जिससे महिलाएं सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा सकें। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना की माता शबरी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, मुकेश, आदित्य, आशीष दुबे, उज्ज्वल सहित अन्य स्वयंसेवक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# मातृत्व शिशु एवं बालिका आशीर्वाद व कन्या विवाह सहायता योजना के 10 लाभार्थियों के लिए स्वीकृत की गयी धनराशि

## बोर्ड की योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों को दिए गये स्वीकृति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव श्रीमती पूजा यादव के साथ कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, श्रम विभाग द्वारा संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय, विहान बालक आवासीय विद्यालय तथा जिला सेवायोजन कार्यालय का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। जनपद बहराइच आगमन पर निरीक्षण भवन में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रमुख सचिव का स्वागत किया गया।प्रमुख सचिव द्वारा विहान बालिका आवासीय विद्यालय में छात्रावास, किचेन तथा क्लासरूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के साथ उनके शिक्षा के सम्बन्ध में संवाद किया गया। छात्राओं द्वारा गणित एवं विज्ञान विषय के विभिन्न प्रश्नों का सही उत्तर दिया। भ्रमण में बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। विहान बालक आवासीय विद्यालय में बच्चों से प्रेक्षा किए जाने पर बच्चों द्वारा मेहनत कर डॉक्टर, इंजीनियर एवं अधिकारी बनने का लक्ष्य होने से अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों द्वारा विद्यालय में विभिन्न प्रकार की समितियां गठित होने से अवगत कराया गया जिसमें मुख्य रूप से सफाई समिति, भोजन समिति आदि समितियां के क्रियाकलाप से विस्तार से अवगत कराया गया। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता अच्छी पाई गई। प्रमुख सचिव द्वारा बच्चों से वार्ता के उपरांत उन्हें लखनऊ अथवा अन्य स्थल पर मनोरंजन तथा व्यावहारिक ज्ञान हेतु बच्चों को भ्रमण कराने हेतु वार्डन को निर्देशित किया गया।प्रमुख सचिव द्वारा सचिव बोर्ड को विहान विद्यालयों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विहान बालिका एवं बालक आवासीय विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किए गए। जिला सेवायोजन कार्यालय के भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव द्वारा एम सी सी (डवकमस बतममत ब्वनदेमससपदह) सेंटर का निरीक्षण किया एवं पिछले एक वर्ष में की गई करियर काउंसिलिंग की प्रगति का फीडबैक प्राप्त करने और काउंसिलिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।कार्यालय, सहायक श्रम आयुक्त, बहराइच का भी निरीक्षण किया गया तथा विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण, श्रमिकों का नवीनीकरण प्राथमिकता पर कराने के तथा कैंप लगाकर पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। अभिलेखों का रखरखाव व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बोर्ड की योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए जिसमें मातृत्व शिशु एवं बालिका आशीर्वाद योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को रू. 1,53,125 तथा कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को रू. 2,75,000 कुल धनराशि रू. 4,28,125 स्वीकृत की गई। प्रमुख सचिव द्वारा श्रमिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।12 जून को अंतरराष्ट्रीय बल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जनपद बहराइच में बाल श्रम उन्मूलन हेतु कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए गए जिसमें माननीय जनप्रतिनिधियों एवं जनपद एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए । कार्यक्रम में बाल श्रम से अवमुक्त कराए गए बच्चों एवं परिवार जिनको पुनर्वासित कराया गया है को आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यालय में आवश्यक संसाधन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सचिव, बोर्ड द्वारा भी सभी संचालित योजनाओं में निर्माण श्रमिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान श्री मुकेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी बहराइच, श्री शमीम अख्तर उपश्रम आयुक्त मुख्यालय, श्री अनुभव वर्मा उपश्रम आयुक्त देवीपाटन, श्री सिद्धार्थ मोदियानी, सहायक श्रम आयुक्त बहराइच, श्रीमती प्रिया प्रसाद, वार्डन विहान बालिका, मोहम्मद असद वार्डन विहान बालक, लखनऊ यूनिवर्सिटी से सुश्री शिप्रा पवार,श्री प्रभाकर चौबे, श्री राहुल आदि उपस्थित रहे।

## फीस रेगुलेशन बिल हस्ताक्षर अभियान में मिल रहा जनसमर्थन



गोण्डा। जिले में राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता ओं के द्वारा बग्गीरोड बाज़ार, मुजेहना में तीसरे दिन में फीस रेगुलेशन बिल के लिए हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई इसमें सोनवरसा पोखरे के संत छोटे बाबा ने पूजा के पश्चात प्रथम हस्ताक्षर कर कार्यक्रम की विधवत शुरुआत की इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम् पांडेय ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों के द्वारा जिस प्रकार से फीस की मनमानी की जाती है लगातार फीस वृद्धि, एक ही दुकान से किताब खरीदना, आदि के नाम पर हर वर्ष शोषण किया जा रहा है इसी को लेकर आज हम लोग उत्तरप्रदेश के 75 वो जनपदों में हस्ताक्षर अभियान चलाकर जनता के बीच जाकर उनका समर्थन माँग रहे अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो पूरे उत्तरप्रदेश में एक बड़ा जनआंदोलन होगा जिसकी पूरी जिमेदारी सरकार की होगी व युवा सोच के अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया ने बताया कि मैं समर्थन में हस्ताक्षर करता हूं और हमारे मुख्यमंत्री से उत्तर प्रदेश में फीस रेगुलेशन बिल लाने की कृपा क्योंकी शिक्षा का अधिकार सबको हैं व कार्यक्रम संयोजक रंजित पांडेय ने बताया कि यह अभियान पुरे जनपद के गाँव में चलाया जा एगा इस अवसर पर सहजाद ख़ान,रिजवान खान गनी अंसारी,अमन गुप्ता,आलोक मिश्रा,प्रदीप वर्मा विनय यादव,आदि मौजूद रहे।

## भारतेंदु नाट्य अकादमी संस्कृति विभाग के तत्वाधान मे दस दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ



बहराइच। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की तरफ से भारतेंदु नाट्य अकादमी एवं जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच बहराइच के द्वारा एवं सेठ एम आर जयपुरिया के सहयोग से जनपदा बहराइच में 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुरू किया गया है । जिसका उद्देश्य बच्चों में शिक्षा में रंगमंच का क्या महत्व है उसके बारे में जानकारी देना है। लोककला एवं लोक गीतों का क्या महत्व है इस विषय पर इस कार्यशाला का आयोजन किया गए है। संस्कृति विभाग के द्वारा ऐसे कई प्रकार के आयोजन पहले भी जनपद में होते है। कार्यशाला का उद्देश्य बहुत ही सुंदर है बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यशाला बहुत ही उपयोगी सिद्ध साबित होती है। कार्यशाला में लगभग 25 से 30 बच्चों में भाग किया है एवं इसके माध्यम से बच्चे संगीत के विभिन्न प्रकार की जानकारी उनको दी जाएगी।कार्यशाला के प्रशिक्षक एवं संस्था के अध्यक्ष श्री जसवीर सिंह ने बताया कि बच्चों में कार्यशाला को लेके काफी रुचि देखने को मिल रही है संगीत के सभी आयामों की जानकारी के साथ साथ लोग गीत पे आधारित इस कार्यशाला में बच्चे बहुत ही मन लगा के आ रहे है संगीत विषय को आज बहुत ही विस्तारित रूप से जिस प्रकार संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश कार्य कर रहा ही वो काफी सराहनीय है ऐसे में बच्चों को अपने पढ़ाई के साथ साथ संगीत को किस तरह से अपने जीवन में सीखना है और संगीत कितना पढ़ाई में बच्चों को सहायता करता है ये जानकारी भी आजकल बच्चों को जानना बहुत जरूरी है इस तरह की कार्यशाला से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है कार्यशाला में सहयोग करने के लिए सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल के प्रबंधन श्री पंकज अग्रवाल, प्रिंसिपल श्रीमती अनीता सक्सेना जी , एवं संगीत अध्यापक सुश्री रितिका मिश्रा जी का सहयोग भी काफी सराहनीय है।

## 4-जी सिम सेल कैंप का आयोजन 23 से 25 मई तक

बहराइच । प्रचालन क्षेत्र प्रमुख ने बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल बहराइच द्वारा 23 से 25 मई 2025 जनपद बहराइच एवं भिनगा (श्रावस्ती) के विभिन्न स्थानों पर सिम-सेल कैंप का आयोजन कर रहा है। इस कैंप में इच्छुक व्यक्ति नए 4जी सिम लेकर अथवा एमएनपी कराकर बीएसएनएल के आकर्षक व किफ़ायती प्लानों को लेकर तीव्र इन्टरनेट सुविधा का लाभ उठा सकते है तथा वर्तमान ग्राहक अपने 2जी/3जी सिम को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के 4-जी में अपग्रेड करा सकते है।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उ0 प्र0 के पदाधिकारियों बैठक का आयोजन

उन्नाव। कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उन्नाव में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद,उ0 प्र0 जनपद शाखा-उन्नाव के सम्बन्ध में संगठनों के पदाधिकारीयों की कार्यकारिणी बैठक परिषद जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से दिनांक 01.06.2025, दिन-रविवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश जनपद शाखा-उन्नाव का द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव जिला चिकित्सालय ( पुरुष), उन्नाव सभागार में कराये जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में संरक्षक अशोक कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष एस पी सिंह, मंत्री महेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, रमेश उपाध्याय,बृजेश मिश्रा, अमरीश कुमार, प्रतीक कुमार, निरमेष पटेल ,संजय बहादुर सिंह, राम समुझ , विकास कुशवाहा आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# जेसीबी मशीन से खुदाई के दौरान मिट्टी का टीला ढहा, तीन श्रमिकों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के छपिया थाना क्षेत्र के पिपरा माहिम गांव में बुधवार की रात करीब 9 बजे मजार निर्मा ण के लिए जेसीबी मशीन की मदद से नींव खोदते समय बड़ा हादसा हो गया।खोदाई के दौरान मिट्टी धंसने से तीन लोगों की मौत हो गई,जबकि एक व्य क्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।घायलों को ग्रामी णों की मदद से बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा गया।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया है।जिले के छपिया थाना क्षेत्र के पिप रा माहिम गांव में स्थित मासूम-ए-मिल्लत की मजा र निर्माण की नींव खोदी जा रही है।बुधवार को म जार के दोनों तरफ नीव खोदाई का कार्य चल रहा था।यह कार्य मजार के देखरेखकर्ता फरजान रजा की निगरानी में हो रहा था।रात करीब 9 बजे जेसी बी से मिट्टी हटाई जा रही थी कि तभी अचानक मि ट्टी का एक बड़ा हिस्सा ढह गया।मलबे में फरजान रजा 38 शकील मोहम्मद 50 अशद 14 निवासी पिपरा माहिम और फकीर मोहम्मद 20 निवासी र जवापुर थाना मनकापुर दब गए।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और स भी को बाहर निकाला।गंभीर रूप से घायल फरजा न रजा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लाहनग र ले जाया गया,जहां शकील,अशद और फकीर की मौत हो गई जबकि फरजान रजा को प्राथमिक उप चार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। फर जान की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष छपिया भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने तीनो शवों को क ब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।गां व में घटना को लेकर शोक का माहौल है।

# उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित हुए अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । बेलीपार थाना के सामने यादव कम्प्लेक्स मे स्थिति गुरुकुल लाईब्रेरी में शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित हुए अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। गुरुकुल लाईब्रेरी के डायरेक्टर सृजन मिश्रा ने बताया कि हाल ही में आयोजित हुई पुलिस भर्ती में अकादमी के कुल 10 छात्रों का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए किया गया है। बिशिष्ट अतिथि बेलीपार थाना इंचार्ज बिंध्याचल शुक्ला द्वारा अकादमी के 10 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाएं तभी सफल होती हैं जब युवा उनका लाभ उठाकर आगे बढ़ते हैं। मुख्य अतिथि नैमिष त्रिपाठी,अवधेश सिंह मंटू, गौतम पाण्डेय, नवनीत पाण्डेय, पंचानन पाण्डेय उपस्थिति रहें।सम्मानित होने वाले छात्रों में त्रिभुवन सिंह,रामआशिष कुमार,रवि यादव, निकेश यादव,सचीन कुमार, महिपाल,युवराज सिंह,अवनीश मिश्रा, सत्यम तिवारी,शशांक चौरसिया सामिल है ।

# जिले में भूख और मजबूरी में घूंट रहा नैनिहालों का 'बचपन'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। कहते हैं बचपन हर गम से बेगाना होता है। वहीं गोण्डा जिले में अधिकारियों के नाक के नीचे बचपन मजदूरी की मार से कराह रहा है।इसे पेट की मजबूरी कहें या फिर कम पैसों में बिक रहे बच पन के ख्वाब जिसका नतीजा है कि आज जिन हा थों में कलम और किताब और खिलौने रहने चाहि ए उसकी जगह झूठे बर्तन धोने सहित अन्य मजदू री के सामान से दो-दो हाथ करने को बच्चे मजबूर हैं।योगी सरकार भले ही सभी बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए तरह- तरह के अभियान चला रही हो,श्रम विभाग चाहे कितने भी दावे कर ले,लेकिन इन सभी उपायों के बीच गोण्डा जिले में बचपन के बिकने का सिलसिला जारी है।चूल्हे की आंच में त प कर होटलों-ढ़ाबों,ईट भट्ठों,घरेलू नौकरों के रुप में बाल मजदूरों को काम करते हुए आसानी से देखा जा सकता है।खानापूर्ति के तौर श्रम विभाग भले ही एक- दो कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपा रहा हो,लेकिन आज इन बच्चों की जिदंगी प्लेट धोने से लेकर जूठे उठाने में ही गुजर रही है।वही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जिले में लगभग सैकड़ो से अधिक बाल मजदूर कार्यरत है बच्चों को मजदूरी के चंगुल से मुक्त कराने वाली संस्था चाइल्ड लाइन की माने तो एक अनुमान के मुताबिक जिले में विभिन्न जग हों पर लगभग एक वर्ष में 350 बाल मजदूरों से विभिन्न प्रकार का काम लिया जा रहा है जिन ब च्चों क़ो विभाग ने मुक्त कराया और उनके परिवार के सुपुर्द किया है।लेकिन फिर भी विभाग कहती है कि बाल मजदूरी नहीं हो रही है।वही इस संबंध श्रम विभाग के अधिकारी से बात की गई तो उन्हों ने बताया कि बाल मजदूरों को मुक्त कराने के लिएविभाग के द्वारा विभिन्न होटलों सहित अन्य ऐसे जगहों पर छापेमारी की जा रही है।

# प्रदेश में 30 लाख ओबीसी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर स्थापित किया गया नया रिकॉर्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उ0प्र0 सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग को सशक्त बनाने और विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये है. इस कड़ी में मा0 यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के प्रगतिशील मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विगत वर्षों में पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं।छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की यह सबसे बड़ी योजना है, जिसके लिए 2024-25 में प्राप्त बजट 02 हजार, 475 करोड़ रुपये से लगभग 30 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति उपलब्ध करायी गयी, जो एक रिकार्ड है। वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 05 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभ प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को 2250 रुपये प्रति वर्ष एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को चार श्रेणियों में क्रमशः 10 हजार, 20 हजार, 30 हजार एवं 50 हजार रुपये दिया जाता है।शादी अनुदान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में 200 करोड रुपये के बजटीय प्रबंधन से एक लाख गरीब बेटियों की शादी का अनुदान उपलब्ध कराया गया तथा इसी वर्ष में करीब 6 हजार गरीब बेटियों की शादी का अनुदान 12 करोड़ रुपये दिया गया है, जबकि वर्ष 2023-24 में केवल 105 करोड़ रुपये के बजटीय प्राविधान से 52 हजार, 553 बेटियों को शादी अनुदान से अनुदानित किया गया था। इस योजनान्तर्गत एक लाख आय सीमा के अन्तर्गत जीवन यापन करने वाले ग्रामीण अथवा शहरी ओ0बी0सी0 परिवारों को 20 हजार रुपये की धनराशि शादी अनुदान के रूप में जारी की जाती है।कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु बजटीय प्राविधान रुपये 32.92 करोड़, था जिसमें 29 हजार, 769 ओ0बी0सी0 प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया गया, जबकि वर्ष 2023-24 में रू0 22.52 करोड़ के बजट से 23 हजार, 697 ओ0बी0सी0 प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस योजना के अन्तर्गत 5 हजार रुपये से 'ट्रिपल सी' के प्रशिक्षण हेतु तथा 15 हजार रुपये से 'ओ लेवल' के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं को दिया जाता है।छात्रावास निर्माण/अनुरक्षण योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 105 छात्रावासों के अनुरक्षण हेतु 02 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रबंधन किया गया। इस योजना के अन्तर्गत पिछड़े वर्गों के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क छात्रावास उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया जाता है। इस प्रकार से उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा संचालित इन योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया गया है।उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्गकल्याण विभाग ने वर्ष 2024-25 में नवाचार के माध्यम से कई महत्वपूर्ण फैसले लिये, जिसमे पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजटीय प्रबंधन 2789.71 करोड़ किया गया, जबकि वर्ष 2023-24 में 2338.63 करोड़ था, जोकि पिछले वर्ष की तुलनामें 451.08 करोड़ अधिक है। शादी अनुदान प्राप्त करने वाले ओ0बी0सी0 व्यक्तियों की आय सीमा को बी0पी0एल0 श्रेणी शहरी व ग्रामीण से बढ़ाकर समान रूप से एक लाख की गयी।प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं एवं अन्य लाभार्थियों को आर्थिक सहयोग देने के लिए विशेष कार्य किए जा रहे है। पिछड़े वर्ग के लिए वर्ष 2012-13 से वर्ष 2016-17 का कुल व्यय बजट रू0 6928.71 करोड़ था, जबकि 2017-18 से 2025-26 का कुल व्यय बजट रू0 14969.55 करोड़ है, जो कि पिछली सरकार के कुल व्यय बजट से रू0 8040.84 करोड़ अधिक है।

# शिकायतों का कैसे हो समाधान, थानों में सुनवाई नहीं, एसपी कार्यालय पहुंच रहे फरियादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। एसपी की फरियादियों को किसी भी हालत में थाने से निराश न लौटाने के निर्देश का कितना असर हो रहा है,इसकी गवाही खुद उनके कार्यालय पर फरियादियों की रोज जुटने वाली भीड़ दे रही है कड़ी धूप और प्रचंड गर्मी के बावजूद दिन शुरू हो ते ही उनके कार्यालय पर फरियादियों का मेला लग ना शुरू हो जाता है।न्याय की आस में जिले के को ने-कोने से लोग फरियाद लेकर यहां पहुंचते हैं।बृह स्पतिवार को एसपी कार्यालय पहुंचे कई लोगों ने मौखिक रूप से बताया कि थानों में उनकी शिकाय त तो ले ली जाती है लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती।गर्मी में थाने के कई-कई बार चक्क र कटवाने के बाद थानों के अधिकारी हर बार फो र्स की कमी या अभी काम होता है का हवाला देक र उन्हें लौटा देते हैं। एसपी विनीत जायसवाल रोज दो बजे तक कार्यालय में पीड़ितों की शिकायत कोसुनते हैं,इस बीच उनके दफ्तर के बाहर लगातार फरियादियों की कतार लगी रहती है।एसपी कार्या लय पर फरियादियों की बढ़ती भीड़ साफ इशारा कर रही है कि थानों में आम जनता की नहीं सुनी जा रही है।जमीन विवाद,घरेलू हिंसा के मामले ज्या दा एसपी के पास आने वाली शिकायतों में ज्यादा तर मामले जमीन के विवाद और घरेलू हिंसा से जु ड़े हैं।जमीन के विवाद पुलिस राजस्व विभाग पर टाल देती है। पीड़ितों को लगता है कि पुलिस उन्हें जानबूझकर टाल रही है।इसी तरह घरेलू हिंसा औ र ठगी जैसे मामलों में भी पुलिस के कार्रवाई न क रने की थाने की तमाम शिकायतें हैं।

## पूर्व विधायक चिल्लूपार को मिली जमानत, समर्थकों में खुशी



गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को उच्च न्यायालय से राहत मिल गई है। ईडी द्वारा दर्ज एक मामले में जेल में निरुद्ध चल रहे पूर्व विधायक को गुरुवार को जमानत मिल गई है। इसकी जानकारी होते ही चिल्लूपार के कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। खूब पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाई।त्त्त्त्चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ईडी द्वारा दर्ज किए गए एक मामले में पिछले सात अप्रैल से जेल में निरुद्ध चल रहे थे। उन्होंने हाईकोर्ट की लखनऊ खण्ड पीठ में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। गुरुवार को उनकी जमानत स्वीकार कर ली गई। चिल्लूपार में इसकी जानकारी होते ही कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। ढोल-ताशे के साथ जश्न मनाया। जमकर पटाखे फोड़े।बड़हलगंज के पूर्व राजबहादुर सिंह व जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन रामदरश विद्यार्थी ने कहा कि सत्ता के इशारे पर जो खेल हो रहा था वह बेनकाब हो चुका है। उच्च न्यायालय ने इंसाफ कर सत्तासीन नेताओं के मुंह पर तमाचा मारा है।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष अमरजीत यादव, चन्द्रभान मिश्र,भुवनेश्वर चतुर्वेदी, गदाधर दुबे, नित्या नन्द दीक्षित, लल्लन तिवारी, मकरध्वज निषाद, रिंकू तिवारी,अमीर यादव, बबलू यादव, श्यामू चौबे, सुभाष तिवारी,गौरव दुबे, सौरभ दुबे, चंद्रमौली दुबे आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 24.38 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड का एमएलसी ने किया लोकार्पण

बड़हलगंज, गोरखपुर। स्थानीय विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मकरंद पुर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डा धर्मेन्द्र सिंह ने अपनी विधान मण्डल निधि से बने सीसी रोड अवधेश सिंह मार्ग का लोकार्पण किया। बुधवार की शाम रु 24.38 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणो को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी दिया। आयोजक ग्राम पंचायत मकरंद पुर स्वतंत्र सिंह की पीठ थपथपाते हुए उन्होंने कहा कि अधिकतर योजनाएं ब्लाक स्तर पर हैं। वहां से अपने गांव तक ले जाने की जिम्मेदारी प्रधान बंधुओं की है।यदि सभी ग्राम प्रधान स्वतन्त्र सिंह जैसे ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने लगें तो सभी ग्राम पंचायतों का काया पलट हो जाय। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक चिल्लूपार राजेश त्रिपाठी ने डा धर्मेन्द्र सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि आप भाजपा संगठन के मज़बूत स्तम्भ हैं। डा साहब मेरे साथ चिल्लूपार के विकास में काफी मदद करते हैं। प्रधान स्वतंत्र सिंह ने ग्राम पंचायत के लिए कुछ निवेदन किया तो विधायक ने कहा कि गंगा गोमुख से ही निकलती है। भगीरथ की तपस्या जन कल्याण के लिए थी। मेरी गंगा दिल्ली और लखनऊ से निकलती है। तपस्या अनवरत जारी है। विकास की गंगा चिल्लूपार में बह रही है। हर गांव तक अवश्य पहुंचेगी। इसके पूर्व आयोजक भाजपा के जिला मंत्री व ग्राम प्रधान स्वतन्त्र सिंह ने मुख्य अतिथि डा धर्मेन्द्र सिंह, विधायक राजेश त्रिपाठी सहित सभी आगंतुकों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष बड़हलगंज दुर्गेश मिश्र तथा संचालन आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी ने किया।इस अवसर पर किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रत्नेश पांडेय, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बीरू सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर,राजीव पांडेय, निखिल सिंह राजा, धर्मराज निषाद, संजय राना, संजय दुबे,बबलू राय, रमेश सिंह, रमेश शाही, अतुल शाही, अरविन्द सिंह,सुधाकर दुबे, गजेन्द्र सिंह, अंगद शाही, रविन्द्र नाथ राय, भरत प्रताप सिंह, राना प्रताप आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्रधान ने बदल दी गांव की तस्वीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा गांव केसरपुर कला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकास खंड में एक ऐसा गांव जो विकास के नाम से जाना जाता है। बीते कुछ सालों पहले पिछड़ेपन से गांव परेशान था। जहां गांव के प्रधान अनीस खा गुड्डू की कड़ी मशक्कत के बाद सरकार की विभिन्न विकास कार्यों की योजनाओं को गांव के विकास के लिए लाया गया है।जहां गांव के शिक्षित मृदुलभाषी प्रधान अनीस खा गुड्डू ने यहां की तस्वीर ही बदल दी। अब अभावों के अंधियारे को मिटाकर बच्चे, बूढ़े और जवान सभी विकास की ऊंचाइयों को छू रहे हैं। गांव का पंचायत घर डिजिटल है।अन्य कार्य हाइटेक है।




गांव के कई कार्य आकर्षण का केंद्र बिंदु है।हर आम और खास को आकर्षित करता है। ऐसा है। रुहेलखंड का जिला पीलीभीत के पूरनपुर ब्लॉक का गांव केसरपुर कला का विकास। जहां ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की पूरनपुर ब्लॉक में ही नहीं बल्कि पूरे जनपद में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है। ग्राम पंचायत केसरपुर कला प्रधान अनीस खा गुड्डू ने गांव के विकास के लिए अत्यंत सराहनीय कार्य किए। ग्राम प्रधान अनीस खा गुड्डू की लगनशीलता ने गांव को विकास की ओर अग्रसर किया है।उनके कार्यों से गांव के ग्रामीण आज खुश हैं। ग्राम पंचायत केसरपुर कला में स्वच्छता,शुद्ध पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,आवास, खेल, इंटरलॉकिंग,

### ग्राम प्रधान अनीस खा गुड्डू ने सचिव अरेंद्र सिंह गंगवार के साथ मिलकर लिख दी विकास की नई इबारत

सीसी रोड निर्माण,जल संरक्षण, टीकाकरण,गोवंश संरक्षण, विरासत संरक्षण,ओपेन व इंडोर जिम,घर-घर से कूड़ा संग्रहण,मोहल्ला पार्क,आठवीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा जैसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य ग्राम पंचायत केसरपुर कला के ग्राम प्रधान ने अपनी पंचायत में किए हैं। गांव में विकास कार्यों की नई इबारत लिखी है।जिसकी प्रशंसा चारों तरफ हो रही है।लोगों का कहना है कि अन्य प्रधानों को केसरपुर कला के प्रधान से सीख लेनी चाहिए। ताकि केसरपुर कला गांव की तरह प्रत्येक गांव केसरपुर कला की तरह दिख सके।ग्राम प्रधान द्वारा किए जा रहे हैं।गांव के विकास कार्यों में सचिव अरेंद्र सिंह गंगवार कांधे से काधा मिलाकर विकास कार्यों को अंजाम दे रहे हैं ।

# परिषदीय विद्यालय में समर कैंप का हुआ आयोजन ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद में 21 मई से 10 जून तक विद्यालयो में समर कैंप का आयोजन शुरू हो गया हैं। बुधबार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बरातबोझ इसकी शुरुआत हो गई हैं।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अमरिया ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह उर्फ़ निशान सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी उमेंद्र दत्त त्रिपाठी की उपस्थिति में समर कैंप का उद्घाटन किया गया। बच्चों को समर कैंप में होने वाली सभी गतिविधियों के विषय में अवगत कराया गया। योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम,ईको क्लब शिल्प कार्य,संगीत रीडिंग एण्ड लर्निंग कौशलों आदि पर प्रकाश डाला गया इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा सहित छात्र- शिक्षकगण और अभिभावक गण उपस्थिति रहे है।

# चेयरमैन ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। यूपी की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर के सीमा विस्तार पूरनपुर नगर पालिका को आदर्श नगर पालिका बनाये जाने, रामलीला मैदान पूरनपुर की भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने,कान्हा गौशाला के सौंदर्यीकरण व अन्य क़ई विषयों को लेकर चर्चा की एवं सम्बंधित पत्रक भी सौंपा।

चेयरमैन पूरनपुर की कार्य प्रणाली एवं भविष्य की कार्य योजनाओं पर विश्वास जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता को नगर के चहु-मुखी विकास हेतु विशेष सहयोग देने का आश्वासन दिया है।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता द्वारा मुख्यमंत्री को लगातार मिल रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता के साथ उनकी धर्मपत्नी कल्पना गुप्ता,मैलानी चेयरमैन कीर्ति माहेश्वरी एवं उनके पति भवानी शंकर माहेश्वरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे है।

## दीवार के मलबे में दबकर महिला की मौत

अमेठी । जनपद अमेठी में बुधवार की देर रात आई तेज आंधी और बारिश ने जमकर तांडव मचाया। मूसलाधार बारिश की वजह से कच्ची दीवार गीली हो गई और सुबह उसी दीवाल के बगल काम कर रही बुजुर्ग महिला पर दीवाल भरभरा कर गिर पड़ी। दीवाल की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई है।मामला थाना शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के गांव मैंझार का है।थाना क्षेत्र के मैंझार गांव में गुरुवार को दीवार के नीचे दबकर वृद्ध महिला की मौत हो गयी है।मृतका सीतापति उम्र उनसठ वर्ष पत्नी शत्रोंहन की गुरुवार की सुबह दीवार के नीचे दबकर मौत हो गयी। मृतका के पति शत्रोहन ने बताया कि बुधवार की रात आंधी के साथ तेज बारिश होने के कारण दीवार गीली थी। गुरुवार को सुबह कुछ काम से कच्ची कोठरी के अंदर गयी थी तभी अचानक कच्ची दीवार भरभरा कर गिर पड़ी जिससे सीतापति मलबे के नीचे दब गयी। परिजन पड़ोसियों के साथ जब तक मिलकर मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।वृद्धा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रकृति के प्रति जागरूकता विजेताओं को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।अवध पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस पर एक प्रेरणाप्रद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाधान विकास समिति और डब्लूडब्लूएफ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जैव विविधता के महत्व से अवगत कराना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंध निदेशक आशीष मिश्रा, संसाधित व्यक्ति लक्ष्मीकांत शर्मा और वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के प्रेरक विचारों के साथ हुई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति की हर प्रजाति जीवन चक्र की एक अहम कड़ी है और इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य विरासत साबित होगा।विद्यालय की प्रधानाचार्या आरती मिश्रा ने बच्चों को प्रकृति से जुड़ने, उसे समझने और उसकी रक्षा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जैव विविधता के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है और इसका संरक्षण ही संतुलित भविष्य की नींव है।कार्यक्रम को और अधिक ज्ञानवर्धक बनाने के लिए क्विज़ और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रखर त्रिवेदी और दीक्षा सैनी ने संवादात्मक और रोचक तरीके से किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और उनके उत्तरों से प्रकृति के प्रति उनकी जागरूकता स्पष्ट रूप से सामने आई।

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप कक्षा 7 के मिसवाह ने प्रथम स्थान, कक्षा 7 के शावेज़ ने द्वितीय स्थान और कक्षा 8 के दक्ष गंगवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों में भी उत्साह का संचार हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू गुप्ता, पूजा शर्मा, प्रज्वल लोधी और हुस्ना का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।समापन के दौरान विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल उनके ज्ञान को समृद्ध करते हैं, बल्कि उन्हें प्रकृति के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करने की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। सभी ने संकल्प लिया कि जैव विविधता के संरक्षण में अपना योगदान अवश्य देंगे।

## श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा



तिलोई अमेठी **कैनविज टाइम्स संवाददाता**। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता स्थित प्राचीनतम बाबा उजियारनाथ मंदिर प्रांगण में प्रारम्भ हो रही श्रीमद भागवत कथा से पूर्व गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में भक्तगणों के साथ ही महिलाएं शामिल हुई और भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया। बाबा उजियार नाथ मंदिर के प्रांगण से निकली कलश यात्रा कस्बा के प्रमुख मंदिरों का भ्रमण करते हुये बाबा दतहरेश्वर धाम पहुंची जहां स्थित सरोवर से जल भरकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में श्रद्धालु डीजे व बैंड बाजे की धुन पर अबीर ग़ुलाल उड़ाते हुये खूब धमाल मचाया। कार्यक्रम स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया।अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य बिपिन बिहारी दास जी महराज द्वारा श्रोताओं को कथा का रसपान कराया जायेगा। इस मौके पर विजय मिश्रा, बद्री नारायण मिश्रा,वैभव मिश्र, नवकंज मिश्रा, अर्पित, अनुराग, पवन कुमार,वंदना, स्वर्णिमा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

अवैध खनन पर नहीं लग रही लगाम दो मिट्टी चोरों पर मुकदमा दर्ज मचा हड़कंप

पीलीभीत ।जनपद में अवैध खनन की गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु खनन अधिकारी द्वारा दिनांक 15.05.2025 को पूरनपुर हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। खनन अधिकारी द्वारा गुरूवार को खनिज वाहनों की जांच के दौरान 04 ट्रकों को पकड़कर थाना गजरौला को सुपुर्द किया। समीर पुत्र शहशांह व मोईन पुत्र हनीफ निवासी अमरिया द्वारा अवैध रूप से उप खनिज से लदे वाहनों को पास कराने कार्य करते है। उन्होंने उक्त दोनों के थाना गजरौला में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुकदमा दर्ज होते ही जनपद के कई मिट्टी चोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## जर्जर सड़क और टूटी पुलिया बनीं हादसे का सबब अधिवक्ता ने की मरम्मत करने की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव कजरी निरंजनपुर से अंडबोजी के मध्य झुकना नदी को पार करने के लिए लगभग 4 किलोमीटर का डामर मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। वहीं नदी पर बनी पुलिया में भी खतरनाक बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं।जिससे ग्रामीणों में दुर्घटना का भय बना हुआ है। यह मार्ग नेशनल हाईवे संख्या 730 को हाईवे 730इ बंडा मार्ग से जोड़ता है। इसमें ग्राम गढ़वाखेड़ा,कजरी निरंजनपुर, अंडबोजी व पिपरिया मजरा सिकराना जैसे कई गाँव आते हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली वाहन,किसान, कृषि यंत्र, व्यापारी,छोटे-बड़े वाहन और आम नागरिक आवागमन करते हैं।लेकिन सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है। कि चलना दूभर हो गया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्राम कजरी निरंजनपुर निवासी एडवोकेट पलविंदर सिंह ने लोक निर्माण विभाग को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर तत्काल सड़क और पुलिया की मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

## पूरनपुर स्टेशन पर स्पेशल ट्रेनो का स्टॉपेज ना होने से लोग नाराज

पूरनपुर ।ब्रॉडगेज होने के बावजूद नगर पूरनपुर तथा आसपास ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोग जो की रेल संचालन का लाभ लेकर पीलीभीत, बरेली, दिल्ली, लखनऊ अन्य जगह सुविधा जनक यात्रा करते थे।आज रेल विभाग से मायूस हैं।

पूरनपुर से बरेली तक सीधी ट्रेन ना होने से नगर के विद्यार्थियों, वकीलों ,अध्यापकों, दुग्ध व्यापारियों, नगर के व्यापारियों सहित क्षेत्र की आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। लखनऊ से बरेली तथा दिल्ली तक सीधी रेल सुविधा की मांग यहां की जनता पिछले कई बरसों से लगातार कर रही है दुर्भाग्य की बात है कि समर स्पेशल ट्रेने जो कि रेल विभाग द्वारा चलाई गई है, लाल कुआं से बनारस 05029 तथा 05030 तथा 04049 तथा 04050 मैलानी से नई दिल्ली के मध्य चलाई गई ट्रेन का स्टॉपेज भी पूरनपुर नहीं दिया गया है।जिनका ठहराव पूरनपुर होना अति आवश्यक है। इसके अलावा पूर्व में मीटर गेज में चलने वाली रोहिलखंड एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का बरेली से लखनऊ के मध्य रेल संचालन होना अति आवश्यक है परन्तु रेलवे प्रशासन द्वारा मांग पूरी न होने से आम जनता में मायूसी के साथ-साथ रोष भी व्याप्त है।क्योंकि सीधा रेल संचालन न होने के कारण नगर के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## डीएम ने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल सेम्भुई का किया निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान ने गुरुवार को विकास खण्ड गौरीगंज के अंतर्गत संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल, सेम्भुई का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, उनके आहार, चिकित्सा और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में संरक्षित एक सौ चालीस गोवंशों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कुछ गोवंशों की ईयर टैगिंग नहीं की गई है जिस पर उन्होंने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीमार गोवंशों के उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वर्तमान में एक गोवंश बीमार है, और पशु चिकित्सक समय-समय पर आकर आवश्यक चिकित्सा सेवा प्रदान करते हैं। हरे चारे की उपलब्धता के संबंध में जानकारी देते हुए केयरटेकर ने बताया कि कुछ दिनों से हरा चारा उपलब्ध नहीं हो पाया है। हालांकि, गौशाला में साढ़े तीन सौ कुंतल भूसा तथा पैंतालिस बोरी पशु आहार वर्तमान में उपलब्ध है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गोवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में भूसा एवं पशु आहार उपलब्ध कराया जाय और हरे चारे की सतत

## पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने थाना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, कर्मचारी बैरक, मैस एवं शौचालय आदि का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय में रखे गए विभिन्न अभिलेखों एवं प्रपत्रों की जांच की गई तथा उन्हें अद्यावधिक अप-टू-डेट करने एवं सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया कि थाना पर नियुक्त समस्त महिला एवं पुरुष आरक्षियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों का नियमित अभ्यास कराया जाए। इसके अतिरिक्त माल-मुकदमाती व लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए।थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही कर्मचारी बैरकों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता पर शीघ्र कराने हेतु आदेशित किया गया।पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, डीजी मुख्यालय, जोन, परिक्षेत्र एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु विशेष निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को जनसुनवाई के दौरान आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी,दरोगा सौरव कुमार भी उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबंध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) के प्रांतीय अधिवेशन में विनय तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पद पर सर्वसम्मति से चुनें जाने पर शिक्षक नेता ने रणवीर सिंह ने बुके देकर अभिनंदन व शुभकामना देते हुए स्वागत करते हुए सम्मानित किया'। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत रहूंगा।गौरतलब हो कि कल बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अधिवेशन में शिक्षक एम एल सी माननीय देवेन्द्र प्रताप सिंह ने अधिवेशन की अध्यक्षता की थी प्रांतीय अधिवेशन में सर्वसम्मति से माननीय को संरक्षक चुना गया उक्त अधिवेशन में सभी जनपदों के अध्यक्ष मंत्री मांडलिक मंत्री उपस्थित रहे थे ।

# सनातन संस्कृति की पुनरस्थापना की अग्रदूत थी अहिल्याबाई : दिलीप पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी तीन सौ वीं जयंती स्मृति अभियान को लेकर गुरुवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने अहिल्याबाई होल्कर को धर्म,न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताया।उन्होंने कहा कि वह सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थस्थलों का पुनरोद्धार कराया वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है, अहिल्याबाई होल्कर आदर्श शासन की शिल्पकार रही हैं जिनकी प्रशासनिक दक्षता उन्होंने खुद ही लगान वसूली न्याय और प्रजा की समस्याओं का समाधान प्रारंभ किया और राजकोष को जनता का धन समझते थी



अहिल्याबाई होल्कर का जन्म इकतीस मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमद नगर जनपद स्थित चांडी ग्राम में हुआ था अहिल्याबाई प्रारंभ से ही विलक्षण प्रतिभा और प्रखर बुद्धि की ढाणी थी उनके पिता मैंकोजी शिंदे मराठा साम्राज्य में पाटिल के पद पर कार्यरत थे उन्होंने अपनी पुत्री को मर्यादा नीति और धर्म का संस्कार बचपन में ही दिया था विवाह के उपरांत अहिल्याबाई मालवा राज्य की बहू बनी और कालांतर में राज्य की महारानी यह मार्ग सरल ना था युद्ध में पति खंडेराव की मृत्यु फिर ससुर मल्हा राव का निधन और अंततः इकलौते पुत्र वाले राव की आशा माइक मृत्यु यह सारे आघात अहिल्याबाई पर एक के बाद एक टूटे परंतु उन्होंने इन्हें दुर्बलता नहीं बल्कि दायित्व का आवाहन समझा ग्यारह दिसम्बर 1767 को जब उन्हें विधिवत राज्याभिषेक कर राज सिंहासन सोपा गया तब उन्होंने न केवल राज्य को स्थाई तो दिया बल्कि अपनी दूर दृष्टि न्याय प्रियता और धर्म निष्ठा से उसे समृद्धि की ओर अग्रसर कियाउन्होंने देश भर में मंदिरों को धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण कराया जिनमें काशी गया सोमनाथ द्वारिका रामेश्वरम जैसे तीर्थ स्थलों का विशेष उल्लेखनीय स्थान है अहिल्याबाई न केवल धर्म प्रेमी थी बल्कि उत्कृष्ट शासन भी वह सैनिक रणनीति में निपुण थी राज्य की आय पर प्रणाली को व्यवस्थित करती थी और महिला सशक्तिकरण का मूर्ति मां प्रेरणा थी उनके शासनकाल में मालवा ना की और राजनीतिक रूप से स्थिर रहा बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नयन का भी केंद्र बना 13 अगस्त 1795 को जब अहिल्याबाई लोक से विदा हुई तब वह अपने पीछे एक आदर्श राज्य मॉडल छोड़ गई जिसमें शक्ति सेवा आयोग और संयम का प्रतीक माना जाता है।

# विवादों में रहने वाली जिला पंचायत अध्यक्ष का नया कारनामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। भारतीय जनता पार्टी की जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह व उनके ब्लॉक प्रमुख पति बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह सहित बाहुबली पूर्व प्रमुख धनपतगंज यशभद्र सिंह मोनू का सोशल मीडिया पर वायरल होने वाला वीडियो यूपी पुलिस को कटघरे में खडा करता नजर रहा है। अगर बात करें तो उषा सिंह की तो बीते दिनों भारत पाकिस्तान के बीच होने वाले युद्ध की स्थिति के दौरान भाजपा के शीर्ष कमांडरों के आदेशों की सहमति दर्ज कराती नजर आई लेकिन भाजपा की कमान द्वारा सिंदूर तिरंगा यात्रा के दरमियान जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह द्वारा अमर्यादित टिप्पणी करते हुए सिर्फ नेतृत्व को ही कटघरे में नहीं खड़ा कर दिया. जबकि



मामला भी ठंडा नहीं हुआ था कि भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह के साथ लखटकिया बदमाश सिराज अहमद का सोशल मीडिया पर वायरल होने वाला वीडियो सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया। मामला यहीं नहीं रुकता है बल्कि भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह के पति व ब्लॉक प्रमुख बाल्दीराय शिवकुमार सिंह समेत बाहुबली यशभद्र सिंह मोनू का वीडियो चर्चाओं का बाजार गर्म कर रहा है ऐसे में बात तो यह नजर आ रही है कि यूपी एसटीएफ व सुल्तानपुर पुलिस के संयुक्त ज्वाइंट ऑपरेशन में नदारद रहने वाले सिराज अहमद आखिरकार सत्ताधारीयों के गलियारों में कैसे कुलाचें मार रहे है। बहरहाल इस मामले पर सुल्तानपुर पुलिस अधीक्षक कुवंर अनुपम सिंह ने चुप्पी साध रखी है तो वहीं दूसरी तरफ अयोध्या आईजी प्रवीण कुमार ने एसपी सुल्तानपुर से वार्ता करने की बात कहते हुए मामले को लेकर मौन धारण कर लिया।

## सिलाई के साथ कंप्यूटर का प्रशिक्षण निशुल्क आज से शुरू

पीलीभीत। सभी को सहर्ष सूचित कर रहे है।कि बड़ौदा आरसेटी में 30 दिवसीय सिलाई का प्रशिक्षण 22 मई से शुरू होने जा रहा है। जिसमे कैंडिडेट्स को इतनी बारीकी से सिलाई सिखाई जाती है। कि वह परफ़ेक्ट टेलर बन सके। सिलाई के साथ कंप्यूटर भी सभी कैंडिडेट्स को सिखाया जायेगा सिलाई का प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क यानि फ्री रहेगा। साथ ही इसमें चाय नाश्ता खाना आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी इसके अतिरिक्त कॉपी पेन ड्रेस आदि भी उपलब्ध रहेगा। सीखने का सारा मटेरियल भी संस्थान ही उपलब्ध करवाएगा।संस्थान द्वारा दिए जाने वाले डिप्लोमा पर ब्याज रहित लोन की सुविधा रहेगी। आवश्यक शर्ते कैंडिडेट्स स्वयं सहायता समूह से जुड़ा होना चाहिए या उसका नाम राशन कार्ड में होना चाहिए। आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष होनी चाहिए।कम से कम 8 वीं पास होना चाहिए।दस्तावेज़ में आधार कार्ड की कॉपी स्वयं सहायता समूह की पास बुक की कॉपी 3 फोटो मार्कशीट लेकर बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान विकास भवन पीलीभीत में जमा कर सकते है।

# ऑपरेशन असहिष्णुता

किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि वहां सभी तरह की वैचारिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाए। बशर्ते अभिव्यक्ति समाज में विभाजन की कारक और राष्ट्र के हितों के विरुद्ध न हो। हरियाणा में अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफ़ेसर अली खान महमूदाबाद की सोशल मीडिया पोस्ट पर उठे विवाद के बाद की गई गिरफ्तारी ने कई सवालों को जन्म दिया है। दरअसल, प्रोफ़ेसर अली खान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के कुछ पहलुओं को लेकर सवाल उठाए थे। यह घटनाक्रम हमें याद दिलाता है कि देश में असहमति के विचारों को कैसे देश के विरुद्ध दर्शाया जा रहा है। हरियाणा पुलिस ने अपनी कार्रवाई के पक्ष में दलील दी है कि प्रोफ़ेसर की टिप्पणी भारत की एकता को खतरे में डालने वाली है। निस्संदेह, यह घटना विचार और स्वतंत्र अभिव्यक्ति को संदिग्ध रूप में दर्शाने का उपक्रम नजर आता है। यह स्पष्ट है कि प्रोफ़ेसर महमूदाबाद की आवाज कोई सतही टिप्पणी नहीं है। वे एक सम्मानित अकादमिक और सार्वजनिक विमर्श में सक्रिय रहने वाले बुद्धिजीवी हैं। जिन्हें भारत के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने के साथ विचारशील जुड़ाव के लिये जाना जाता है। उनकी टिप्पणी भले ही कितनी भी आलोचनात्मक क्यों न हो, उसे राष्ट्रीय एकता के लिये खतरे के रूप में चित्रित करना एक अतिशयोक्ति ही कही जाएगी। निश्चित रूप से इस मामले में पुलिस की कार्रवाई एक ऐसी अस्वीकार्य मिसाल है, जो कालांतर लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण ही करती है। प्राचीन काल से ही हमारे विश्वविद्यालय रचनात्मक बहस के लिये उपयुक्त स्थान के रूप में जाने जाते रहे हैं। जहां राज्य की निगरानी के जरिये हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं होती थी। सवाल इस घटनाक्रम के समय व संदर्भ को लेकर भी उठाए जा रहे हैं। निश्चित रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर', एक ऐसा सैन्य अभियान था, जिसे व्यापक सार्वजनिक जनसमर्थन और मीडिया कवरेज मिली। सही मायने में एक परिपक्व लोकतंत्र में किसी भी आलोचना को सहज भाव से लिया जाना चाहिए। निस्संदेह, स्वतंत्र वैचारिक अभिव्यक्ति पर सवाल खड़े करना और उसे दंडात्मक कार्रवाई के जरिये दबाने का प्रयास अस्वीकार्य ही है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अकादमिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी किसी सत्ताधारी व्यवस्था की मर्जी से दिए गए विशेषाधिकार नहीं है, ये संवैधानिक गारंटी हैं। यह सुखद ही है कि देश की सर्वोच्च अदालत ने प्रोफ़ेसर महमूदाबाद की याचिका पर सुनवाई करने के लिये सहमति दे दी है। जो इस मामले में एक उम्मीद की किरण कही जा सकती है। लेकिन सार्वजनिक जीवन में अपमान के बाद राहत के लिये कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जूझना व्यक्ति के लिये कष्टदायक ही है। यह सही समय है कि हमारी संस्थाएं देशभक्ति को अंध आज्ञाकारिता के रूप में परिभाषित न करें। सही मायनों में सच्ची देशभक्ति सवाल करने, विचार करने और यहां तक कि असहमति जताने की क्षमता में निहित है। जिसको लेकर सलाखों के पीछे डालने का भय नहीं होना चाहिए। सही मायनों में एक ट्वीट पर एक प्रोफ़ेसर की गिरफ्तारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा नहीं करती बल्कि यह केवल राष्ट्रीय असुरक्षा को ही उजागर करती है। यही वजह है कि देश की कई चर्चित हस्तियों व राजनेताओं ने प्रोफ़ेसर अली के समर्थन में आवाज उठाई है। उन्होंने उन आक्षेपों को खारिज किया है जिनमें उनकी पोस्ट को महिला विरोधी और धार्मिक द्वेष फैलाने वाला बताया गया। उन्होंने सवाल उठाये हैं कि उनकी टिप्पणी कैसे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिये चुनौती है। वे मानते हैं कि पहले मध्य प्रदेश के उस मंत्री के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए थी, जिसने वास्तव में कर्नल सोफिया के विरुद्ध नकारात्मक टिप्पणी की थी। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई न होना कई सवालों को जन्म देता है। लेखक व कुछ प्रोफ़ेसर हरियाणा पुलिस की तत्काल कार्रवाई पर भी सवाल उठा रहे हैं। कुछ बुद्धिजीवियों का मानना है कि असली लोकतंत्र वही होता है जहां स्वतंत्र अभिव्यक्ति के रास्ते बंद नहीं होते। बुद्धिजीवी, शिक्षा व लेखक बिरादरी के लोग अशोका यूनिवर्सिटी से आग्रह कर रहे हैं कि वह अपने प्रोफ़ेसर को संबल दे।

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये?

**न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दर्शाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है।**

विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे? न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दर्शाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके। भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरुआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरुआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था। इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है। गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है। अब तक आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल आदि राजनीतिक दलों में ही भ्रष्टाचार के किस्से सामने आ रहे थे, अब भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों पर भी ऐसे आरोप लगना ज्यादा चिन्ताजनक है। प्रश्न भाजपा का ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसके खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह नये भारत, सशक्त भारत, ईमानदार भारत बनाने की सार्थक पहल है। राजनीतिज्ञों, जजों, प्रशासनिक अधिकारियों की साख गिरेगी, तो राष्ट्र की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। चहुंओर पसरे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से विकास के दावों का विद्रूप रूप ही सामने आता है। हमारे पास कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के बाद तीसरा नंबर कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही ऐसे औजार है, जो देश को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ आरपार की लड़ाई के लिए काफी कठोरता, निष्पक्षता, वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, सख्त कदम उठाने की अपेक्षा है। ऐसी ही उम्मीदभरी एवं भ्रष्टाचार-निरोधक कार्रवाई से भारत का लोकतंत्र समृद्ध हो सकेगा। **– ललित गर्ग**

# बदला युद्ध है आपरेशन सिंदूर

**अरविन्द मोहन**

मात्र तीन दिन चले युद्ध या सैनिक अभियान ने पारंपरिक अर्थ में निर्णायक जीत हार का फैसला नहीं किया लेकिन इसने भारत और पाकिस्तान के राजनेताओं में जीत और हार के दावे से लेकर दुनिया भर के सैन्य विशेषज्ञों के लिए आगे काम करने का काफी मसाला दे दिया है। अब टीवी की चर्चाओं और हमारे पक्ष-विपक्ष के राजनैतिक अभियानों से किसी को भ्रम हो सकता है कि हम युद्ध का तकनीक और वैज्ञानिक अध्ययन और फिर सुधार का प्रयास नहीं कर रहे हैं लेकिन ऐसा है नहीं। सबको इस सैन्य कार्रवाई में इतना साफ लगा कि लड़ाई का मैदान बदल गया है और अगर भारत ने साफ बढ़त ली या अपने उद्देश्य लगभग हासिल कर लिए तो इसलिए कि उसके पास बेहतर तकनीक वाले ड्रोन थे और उसकी क्रूज मिसाइलों का निशाना सटीक बैठा जबकि पाकिस्तान बदमाशी करते हुए सिर्फ तोप और विमानों के सहारे हमारे नागरिक ठिकानों पर बमबारी करता रहा। इस हमले को भी भारत ने तकनीक के सहारे काफी हद तक विफल किया क्योंकि हमारे एयर डिफेंस में बेहतर तकनीक वाले उपकरण थे। पाकिस्तान के ज्यादातर हमलों को हवा में ही उड़ा दिया गया। हमने उनके एयर डिफेंस सिस्टम को जैम करके उनके नौ सैनिक हवाई अड्डों को निशाना बनाया और उनकी ताकत खत्म की। ज्यादातर काम बेहद मामूली खर्च से तैयार होने वाले ड्रोन और क्रूज मिसाइलों के सहारे हुआ। इसकी वजह उनका सस्ता होना न होकर उपयोगी होना है। वे पेड़ों और पहाड़ियों के बीच इतनी काम ऊंचाई पर उड़ते हुए लक्ष्य तक जाते हैं कि दुश्मन के राडार उनको जान ही नहीं पाते। और लक्ष्य भेदकर अगर वे खत्म हो भी जाते हैं तो सेना के बजट पर कोई फरक नहीं पड़ता। नौसेना के बड़े जहाजों और पनडुब्बियों के खर्च की बात ही छोड़िए एक एक सैन्य विमान और टैंक आज इतनी कीमत में आते हैं कि हजारों ड्रोन एक जहाज की कीमत में तैयार हो जाते हैं। आज अमेरिकी एफ-35 विमान दस करोड़ डालर का है। ड्रोनो को प्रयोग में लाना ही आसान नहीं, है, इनको बनाना भी आसान और किफायती है। सबसे अच्छे माने जाने वाले दरों भी एक हजार डालर तक के खर्च पर तैयार हों जाते हैं। अगर खाड़ी युद्ध ने तीस साल पहले यह संदेश दिया कि युद्ध अब तकनीक से लड़े जाते हैं तो रूस-यूक्रेन युद्ध और आपरेशन सिंदूर के भारत- पाकिस्तान टकराव ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य की लड़ाई में ड्रोन और क्रूज मिसाइलों का युग ही आने वाला है। बड़े विमान और मजबूत सैन्य ठिकाने भी इनकी जद में आकर बेकार साबित हो रहे हैं। यूक्रेन पचास लाख ड्रोन हर साल बना रहा है और उसी से रूस का मुकाबला कर रहा है। अब ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान के पास हथियार न हों या उसके पास ड्रोन की तकनीक न हों या उसने एयर डिफेंस सिस्टम पर खर्च नहीं किया है। असली दिक्कत यह हुई कि उसने सस्ते चीनी उपकरण लगाए और महंगे जहाज(अमेरिका से भी) खरीदे थे। एयर डिफेंस प्रणालियों के बारे में जानकार यह कह रहे हैं कि वे हमसे एक जेनरेशन पीछे के हैं और रिवर्स तकनीक से (अर्थात फोटो कापी जैसा तैयार करना) बनाए गए हैं। चीन ने ऐसा क्यों किया या उसने सिर्फ अपने व्यावसायिक हितों की रखवाली के लिए इन्हें, लगाया था यह स्पष्ट नहीं है। हो सकता है कि पाकिस्तान में दलाली ज्यादा हों। वैसे उसके पास पैसे न होने की बात जगजाहिर है। वे एक ही झटके में फ़ेल हुए और हमारी रक्षा प्रणाली ने उनके लगभग सारे हमलों को फ़ेल कर दिया यह इस युद्ध की सच्चाई है। युद्ध विराम की गुहार इसी के चलते हुई और अमेरिकी दखल की मांग पाकिस्तान सदा से करता रहा है। इसलिए युद्ध विराम को लेकर हमारे नेतृत्व को जितनी सफाई देनी है उससे ज्यादा पाकिस्तान और अमेरिका को देनी चाहिए। पाकिस्तान में सरकार, आतंकवादी और सेना का मतलब एक ही है, यह बात साफ जाहिर हो जाना आपरेशन सिंदूर से सामने आया दूसरा सच है। फौजी अधिकारी मारे गए आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए। सारे बड़े आतंकियों को, जिनमें कुछ संयुक्त राष्ट्र द्वारा चिह्नित भी हैं, पाकिस्तान सरकार और फौज ने छुपा लिया। भारत में यह राजनैतिक मुद्दा बना हुआ है कि कार्रवाई के पहले पाकिस्तान को सूचित करने से उसे आतंकियों को छुपाने का अवसर मिल गया। यह राजनैतिक लड़ाई का मुद्दा हो सकता है लेकिन यह बात तो कोई भी समझ सकता था कि पहलगाम नरसंहार के भारत घुसकर मारेगा ही। मामला सिर्फ समय का था कि ऐक्शन में कितना समय लगेगा। यह आपदा में अवसर बनकर आया था।

## सेहत मंत्र

# सिर्फ सब्जी नहीं है भिंडी, आपके शरीर को पहुँचाती है यह बड़े लाभ

भिंडी एक ऐसी सब्जी है, जिसे अधिकतर घरों में बनाया जाता है। यह खाने में जितनी लजीजदार होती है, उतनी ही सेहतमंद भी होती है। यह आपके ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्राल को कंट्रोल करने से लेकर आपके मूड को बेहतर बनाती है। भिंडी हर व्यक्ति को किसी न किसी रूप में फायदा ही पहुंचाती है। तो चलिए आज हम आपको भिंडी से होने वाले लाभों के बारे में बताते हैं- पोषक तत्वों से पैकः भिंडी के सेवन का एक सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को लाभ पहुंचाते हैं। इसमें आपको कैल्शियम, आयरन से लेकर जिंक, पोटेशियम, एंटी ऑक्सीडेंट्स व डायटरी फाइबर आदि पाए जाते हैं। यह सभी तत्व शरीर के विकास में अहम भूमिका अदा करते हैं। बूस्टअप करे एनर्जीः आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में अधिकतर लोग हमेशा ही थकान और शरीर में ऊर्जा की कमी का रोना रोते हैं। ऐसे लोगों को अपने भोजन में भिंडी को जगह अवश्य देनी चाहिए। दरअसल, भिंडी में मौजूद बीजों में कुछ एंजाइम्स व पोषक तत्व पाए जाते हैं जो रक्त में लैक्टिक एसिड व अन्य केमिकल के स्तर को कम करते हैं। यही केमिकल आपकी थकान की मुख्य वजह बनते हैं। वजन कम करने में सहायकः अगर आप अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं तो भी भिंडी आपके वजन को नियंत्रित करने में आपकी मदद कर सकती है। दरअसल, भिंडी में डायटरी फाइबर पाया जाता है और जब आप इसका सेवन करते हैं तो आपको लंबे समय तक पेट भरे होने का अहसास होता है। ऐसे में आप अतिरिक्त कैलोरी का सेवन करने से बच जाते हैं। वहीं दूसरी ओर, भिंडी में कैलोरी कम मात्रा में पाई जाती है, जबकि पोषक तत्व काफी मात्रा में पाए जाते हैं। अर्थात आप कम कैलोरी में अपने शरीर को सही पोषण प्रदान कर रहे हैं। अगर आप अपने आहार में भिंडी को शामिल करते हैं तो आप अपने शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बेहद आसानी से बनाए रख सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# हर संकट को हर लेता है सुंदरकांड का पाठ

रामचरितमानस में भगवान के गुणों और महिमा को दर्शाया गया है, लेकिन दूसरी ओर रामचरितमानस के सुंदरकांड की कथा सबसे अलग है। इसमें भगवान राम के गुणों के साथ साथ भक्तों के गुणों की बात बताई गई हैं, इसमें उसकी विजय की भी बातों का वर्णन है। सुंदरकांड का पाठ करने वाले भक्त को हनुमान जी बल प्रदान करते हैं। और ये पाठ करने से आपके आसपास नकारात्मक शक्ति नहीं भटक सकती, और व्यक्ति को अद्भुद शक्तियां प्राप्त होती है। सुंदरकांड पाठ को करने से बिगड़ते काम बन जाते हैं और यदि व्यक्ति का आत्मविश्वास कम हो जाए इससे ठीक हो जाता है, सुंदरकांड का पाठ करने से सभी काम अपने आप ही बनने लगते हैं। ज्योतिषशास्त्र के नजरिये से देखा जाए तो यह पाठ घर के सभी सदस्यों के ऊपर मंडरा रहे अशुभ ग्रहों से छुटकारा दिलाता है। यदि स्वयं यह पाठ ना कर सकें, तो कम से कम घर के सभी सदस्यों को यह पाठ जरूर सुनना चाहिए। अशुभ ग्रहों का दोष दूर करने में लाभकारी है सुंदरकांड का पाठ यहां तक कि यह भी कहा जाता है कि जब घर पर रामायण पाठ रखा जाए तो उस पूर्ण पाठ में से सुंदरकांड का पाठ घर के किसी सदस्य को ही करना चाहिए। इससे घर में सकारात्मक शक्तियों का प्रवाह होता है। यदि कोई स्त्री नियमित रूप से शनिवार को चमेली का दीपक जलाकर सुन्दरकांड का पाठ करती है, या किसी योग्य ब्राह्मण से करवाती है तो उसका घर, पति तथा बच्चे हर प्रकार की विपदा से बचे रहते हैं। यदि साप्ताहिक ना हो सके तो भी माह में कम से कम एक बार सुंदरकांड घर में अवश्य ही होना चाहिए। सुंदरकांड का पाठ करने से आपकी दरिद्रता दूर होती है और यह पाठ करने से आपके रोग भी दूर होतो हैं।

## पर्यटन



# महाराष्ट्र का कश्मीर है महाबलेश्वर, यहां जानिये मराठाओं का गौरवशाली इतिहास

बादलों के बीच से झाकती पहाड़ियां.., ओस की बूंदों से भीगी सड़कें.., चारों तरफ फैली हरियाली.., लगातार होती रिम-झिम बरसात.. महाबलेश्वर को महाराष्ट्र का कश्मीर माना जाता है। इसको सभी हिल स्टेशनों की रानी के रूप में भी जाना जाता है। यह पहाड़ी स्टेशन सतारा जिले के सह्याद्री पहाड़ियों के केंद्र में 1,438 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। इसका नाम भगवान महादेव मंदिर और तीन संस्कृत शब्द, महा (महान), बाल (शक्ति) और ईश्वर (ईश्वर) से लिया गया है। कुछ लोग पौराणिक अतीत के साथ नाम भी संबोधित करते हैं क्योंकि नाम 'महाबलेश्वर' का अर्थ शक्तिशाली भगवान है। आजादी से पहले अंग्रेजों ने इस खूबसूरत जगह को अपने हॉलीडे पॉइंट बनाया था वो अकसर या कुदरत की सुंदरता का आनंद लेने यहां आते थे। अगर इस पहाड़ी से नीचे देखा जाए तो आपको समुद्र और घाटी के विशाल दृश्य देखने को मिलेंगे। महाबलेश्वर को जलवायु, भ्रमण, खेल और अन्य गतिविधियों के संदर्भ में महाराष्ट्र में सबसे अच्छा छुट्टी का स्थान माना जाता है। महाबलेश्वर हिल स्टेशन की खास जगहः वेन्ना झील- महाबलेश्वर में वेन्ना झील सबसे लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक है। वेन्ना झील प्राकृतिक झील नहीं है क्योंकि इसे 1942 में छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज द्वारा बनाया गया था। हरी-भरी हरियाली से घिरी वेन्ना झील में लगभग 28 एकड़ जमीन का परिसर लगभग 7-8 किलोमीटर है। महाबलेश्वर शहर के लिए पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए झील का निर्माण किया गया था। यह हनीमूनों के साथ-साथ परिवारों के बीच बहुत लोकप्रिय स्थान है। पर्यटकों के लिए रो और पेडल नौकाएं उपलब्ध हैं। प्रतापगढ़ किला महाबलेश्वर में प्रतापगढ़ किला जो प्रतापगढ़ के युद्धस्थल के रूप में भी जाना जाता है। प्रतापगढ़ का किला मराठा सम्राट शिवाजी के उन किलों में से एक है जिन्हें शिवाजी ने अपने निवास स्थान के तौर पर तैयार करवाया था।

# जैव विविधता गोष्ठी नई पीढ़ी को संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली, बाराबंकी।अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के मौक़े पर सुभाष चंद्र बोस जूनियर हाई स्कूल दहेजिया मे एक दिवसीय जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मास्टर रामनरेश यादव ने किया।

जैव विविधता गोष्ठी मे उपस्थित लोगो से रूबरू होते हुए विद्यालय प्रबंधक मास्टर रामनरेश यादव ने कहा कि जैव विविधता के मूल्य समझना आज की नई पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह हमारे ग्रह पर जीवन के लिए आवश्यक है। यह हमारी बुनियादी जरूरतों को पूरा करता है, जैसे कि भोजन, पानी और आश्रय, और यह जलवायु को नियंत्रित करने, हवा को साफ करने और मिट्टी को स्वस्थ रखने जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं भी प्रदान करता है।

कुमार पुष्पेन्द्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का लक्ष्य महत्वपूर्ण चुनौतियों की पहचान करने के साथऽसाथ भावी पीढ़ी के लिए वैश्विक परिसंपत्तियों के रूप में जैव विविधता की भूमिका को समझना भी है। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता 2025 की थीम प्रकृति और सतत विकास के साथ सामंजस्य है। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र रावत ने कहा कि प्राकृतिक विविधता को सुरक्षित रखना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

सहायक अध्यापक मोहित सोनी ने जैव विविधता को परिभाषित करते हुए कहा कि जैव विविधता का आशय पृथ्वी पर उपस्थित समस्त जीवों और पौधों तथा उनके पारिस्थितिक तंत्र की विविधता से है। सहायक अध्यापिका गुड़िया पाण्डेय ने कहा कि जैव विविधता एक विशेष क्षेत्र में जीवों तथा पौधों की विविधता है जिसमें अनेक पारिस्थितिक तंत्र शामिल होते हैं। सहायक अध्यापिका शिवानी ने कहा कि जैव विविधता अनेक प्रकार से प्रभावित और संबंधित होती है जिसके प्रमुख कारक हैंऽ जलवायु, स्थलों की आकृतियां , भूगर्भ का इतिहास और मानवीय गतिविधियां। सहायक अध्यापक विमल सिंह ने कहा कि हमें कक्षा शिक्षण में भी प्रत्येक बच्चे की विविधता का ध्यान रख कर ही शिक्षण कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शरद सिंह सहायक अध्यापक राजेंद्र वर्मा, विमल सिंह, जितेंद्र सिंह, सतीश कुमार, वेद प्रकाश, अंकुर वर्मा, जितेंद्र सिंह यादव, अंजू वर्मा, नबिया बानो, आशु वर्मा , रेखा शर्मा, शालिनी वर्मा, रश्मि वर्मा, तृप्ति गौतम,काजल, मुस्कान, इकरा वारसी, खुशी,ममता आदि भी उपस्थित रहे।

# कोठी पुलिस व पीएसी ने निकाला रूट मार्च, दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी । गुरुवार को कोठी कस्बे में नागरिकों को सुरक्षा का अहसास दिलाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस और पीएसी ने संयुक्त रूप से रूट मार्च किया। यह रूट मार्च कोठी थाना परिसर से प्रारंभ होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जैदपुर रोड, नौबस्ता तथा अन्य प्रमुख क्षेत्रों से होता हुआ सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या तनाव की स्थिति में नागरिक संयम बरतें और पुलिस का सहयोग करें।रूट मार्च में पीएसी की दसवीं वाहिनी के जवानों के साथ थाना कोठी की टीम ने भाग लिया। इस दौरान अतिरिक्त प्रभारी रामनरेश यादव, उपनिरीक्षक अशोक कुमार यादव, शिवसागर तिवारी, विशेष कुरील, राजकुमार यादव, धर्मराज यादव, राहुल, बंटी, अखिलेश, हरवीर, विवेक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# वृद्ध महिला के साथ मारपीट कर की निर्मम हत्या, आरोपी हिरासत में

**देवर और पोते पर हत्याकांड का आरोप,पैसे और संपत्ति बताया जा कारण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ पैसों और संपत्ति की लालच में एक नाबालिग पोते ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अपनी 65 वर्षीय दादी विद्या के साथ मारपीट करने के बाद गला घोटकर निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की बेटी ममता वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मृत्तक की बेटी ममता वर्मा ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि बुधवार देर शाम उनकी अपनी मां विद्या से फोन पर बात हुई थी। उन्होंने बताया था कि वह खुद और पोते के लिए खाना बना रही हैं। रात करीब 9:30 बजे जब ममता ने दोबारा फोन किया तो उठा नही। अगले दिन गुरुवार सुबह क़रीब 8:15 बजे भी संपर्क न होने पर ममता ने पास में रहने वाली एक युवती को घर भेजा। जब पड़ोसी युवती ने घर जाकर देखा, तो विद्या देवी बरामदे में बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी थीं। सूचना पर ममता तुरंत अपने ससुराल से मायके पहुंचीं और पुलिस को जानकारी दी। ममता का आरोप है कि उनकी मां की हत्या उनके चाचा राधेश्याम, उनके दोनों पुत्रों और नाबालिग भतीजे ने मिलकर की है। उन्होंने बताया कि भाई की मृत्यु के बाद उनका भतीजा चचेरे दादा राधेश्याम के साथ रहने लगा था और पिछले तीन दिनों में वह अपनी दादी के पास रुका हुआ था। वह अक्सर अपनी दादी से मासिक खर्च के लिए पैसे मांगता था और मना करने पर नाराज हो जाता था। जिसके चलते मेरी माँ को बेरहमी से मारा गया है। उनके चेहरे और बिस्तर पर खून के धब्बे मिले हैं, जबकि गर्दन पर नाखूनों के निशान और माथे व आंखों पर भी चोट के निशान साफ़ साफ़ दिख रहे है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# माध्यमिक विद्यालयों में समर कैंप भव्य आयोजन, विद्यार्थियों में दिखा जोश–ऊर्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। जिले भर के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित समर कैंप अवसर पर छात्रों में विशेष उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा देखने को मिली। इसी क्रम में विकासखंड निंदूरा के समस्त 63 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में शासन के निर्देश क्रम में प्रातः सात से 10 बजे तक अनुदेशकों व शिक्षामित्र द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कैम्प के द्वितीय दिवस बच्चों को योगाभ्यास के साथ खो-खो, फुटबॉल व अन्य विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी संयुक्त रूप से कराई गई। सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं को खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर ने निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित की गई गतिविधियों के शेड्यूल को पूर्णता अनुपालित किया जाए और बच्चों को उन गतिविधियों से भी जोड़ा जाए जो उन्हें बहुत अच्छी लगती है। जिससे वह खुशी-खुशी समर कैंप का आनंद ले सके और अपने आपको शारीरिक एवं मानसिक तौर पर विकसित कर सके । साथ ही समर कैंप मे नामित अनुदेशक और शिक्षामित्र को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से निर्देश दिए एवं सभी की समस्याओं का समाधान किया , जिससे विकासखंड निंदूरा के समस्त शिक्षको में समर कैंप के प्रति रोचकता बढ़ी । समर कैंप के दौरान कुछ विद्यालयों में स्वयंसेवी संस्थाओं के वॉलिंटियर्स और अध्यापकों द्वारा स्वेच्छा से प्रतिभाग किया गया, इस दौरान बच्चों को पारले जी के बिस्कुट इत्यादि भी वितरित किए गए । यह समर कैंप जनपद बाराबंकी में शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक परिवर्तन की दिशा में एक अभिनव पहल सिद्ध हो रहा है।

## सिंचाई कर रहा किसान की बाइक ले उड़े चोर

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर निवासी सुभाषचंद्र पुत्र नंदकिशोर बुधवार की देर शाम मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बनियातारा स्थित अपने खेत मे पानी लगाने गया था अपनी हीरो प्रो बाईक नम्बर यूपी 41 वाई 9293 को सड़क किनारे खड़ी कर खेत मे चला गया तभी आये एक अज्ञात व्यक्ति ने बाईक को स्टार्ट कर फरार हो गया पीड़ित ने काफी तलाश की परन्तु पता नही चल सका मसौली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाईक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कैंटीन में शराब बेच रहा युवक गिरफ्तार

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना व कस्बा मसौली स्थित डाकखाने के निकट स्थित कैंटीन मे अवैध शराब बेच रहा युवक को मसौली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 सौ एमएल के 24 विंडीज पाव बरामद किये। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। आरोपी खरैला कुआ निवासी अनुराग मौर्य पुत्र जामवंत मौर्य बताया गया है।

## समर कैंप में खंड शिक्षा अधिकारी ने शीर्षासन कर बच्चों को गिनाये लाभ

जहांगीराबाद (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। सकरन विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय कलिमापुर में वृहस्पतिवार को समर कैंप के दौरान बच्चों को शीर्षासन सिखाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी श्री ओंकार सिंह द्वारा स्वयं शीर्षासन करते हुए बच्चों को इसकी बारीकियों को समझाया गया। बच्चों को सेहतमंद रहने के गुण सिखाये। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप समझ, आनंदमय और अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में गत 21 मई से 10 जून तक 17 दिवसीय समर कैंप का आयोजन योग, डिजिटल कौशल विकास, पर्यावरण , विज्ञान संबंधी गतिविधियों, जल संरक्षण, राष्ट्रीय एकता, खेलकूद व क्राफ्ट आदि अनेक गतिविधियां बच्चों को सिखाई व कराई जायेंगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को पेड़ पौधों की देखभाल और सरंक्षण के गुण भी सिखाये ।जायेंगे। प्रत्येक दिन प्रातः 7 से 10 बजे तक समर कैंप संचालित होगा।

# पत्नी की शिकायत पर पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिद्धौर बाराबंकी ।कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दौलतपुर निवासी रोहिनी पाठक ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोहिनी पाठक की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व फतेहपुर कस्बे के मोहल्ला पचगारा निवासी शिवम मिश्रा से हुई थी। विवाह के समय रोहिनी के पिता द्वारा कार सहित अन्य सामग्रियों के साथ पर्याप्त दहेज दिया गया था। लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर रोहिनी का उत्पीड़न किया जाने लगा।

पीड़िता ने बताया कि 14 मई को पति शिवम मिश्रा ने अपने पिता से डेढ़ लाख रुपये लाने की मांग की। इंकार करने पर उसे बेरहमी से पीटकर एक कमरे में बंद कर दिया गया और धमकी दी गई कि रात में जिंदा जला दिया जाएगा। किसी तरह उसने फोन कर अपने पिता को सूचना दी। जब उसके पिता और भाई मौके पर पहुंचे, तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

घटना की सूचना मिलने पर कोठी थाना पुलिस सक्रिय हुई और पीड़िता की तहरीर पर पति शिवम मिश्रा, जेठ शुभम मिश्रा, ससुर महेश प्रसाद मिश्रा और सास संतोषी मिश्रा के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की गई है और आरोपियों के खिलाफ विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा सम्मान रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को ठाकुरगंज क्षेत्र के मल्लाहीटोला व दौलतगंज में तिरंगा सम्मान रैली निकाली। रैली में कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाए। कहा कि भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। गुरुवार को निकली रैली में कार्यकर्ताओं की ओर से पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही भारत की ओर से त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की। भाजपा लखनऊ महानगर महामंत्री रामअवतार कनौजिया ने कहा कि भारतीय सेना के जवानों ने हर बार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उत्तर मंडल एक अध्यक्ष दया शंकर पाण्डेय ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से ही इस प्रकार की हरकतें करते आ रहा है और हमेशा ही भारत के जवान पाकिस्तान पर भारी पड़े हैं।पार्षद उपविजेता दुर्गेश पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष लोगों की धर्म पूछ कर किए गए निर्मम हत्या की जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना की ओर से चलाये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य का तिरंगा यात्रा जश्न है। दौलतगंज पार्षद रानी कनौजिया ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को नेश्त नाबूद कर दिया। देश का हर नागरिक बुलंद हौसलों के सफलता का जश्न मना रहा है। इस दौरान अनुराग श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, नीरज यादव, अरविंद कशयप, पार्षद चंद्र बहादुर सिंह, अनुपम श्रीवास्तव, अनूप सिंह, सुशील तिवारी, सतीश द्विवेदी, राजू पांडे, सतीश शर्मा, पीयूष तिवारी,रोहित पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष, महेश निषाद,आनंद सिंह, बृजेश शर्मा उर्फ गोलू आराध्या, आदर्श पूर्व मनोनीत पार्षद, संतोष टायोटिया, सोशल मीडिया प्रभारी ममता सिंह, मीना सिंह, अजय राठौर,सुमित समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

# रानी मृणालिनी, देवा मेला समिति की सदस्या निर्वाचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति के चार रिक्त सदस्य पदों का चुनाव आज गुरुवार को संपन्न हुआ। सदस्यों के लिए हुए चुनाव में कुल छः प्रत्याशी मैदान में थे इनमें से चार उम्मीदवार पूर्ण बहुमत चुनाव जीते। जबकि दो अन्य उम्मीदवारों को एक भी मत प्राप्त नहीं हो सका। नवनिर्वाचित सभी सदस्य न केवल सांस्कृतिक विरासत से जुड़े हैं, बल्कि अवध की गंगा-जमुनी तहजीव के संरक्षण और संवर्धन प्रति संकल्पित रहे हैं।

गौरतलब है कि देवा मेला कमेटी के सदस्यों के त्रिवार्षिक चुनाव में 4 सदस्य पदों के लिए महबूबुर्रहमान किदवाई,इकबाल किदवाई,सानिध्य बली ,चौधरी फैज महमूमद व रानी मृणालिनी सिंह तथा शुजा वारसी मैदान में थे। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित देवा मेला कमेटी के दफ्तर में आज संपन्न चुनाव में सभी चार मतदाताओं ने महबूबर्रहमान किदवाई,सानिध्य बली, चौधरी फैज महमूद व रानी मृणालिनी सिंह पर विश्वास जताया, इस प्रकार चारों लोग विजयी हुए। इकबाल किदवाई और शुजा वारसी को इस चुनाव में एक भी मत नहीं मिला। वोटों की गिनती के बाद निर्वाचन अधिकारी / डिप्टी कलेक्ट के.डी शर्मा ने परिणाम घोषित किया।

चुनाव में महिला सदस्य के रूप में निर्वाचित रानी मृणालिनी सिंह स्वर्गीय राजा रत्नाकर सिंह (धमेड़ी स्टेट) की धर्म पत्नी तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस नेता राजा दिग्विजय सिंह की सुपुत्री हैं। रामनगर राजघराने का देवा के साथ पुराना नाता रहा है। रामनगर स्टेट के राजा उदित नारायण सिंह ने हाजी वारिस अली शाह की दरगाह निर्माण एवं यहां सामाजिक गतिविधियों के लिए भूमि और धनराशि का उदारतापूर्वक दान किया था।चौधरी फैज महमूद (कुर्सी) स्वर्गीय चौधरी मोहम्मद नसीब (कुर्सी) के पुत्र हैं। फैज महमूद दीनपनाह रियासत (कुर्सी) के ताल्लुकदार परिवार की तीसरी पीढ़ी के हैं, जो इस समिति से जुड़े हैं। सानिध्य बली का दरियाबाद मथुरा राजघराने से है। इनके पिता सर्वेश्वर वाली भी मेला समिति के सदस्य हैं।वहीं महबूबुर्रहमान किदवई पूर्व विधायक स्वर्गीय रिजवानुर्रहमान के पुत्र हैं। 2016 में निधन के पूर्व रिजवानुर्रहमान मेला समिति के सक्रिय सदस्य रहे। तीसरी पीढ़ी के महबूब किदवई भी देवा मेला समिति से सम्बद्ध हुए।

**समिति अध्यक्ष की दूरदर्शिता**

रामनगर के तत्कालीन महाराज राजा उदित नारायण घराने की देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति में भागीदारी पर राष्ट्रधर्म प्रेमियों ने प्रसन्नता जताई है। मेला समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की जनमानस सराहना कर रहा है।

# भाजयुमो के जिला मंत्री पर दर्ज मुकदमा पकड़ रहा तूल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मंत्री शौर्यवर्धन सिंह ने अपनी ही सरकार की पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सुल्तानपुर पुलिस पर आरोप लगाया है कि वह समाजवादी पार्टी के नेताओं के इशारे पर काम कर रही है, और राजनीतिक दबाव में उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला मंत्री ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 18 मई को कुड़वार थाना क्षेत्र में उनके खिलाफ सांप्रदायिकता फैलाने का मुकदमा दर्ज किया गया, जबकि उसी समय वह लखनऊ स्थित डीजीपी कार्यालय में लोगों से मुलाकात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी गैरमौजूदगी के बावजूद एफआईआर में उन्हें मौजूद दर्शाया गया, जो कि पूरी तरह से गलत और पक्षपातपूर्ण है। शौर्यवर्धन सिंह ने बताया कि दरोगा अमरीश कुमार पाठक द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन पुलिस ने बिना जांच-पड़ताल के, तथ्य की पुष्टि किए बिना उन्हें आरोपित बना दिया। उन्होंने कहा,मैं डीजीपी कार्यालय में था और यहां मेरी गैरहाजिरी में ही मुकदमा लिख दिया गया। ये लोकतंत्र नहीं, राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। बीजेपी नेता ने पुलिस पर साम्प्रदायिक तनाव फैलाने का झूठा आरोप लगाकर राजनीतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हालांकि पुलिस के उच्चाधिकारी निष्पक्षता का भरोसा दिला रहे हैं, लेकिन जिस तरह से प्राथमिकी दर्ज की गई, उसने पूरे जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**मीडिया के सामने आया दलित कुनबा, सुनाई उत्पीड़न की दास्तां**

कुड़वार थाना क्षेत्र के बहमरपुर निवासी मोहनलाल कोरी गुरूवार को कुनबे के साथ मीडिया के सामने पेश हुए और उन्होंने अपने और परिवार के साथ हो रही उत्पीड़न की दास्तां सुनाई। उन्होंने बताया कि पड़ोस के शकील सुत मोबीन आए दिन सरहदी विवाद खड़ा करते रहते है, जबकि कुछ समय पूर्व उन्होंने सरहद पर एक चाहर

**बोले सपाई–मानसिकता की पुलिस उन्हें फंसाने की कर रही कोशिश**

दीवारी खड़ी कर खुद ही मामले का पटाक्षेप कर दिया था। इस बीच कुछ दिनों से साजिश के तहत चाहर दीवारी को गिराकर उनकी पुस्तैनी जमीन पर अपना हक जमाने लगे। इतना ही नहीं फर्जी काजगात के बल पर दीवानी न्यायालय में मुकदमा भी दायर कर दिया। मुकदमा चल ही रहा था कि, लेखपाल की मिली-भगत से शकील ने उनकी जमीन को अपना बताकर घरौनी दर्ज करा ली। मोहन लाल का कहना है कि वह और उनका परिवार भाजपाई मानसिकता का है और हिन्दू देवी-देवताओं में अपनी आस्था रखता है। जिसके चलते शकील व उनका परिवार उनसे अदावत रखता है और उन्हें यहां से पलायन करने पर मजबूर करता रहता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 17 मई को उनके घर आयोजित भोज में शकील पक्ष के 15-20 लोगों ने बवाल मचा दिया था। उक्त प्रकरण में उनकी तहरीर पर विपक्षियों के विरूद्ध जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में मुकदमा तो दर्ज हुआ है, लेकिन पुलिस उचित कार्यवाही नहीं कर रही है। उन्होंने शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।



# बिजनेस/स्पोर्ट्स



## एसआरएच के खिलाफ आरसीबी की निगाहें शीर्ष दो में स्थान मजबूत करने पर

एजेंसी

लखनऊ। पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का लक्ष्य शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर नौ साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने का होगा। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। शुक्रवार का मैच मूल रूप से बेंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था लेकिन मानसून की शुरुआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के हुए व्यवधान से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी और टीम ने लगातार चार जीत हासिल की थी। लेकिन लीग के फिर शुरू




होने के बाद पहले मैच के बारिश से धुलने के कारण उसकी लय में बाधा आ गई। 20 दिन के ब्रेक के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपनी लय और प्रतिस्पर्धी बढ़त बरकरार रख पाती है या नहीं। आईपीएल खिताब जीतने की दौड़ में शामिल आरसीबी ने हाल के दिनों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमेशा की तरह टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 11 पारियों में सात अर्धशतक बनाए हैं। कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने समय-समय पर पावरहिटिंग करके उनका अच्छा साथ दिया है। हालांकि ब्रेक से ठीक पहले पाटीदार की फॉर्म में गिरावट आई। वह अपने पहले पांच मैचों में 37.2 की औसत के बाद अगले पांच मैचों में 10.6 के औसत से सिर्फ 53 रन ही बना पाए। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान लगी उंगली की चोट से उबरने के बाद अब वह फिर नेट्स पर खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं जो आरसीबी के लिए अच्छा संकेत है। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा की स्पिन जोड़ी बहुत प्रभावी रही है जबकि जोश हेजलवुड और यश दयाल ने तेज गेंदबाजी विभाग में मुश्किल ओवरों को आसानी से पूरा किया है। हेजलवुड हालांकि अपने कंधे की चोट से उबरने की वजह से मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। आरसीबी के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी इस मैच और उसके बाद के लिए उपलब्ध हैं। पिछले साल फाइनल तक पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। टीम इसी लय को जारी रखने और इस सत्र को जीत से समाप्त करने की कोशिश करेगी। एसआरएच के अभियान में विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने बीच बीच में अच्छी पारियां खेली लेकिन लगातार अच्छा नहीं कर सके जिसके कारण टीम तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है।

## नीरज चोपड़ा फिर से पोलैंड में होने वाली प्रतियोगिता में वेबर के लिए चुनौती पेश करेंगे

एजेंसी

चोरजोव (पोलैंड)। पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया। 2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन




मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फ़ेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। चोपड़ा 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे। इस सत्र की अहम प्रतियोगिता सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप होगी जहां वह अपना खिताब बचाएंगे। अब चोपड़ा को कमर की समस्या नहीं हैं जिसने पिछले कुछ वर्षों में उनके प्रदर्शन को प्रभावित किया है। सबसे लंबे थ्रो का विश्व रिकॉर्ड रखने वाले महान एथलीट जान जेलेजनी से ट्रेनिंग लेने के बाद वह और भी अधिक आश्वस्त हैं। चोपड़ा ने दोहा में कहा था, ''मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम घोषित: आयुष म्हात्रे कप्तान, वैभव सूर्यवंशी को मिला मौका

नई दिल्ली। भारतीय जूनियर क्रिकेट समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 24 जून से 23 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें भारत की युवा टीम एक महीने तक इंग्लैंड की धरती पर अपना दमखम दिखाएगी। दौरे में एक 50 ओवर का वॉर्म-अप मैच, पांच युवा वनडे और दो मल्टी-डे मुकाबले खेले जाएंगे। टीम की कमान आयुष म्हात्रे को सौंपी गई है, जबकि अभिज्ञान कुंडू को उपकप्तान और विकेटकीपर की जिम्मेदारी दी गई है। वैभव सूर्यवंशी को मुख्य टीम में शामिल किया गया है, जो हाल के घरेलू प्रदर्शन के आधार पर चयनकर्ताओं की नजर में आए। यह इंग्लैंड दौरा युवा भारतीय खिलाड़ियों के लिए खुद को अंतरराष्ट्रीय मंच पर साबित करने का सुनहरा मौका होगा। खासकर कप्तान आयुष म्हात्रे और उपकप्तान अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अम्ब्रीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल, युद्धाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अंमोलजीत सिंह।

स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची

नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी और आलंक्रित रापोले (विकेटकीपर) को स्टैंडबाय खिलाड़ियों के रूप में रखा गया है।

## एफआईएच प्रो लीग 2024-25 : यूरोप दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित, हरमनप्रीत बने कप्तान

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह चरण 7 से 22 जून 2025 तक नीदरलैंड्स के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेला जाएगा। टीम की कमान एक बार फिर अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई है जबकि मिडफील्ड के दमदार खिलाड़ी हार्दिक सिंह उपकप्तान बने रहेंगे। भारतीय टीम अपने यूरोपीय सफर की शुरुआत 7 और 9 जून को नीदरलैंड्स के खिलाफ दो मैचों से करेगी, इसके बाद 11 और 12 जून को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। ये सभी मुकाबले एम्सटेलवीन के वागनर स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद टीम 14 और 15 जून



को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एंटवर्प में खेलेगी और अंत में 21 और 22 जून को बेल्जियम से मुकाबला होगा। टीम में दो गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सुरज करकेरा को चुना गया है। डिफेंस में हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप ज़ेस, जर्मनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और यशदीप सिवाच शामिल हैं। मिडफील्ड की जिम्मेदारी राज कुमार पाल, नीलकंाता शर्मा, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह जैसे खिलाड़ियों को दी गई है। वहीं, फॉरवर्ड लाइन में गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे आक्रामक खिलाड़ी टीम में शामिल हैं। भारत ने इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर में खेले गए होम लेग में आठ मैचों में से पांच जीतकर 15 अंक जुटाए और वर्तमान में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस लीग की टॉप टीम को 2026 एफआईएच वर्ल्ड कप में सीधी एंट्री मिलेगी, ऐसे में भारतीय टीम यूरोपीय लेग में अधिक से अधिक अंक बटोरना चाहेगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम चयन पर कहा, हम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मुझे लगता है कि चयन एकदम सही है। टीम ने अच्छी ट्रेनिंग की है और हम इस बार प्रो लीग जीतने के लक्ष्य से जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा, अब तक हमने कोई मुकाबला ड्रॉ नहीं किया है, लेकिन आगे हमें कोशिश करनी होगी कि अगर जीत नहीं भी मिली तो कम से कम मुकाबले ड्रॉ करके शूटआउट में जाएं ताकि कुछ अंक मिल सकें। हमें पेनाल्टी कॉर्नर कन्वर्ज़न रेट में भी सुधार करना होगा।

## आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए बेथेल की जगह लेंगे सिफर्ट

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे। बयान में कहा गया है, ''रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम सिफर्ट से करार किया है क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई 2025 को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।''

## झारखंड की आर्थिक स्थिति और वित्तीय प्रबंधन से रू-ब-रू होगा 16वां वित्त आयोग

एजेंसी

रांची। झारखंड की आर्थिक स्थिति और वित्तीय प्रबंधन की वास्तविकता को जानने के लिए ऑडिट की प्रधान महालेखाकार की टीम को 16वें वित्त आयोग ने दिल्ली बुलाया है। प्रिंसिपल आकाउन्टेंट जनरल (पीएजी) (ऑडिट) इंदू अग्रवाल के नेतृत्व में टीम गुरुवार की शाम दिल्ली पहुंचेगी। अगले दिन शुक्रवार को यह टीम एक प्रजेंटेशन के माध्यम से आयोग की ओर से मांगी गई समेकित जानकारी उपलब्ध कराएगी। टीम में पीएजी के अलावा उनके सचिव चंपक राय और सीनियर ऑडिट ऑफिसर अजय झा शामिल हैं। 28 मई को 16वें वित्त आयोग का अध्ययन दल झारखंड आ रहा है। इससे पूर्व आयोग, राज्य की आर्थिक स्थिति और वित्तीय प्रबंधन को समझना चाह रहा है।



आयोग ने झारखंड के प्रधान महालेखाकार से पिछले चार वर्ष के राज्य संसाधन और उसमें टैक्स और नॉन टैक्स राजस्व की स्थिति पर विस्तृत जानकारी मांगी है। इसके अलावा पिछले चार साल की वर्षवार खर्च की स्थिति, एक्सपेंडीचर मैनेजमेंट सिस्टम, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति और उस पर हुए खर्च का ब्योरा भी दिया जाएगा। पब्लिक मैनेजमेंट सिस्टम की स्थिति और राज्य सरकार की ओर से जो लोकल बॉडी को राशि दी गई है, यह जानकारी भी मांगी है। अधिकारियों के मुताबिक राज्य सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 30 मई को आयोग को आगामी पांच साल की मांगों को लेकर मेमोरेंडम सौंपेगी। इसमें राज्य की जरूरत और आर्थिक सहायता की जरूरत की तस्वीर पेश करेगी। इसमें विभागों की आवश्यकता बताएगी। इससे पूर्व 28 मई को आयोग के अध्यक्ष और सदस्य पतरातू डैम और रांची स्थित बिरसा मुंडा जेल म्यूजियम स्क्वायर भी जाएंगे। 31 मई को आयोग के अधिकारी यहां से प्रस्थान कर जाएंगे। इसकी पुष्टि सचिव चंपक राय ने की है।

## ब्रिक्स बैंक एनडीबी ने अल्जीरिया को बनाया नया सदस्य

एजेंसी

बीजिंग। ब्रिक्स देशों के न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) ने अल्जीरिया को एक नए सदस्य के रूप में शामिल किया है। एनडीबी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अल्जीरिया ने 19 मई को एनडीबी के समझौता अनुच्छेदों के प्रावधानों के अनुरूप अपना प्रवेश पत्र जमा कर दिया है। बैंका का मुख्यालय चीन के शहर शंघाई में है। एनडीबी के अध्यक्ष डिल्मा रूसेफ ने अल्जीरिया का स्वागत करते हुए कहा, '' अल्जीरिया न केवल उत्तरी अफ्रीका की अर्थव्यवस्था में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और निश्चित रूप से वैश्विक वित्तीय क्षेत्र में एनडीबी की स्थिति को बढ़ाने में योगदान देगा। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध, गतिशील अर्थव्यवस्था और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के साथ अल्जीरिया में वृद्धि एवं विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि एनडीबी अल्जीरिया के लिए एक विश्वसनीय और भरोसेमंद भागीदार बनने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो इसके सतत विकास एजेंडे का समर्थन करता है। अल्जीरिया के वित्त मंत्री अब्देलक्रीम बुजर्ड ने कहा, '' हमें न्यू डेवलपमेंट बैंक में अल्जीरिया की सदस्यता को औपचारिक रूप दिए जाने तथा इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान का पूर्ण सदस्य बनने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, '' यह सदस्यता वैश्विक विकास के वित्तपोषण में इस संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका में हमारे विश्वास का प्रमाण है। ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के बीच निर्धारित अंतराल पर एनडीबी की अध्यक्षता तथा उपाध्यक्षता संभालते हैं। अभी इसकी अध्यक्षता ब्राजील कर रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एनडीबी की स्थापना 2015 में समूह के सदस्य देशों में विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए की गई थी। अपनी स्थापना के बाद से एनडीबी ने कुल 40 अरब अमेरिकी डॉलर की 120 से अधिक निवेश परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

## खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 की बदौलत नए पंख लगाकर उड़ान भरने को तैयार 'दीव'



एजेंसी

दीव। दीव का नाम शायद आपने बहुत कम सुना होगा, लेकिन अब यह सब बदलने जा रहा है और इसका श्रेय जाता है खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) 2025 को। यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत सरकार द्वारा आयोजित इन खेलों ने दीव को दोबारा राष्ट्रीय चेतना में ला दिया है और भारत के सबसे सुंदर समुद्र तटीय शहरों में से एक दीव अब इन खेलों की बदौलत नए पंख लगाकर उड़ान भरने को तैयार है। हालांकि इसकी पहली नींव पिछले साल स्थानीय प्रशासन ने रखी थी, जब उसने भारत में पहली बार किसी समुद्र तट पर मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन किया था। यह आयोजन उसी घोघला बीच पर हुआ था, जो खेलों इंडिया बीच गेम्स की मेजबानी कर रहा है। इस केंद्रशासित प्रदेश में एक लंबा समुद्री किनारा है और नागोआ और घोघला जैसे शानदार समुद्र तट हैं। दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव के सचिव (खेल एवं युवा मामले विभाग) डॉ. अरुण टी ने एक बयान में कहा, ल्लपर्यटन के दृष्टिकोण से, केआईबीजी दीव की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अनोखे तटीय आकर्षण को उजागर करेगा। इससे राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित होगा। देशभर से पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और हमारा संघ प्रदेश एक पसंदीदा तटीय और खेल पर्यटन स्थल के रूप में उभरेगा। डॉ. अरुण टी ने कहा, खेलों के संदर्भ में ये खेल स्थानीय युवाओं के मध्य बीच और जल क्रीड़ाओं की लोकप्रियता बढ़ाएंगे, जमीनी स्तर पर भागीदारी को प्रोत्साहन देंगे और स्वास्थ्य व उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देंगे। इस आयोजन के लिए विकसित की गई अवसंरचना दीर्घकालिक विरासत छोड़ जाएगी, जिससे भविष्य में और भी ऐसे आयोजनों की मेजबानी संभव होगी और सालभर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। पर्यटन की बढ़ती संभावना को लेकर डॉ. अरुण ने कहा कि हम सभी हितधारकों के साथ मिलकर इन खेलों की सफल मेजबानी सुनिश्चित करने और इस पहल के माध्यम से हमारे खिलाड़ियों, नागरिकों और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक लाभ पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पेंचक सिलाट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर चुके प्रसन्ना बेंद्रे केआईबीजी 2025 के खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह दीव के निवासी हैं। वह दीव में इन खेलों के आयोजन को पर्यटन और अर्थव्यवस्था के लिए बेहद फायदेमंद मानते हैं। प्रसन्ना कहते हैं कि ये हमारे लिए अच्छा होगा। अगर हमारी अर्थव्यवस्था बेहतर होगी, तो सभी खेलों और खेल अवसंरचना को फायदा मिलेगा। इस साल के खेलो इंडिया बीच गेम्स में कुल छह मेडल गेम और दो डेमो गेम शामिल किए गए। मेडल गेम्स में सेपक टकरॉ, ओपन वॉटर स्विमिंग, बीच वालीबॉल, बीच कबड्डी, पेंचक सिलाट और बीच साकर शामिल हैं जबकि मलखंब और रस्साकशी को डेमो गेम के तौर पर शामिल किया गया है। इस साल भारत के 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 1300 से अधिक एथलीट 19 से 24 मई के बीच इन खेलों में भाग लेने के लिए दीव पहुंचे हैं। खेलो इंडिया बैनर के तहत आयोजित यह पहला बीच गेम्स है। खेलो इंडिया योजना के खेल प्रतियोगिता और प्रतिभा विकास के तहत 19 से 24 मई, 2025 तक दीव, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव में खेल आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य बीच गेम्स को बढ़ावा देना और बीच गेम्स की पहुंच और लोकप्रियता को बढ़ाना है।

## प्रमुख फसलों को हाल में हुई बारिश से नुकसान नहीं, बल्कि उत्पादन बढ़ेगा: कृषि सचिव

नयी दिल्ली। कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के बाद हाल में हुई बारिश से प्रमुख फसलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि इससे ग्रीष्मकालीन फसल उत्पादन की संभावनाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मौसम प्रणाली पर चतुर्वेदी ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के बाद अचानक वर्षा, ओलावृष्टि और तेज हवाएं वर्ष के इस समय आमतौर पर देखी जाती हैं। हालांकि, उन्होंने जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसी मौसम स्थितियों की ''अप्रत्याशितता एवं गंभीरता'' की ओर इशारा किया। चतुर्वेदी ने कहा, अचानक हुई बारिश से अब तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। इससे मूंग, मक्का और धान जैसी ग्रीष्मकालीन (जायद) फसलों को फायदा होगा। कृषि सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण पके हुए आम और लीची के फल गिर सकते हैं। उन्होंने कहा, '' राज्य सरकारों ने अभी तक इसका आकलन नहीं किया है और मंत्रालय को रिपोर्ट नहीं दी है। आगामी खरीफ सत्र के बारे में चतुर्वेदी ने कहा कि जुलाई से शुरू होने वाली धान की बुवाई की तैयारी अच्छी चल रही है। उन्होंने साथ ही यह भी संकेत दिया कि 2024-25 फसल वर्ष (जुलाई-जून) के लिए तीसरा खाद्यान्न उत्पादन अनुमान अगले तीन से चार दिन में जारी होने की संभावना है, जिसमें कुछ फसलों में मामूली वृद्धि की उम्मीद है।

## सर्राफा बाजार में मामूली तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,430 रुपये से लेकर 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,310 रुपये से लेकर 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,00,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन के रूप में होंगे विकसित : मोदी

एजेंसी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीकानेर में भारत माता के जयकारों के बीच कहा कि विकसित भारत का संकल्प और मजबूत हो रहा है। देशभर में विकास का महायज्ञ चल रहा है, हमारी सड़कें और रेलवे नेटवर्क विकसित हों, इसके लिए 11 सालों में अभूतपूर्व काम हुआ है। विकास कार्यों पर देश पहले से 6 गुना ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है। भारत में विकास कार्यों को देखकर दुनिया हैरान है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री मोदी राजस्थान के बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम से देश के 103 अमृत स्टेशनों के वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर उपस्थित हो कर उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के नर्मदापुरम, कटनी, ओरछा, सिवनी, शाजापुर और श्रीधाम अमृत स्टेशनों का उद्घाटन हुआ।

सभी स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन स्टेशनों में भारतीय संस्कृति, विरासत और यात्री सुविधाओं का समावेश किया गया है। बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेलमंत्री अश्विनी वैषव, केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल उपस्थित थे। नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन के उद्घाटन समारोह में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री डॉ. राकेश सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताशरण शर्मा तथा स्थानीय विधायक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत भारत के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित 103 अमृत स्टेशनों को 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत अपनी ट्रेनों के नेटवर्क को आधुनिक कर रहा है। वंदेभारत, अमृत ट्रेन और नमो ट्रेनें भारत की नई गति को दर्शाती है। देश के 70 रुटों पर वंदेभारत ट्रेन चल रही हैं। 34 हजार किलोमीटर से ज्यादा के नए रेल ट्रैक बिछाए गए हैं। ब्रॉडगैज ट्रैकों पर मानव रहित क्रॉसिंग अब इतिहास बन चुका है। देश के पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। हम 1300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक बना रहे हैं। इन्हें अमृत भारत स्टेशन नाम दिया गया है, इनमें से 103 स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं। इन स्टेशनों पर विकास भी और विरासत भी का नजारा दिखाई देता है। ओरछा स्टेशन पर भगवान श्रीराम की छवि दिखाई देगी। इसी प्रकार सभी स्टेशनों पर हजारों साल पुरानी विरासत के दर्शन होंगे। ये स्टेशन राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देंगे और युवाओं को रोजगार के मौके भी मिलेंगे। साथ ही देश के चिनाब नदी पर बना रेलवे ब्रिज, मुंबई में अटल सेतु, दक्षिण में पंबन ब्रिज देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि यात्री रेलवे स्टेशनों के मालिक हैं। ध्यान रखें कि यहां नुकसान और गंदगी न हो। सरकार हजारों करोड़ रुपए लगा रही है, ये पैसा मजदूर, स्थानीय व्यापारियों को मिल रहा है। रेलवे स्टेशनों के उन्नयन से किसानों को माल ढुलाई में सहूलियत मिलती है। इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों से युवाओं को भी फायदा मिलता है। राजस्थान में सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण करने के साथ नदियों को जोड़ा जा रहा है। पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से कई जिलों के किसानों को फायदा होगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि राजस्थान की धरा सिखाती है कि देश से बड़ा कुछ नहीं है। पहलगाम आतंकियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। इसके बाद हर देशवासी ने संकल्प लिया था कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी, सेनाओं ने ऐसा चक्र रचा कि पाकिस्तानियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो नतीजा क्या होता है। शौर्य के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है, ये प्रतिशोध का खेल नहीं, यह न्याय का नया स्वरूप है। ये ऑपरेशन सिंदूर है, यह सिर्फ आक्रोश नहीं, ये समर्थ भारत का रौद्र रूप है, ये भारत का नया स्वरूप है।

## 11 साल में 34 हजार किलोमीटर लंबी रेल पटरियां बनी : वैष्णव

एजेंसी

बीकानेर। रेल मंत्री मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि गत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में रेलवे के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है और इस दौरान 34 हजार किलोमीटर लंबी रेल पटरियां बनी हैं, जो जर्मनी के कुल रेल नेटवर्क से भी बड़ा है।

श्री वैष्णव गुरुवार को यहां श्री मोदी की जनसभा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान 47 हजार किलोमीटर लंबी रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार देश में छोटे और मध्यम दर्जे के रेलवे स्टेशनों के विकास पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कुछ समय पहले देश में एक साथ 1062 रेलवे स्टेशनों के विकास की नींव रखी थी। आज इनमें से 103 स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले 100 स्टेशन भी आठ महीनों में बनकर तैयार हो जाएंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बीकानेर की धरती पर प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के बाद उनका दौरा प्रदेशवासियों के हौसलों की बुलंदी और विश्वास को मजबूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो मां करणी के मंदिर में दर्शन करने आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रिफॉर्म, परफॉर्म एवं ट्रांसफॉर्म के मंत्र से एमएमडीआर एक्ट का संशोधन हुआ, जिससे यहां पोटाश का उत्खनन संभव हुआ एवं फर्टिलाइजर कारखाने लगने की संभावना बढ़ी। प्राकृतिक गैस एवं पेट्रोलियम मंत्रालय ने भी उत्खनन का कार्य हाथ में लिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस क्षेत्र में कोल गैसिफिकेशन के माध्यम से विकास का नया मार्ग भी खुलने जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री भजनलाल ने प्रधानमंत्री मोदी का साफा पहनाकर और प्रतीक चिह्न स्वरूप चरखा भेंट कर स्वागत किया।

## वैकल्पिक चिकित्सा पर ध्यान देने की आवश्यकता : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्राचीन ग्रंथों के साक्ष्य-आधारित सत्यापन, डिजिटलीकरण, अनुवाद और बहुविषयक अध्ययन पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि यह ज्ञान अगली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाना चाहिए।

श्री धनखड़ ने आज गोवा के राजधानी में महर्षि सुश्रुत और महर्षि चरक की प्रतिमाओं का अनावरण करते हुए कहा कि प्राचीन ग्रंथों के साक्ष्य-आधारित सत्यापन, डिजिटलीकरण, अनुवाद और उन्हें आधुनिक संदर्भों में उपयोगी बनाने के लिए अनुसंधान और नवाचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम एक अलग प्रकार के राष्ट्र हैं। हम अपनी जड़ों को फिर से खोज रहे हैं और उन्हीं में दृढ़ता से स्थापित हो रहे हैं। मैं वैकल्पिक चिकित्सा पर विशेष बल देता हूँ क्योंकि भारत इसका जन्मस्थल है। यह आज भी व्यापक रूप से प्रचलित है।

हमारे प्राचीन ग्रंथ केवल पुस्तकालयों की अलमारियों के लिए नहीं हैं। ये शाश्वत विचार हैं और इन्हें आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों की सहायता से पुनः जीवित करने की आवश्यकता है।ङ्क उन्होंने कहा कि वेदों,उपनिषदों, पुराणों और इतिहास में झांकने का समय आ गया है और बच्चों को जन्म से ही हमारी सभ्यतागत गहराई की जानकारी देनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, कुछ वर्गों में यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि 'भारतीय या प्राचीन कुछ पिछड़ा है।' यह मानसिकता अब आधुनिक भारत में स्वीकार्य नहीं है। दुनिया हमारी प्राचीन प्रणाली की महत्ता को पहचान रही है। समय आ गया है कि हम भी इसे पहचानें। यह धारणा कि केवल पश्चिम ही प्रगतिशील है। अब चलन से बाहर होनी चाहिए।

## रैलियों में आपरेशन सिंदूर बेचने लगे मोदी : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह रैलियों में आपरेशन सिंदूर बेचने लगे हैं। आम आदमी पार्टी ने एक्स पर कहा 'रैलियों में 'ऑपरेशन सिंदूर' बेचने लगे प्रधानमंत्री मोदी। भारतीय सशस्त्र बल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर पाकिस्तान और उसके आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाया। भारतीय सेना अपने साहस और पराक्रम से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस भारत में लाने जा रही थी लेकिन ऐन मौके पर अमेरिका के दबाव में प्रधानमंत्री ने युद्धविराम करके देश को धोखा दे दिया।' आप ने कहा अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी रैलियों और भाषण में 'ऑपरेशन सिंदूर' का राजनीतिकरण कर रहें हैं। श्री मोदी ने ये जवाब नहीं दिया कि हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले वो आतंकवादी कहाँ हैं लेकिन वह सेना के जवानों के साहस और वीरता का इस्तेमाल अपने चुनावी फ़ायदे के लिए कर रहे हैं।

## पर्यावरण के साथ विकास के संतुलन का नीतीश मॉडल अनूठा : राजीव रंजन

एजेंसी

नयी दिल्ली। जनता दल-यूनाइटेड(जदयू)ने कहा है कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शिता पूर्ण निर्णयों से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही विकास संभव हुआ है और राज्य की वैश्विक पहचान बनी है।

जदयू के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने गुरुवार को यहां कहा कि श्री नीतीश कुमार के दूरदर्शिता पूर्ण निर्णयों की वजह से विकास के साथ पर्यावरण और पारिस्थितिकी के संतुलन का एक अनूठा मॉडल बन चुका है। इसे विश्व के अनेक संगठनों और पत्रिकाओं ने सराहा है। इसी विकास मॉडल के कारण श्री नीतीश कुमार संयुक्त राष्ट्र की एक सभा को भी संबोधित कर चुके हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण कहीं सुखाड़ तो कहीं बाढ़ जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा इसके कई अन्य दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी दलों के साथ मिलकर वर्ष 2019 में विचार विमर्श करके 'जल -जीवन -हरियाली अभियान' की महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की। इसके अंतर्गत 11 भाग तय किये और इसके चौंकाने वाले परिणाम सामने आ रहे हैं। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत राज्य में 17 हज़ार 561 तालाब, पोखर, आहर-पाइन-(छोटी नहर) आदि को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है। एक लाख आहर-पइन के साथ ही तालाब का जीर्णोद्धार और सीढ़ी घाट का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा 37 हज़ार 709 कुएं तथा दो लाख 38 हज़ार छोटे कुओं और चापाकल (हैंडपंप) के पास सोखता निर्माण कार्य किया गया है। बारह हज़ार सात सौ अठत्तर चेकडैम और जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि 64 हज़ार से ज़्यादा नए जल स्रोतों के निर्माण के अतिरिक्त गंगा जल उद्भव योजना के अंतर्गत पेयजल संकट के इलाक़ों में पेयजल आपूर्ति के लिए बोधगया, गया, राजगीर और नवादा में गंगा जल पहुँचाने के असंभव कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। चौदह हज़ार सात सौ पंद्रह सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। अन्य कार्यों का ब्योरा देते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि इसके साथ ही राज्य के हरित आवरण में वृद्धि के लिए 14 करोड़ पौधे लगाए गए। मौसम अनुकूल कृषि कार्यक्रम पूरे राज्य में लागू किए गए। सौर ऊर्जा के लिए आठ हज़ार छह सौ बयासी सरकारी भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए हैं।

## पीने के पानी पर मान को अहंकार शोभा नहीं देता: सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पीने के पानी को लेकर इस तरह अहंकार और राजनीति शोभा नहीं देता। श्री सैनी ने कहा कि गर्मियों के महीनों में तो लोग जगह-जगह पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाते हैं। गुरुओं ने भी पानी पिलाने का संदेश दिया है। पंजाब की मान सरकार को उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री मान से आग्रह किया कि वे राजनीति से ऊपर उठकर हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दे। मुख्यमंत्री सैनी गुरुवार को लाडवा के रामकुंडी धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रदेश के विकास को लेकर मंत्रणा की गई। प्रदेश के कोने-कोने में विकास हो इसके लिए लिए नए-नए रास्ते खोले हैं। अमृत स्टेशन योजना के तहत कई रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार हो रहा है।

# पेज एक का शेष

### अब पाकिस्तान...

आतंक का फन कुचलने की यह ही रीति हैं। यही ही बात है, नया भारत हैं। भारत माता की जय। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के लिए तीन सूत्र तय कर दिए हैं। पहला भारत पर आतंकवादी हमला हुआ तो उसका करारा जवाब मिलेगा। दिन और समय हमारी सेनाए तय करेंगी। और शर्तें भी हमारी होगी। दूसरा एटम गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं हैं। तीसरा आतंकवाद के आकाओं एवं आतंकी सरपरस्त सरकार को अलग अलग नहीं देखा जायेगा ओर उन्हें एक ही मानेंगे। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान का यह खेल अब नहीं चलेगा। पूरी दुनियां में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए भारत का प्रतिनिधमंडल विश्वभर में पहुंच रहा है जिसमें सभी दलों के लोग शामिल हैं। पाकिस्तान को उसका असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत से सीधी लड़ाई जीत नहीं सकता हैं। जब भी लड़ाई होती हैं बार बार पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ती हैं। पाकिस्तान ने आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया हैं। आजादी के पिछले कई दशकों से यही चला आ रहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद फैलाता था और निर्दोष लोगों की हत्या करता था लेकिन वह एक बात भूल गया कि मोदी यहां सीना तानकर खड़ा हैं, मोदी का दिमाग ठंडा रहता हैं लेकिन लहू गर्म रहता हैं अब तो मोदी की नसों में गर्म लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। भारत ने दो टूक साफ कर दिया है कि हर आतंकवादी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना एवं अर्थव्यवस्था चुकायेगी। उन्होंने कहा कि आज वह बीकानेर के नाल एयरबेस पर उतरे, पाकिस्तान ने इस एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की लेकिन वह इसे कोई नुकसान नहीं पहुंचाया पाया वहीं यहां कुछ दूर सीमा पार पाकिस्तान का एयरबेस है, पता नहीं कब खुलेगा और आसीयू में पड़ा हैं। भारतीय सेना के अचूक प्रहार ने इस एयरबेस को तहस नहस कर दिया हैं। श्री मोदी ने कहा कि वह करणी मां का आर्शीवाद लेकर आये हैं और विकसित भारत बनाने का संकल्प और मजबूत हो रहा है। आज 26 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। विकसित भारत बनाने के लिए देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का बहुत बड़ा काम चल रहा हैं। देश की सड़के और हवाई अड्डे आधुनिक हो रहे हैं, रेलवे स्टेशन आधुनिक हो रहे हैं और पिछले 11 साल में अभूतपूर्व गति से काम किया गया हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर कामों पर देश पहले जो पैसा खर्च करता था आज उसका छह गुना ज्यादा पैसा खर्च किया जा रहा हैं। भारत में हो रहे विकास कार्या को देखकर दुनिया भी हैरान हैं, देश में इतना चारों तरफ विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ट्रेनों के नेटवर्क को भी आधुनिक कर रहा है वन्दे भारत, नमो भारत ट्रेनें आदि देश की नई गति और नई प्रगति को दर्शाती है और अभी देश में 70 मार्गों पर वन्दे भारत ट्रेनें चल रही है और दूर सुदूर इलाकों तक आधुनिक ट्रेन पहुंच रही हैं। 34 हजार किलोमिटर से ज्यादा के नये रेल ट्रेक बिछाये गये है और अब ब्रोडगेज लाइनों पर मानव रहित क्रोसिंग तो इतिहास बन चुकी हैं। मालगाडियों के लिए विशेष पटरिया एवं डेडिकेटेड फ़ेट कोरिडोर का तेजी से काम चल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि एक साथ देश में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। इन आधुनिक हो रहे इन रेलवे स्टेशनों को अमृत रेलवे स्टेशन नाम दिया गया है और आज सौ से अधिक ये रेलवे स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं। इनका पहले क्या हाल था और अब कैसे इनकी तस्वीर बदल गई है। उन्होंने कहा कि विकास भी विरासत भी, इन अमृत रेलवे स्टेश्नों पर इसका नजारा साफ साफ दिखाई देता हैं जो स्थानीय कला एवं संस्कृति का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर राजस्थान की महान राजस्थानी कला का दर्शन होंगे। इसी तरह देश के अन्य ऐसे कई स्टेशनों पर कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इससे पर्यटन और रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के जो काम हो रहे है उसका राजस्थान को भी लाभ मिल रहा है। साल में राजस्थान में करीब 70 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए है। रेलवे विकास के लिए दस हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है जो पिछले दस साल से 15 गुना अधिक है। इन सारे प्रयासों से लक्ष्य है कि शहर और गांव तेजी से उन्नती की ओर बढ़ सके। राजस्थान में औद्योगिक विकास के लिए डबल इंजन सरकार तेजी से काम कर रही है और अलग अलग सेक्टर में भजनलाल सरकार नई नीतियां लागू की गई है जिसका बीकानेर को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में रिफाइनरी का काम भी अंतिम चरण में हैं और राजस्थान पेट्रोलियम आधारित उद्योग का प्रमुख हब बनेगा। अमृतसर जामनगर छह लेन का कोरिडोर बन रहा है जो गंगानगर, हनुमानगढ, बीकानेर, जोधपुर बाड़मेर, और जालोर से होकर गुजर रहा है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का काम भी राजस्थान में लगभग पूरा हो गया हैं। पीएम मुफ्त बिजली योजना भी तेजी से आगे बढ़ रही है और राजस्थान के 40 हजार से ज्यादा लोग जुड़ चुके है और इससे लोगों का बिजली का बिल जीरों हुआ हैं वहीं लोगों को कमाई का रास्ता भी मिला है। बिजली उत्पादन औद्योगिक विकास को नई गति दे रहा है। श्री मोदी ने कहा कि हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे है और नदियों को भी जोड़ रहे है। पार्वती-कालीसिंध -चंबल लिंक परियोजना से राज्य के कई जिलों को फायदा होगा।

### पाकिस्तान से कोई...

और दशकों से पनाहगाह पर रहे आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। संबंध एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनाए जाते हैं। चीन के बारे में एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा, हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और चीनी विदेश मंत्री एवं सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि वांग यी ने 10 मई को एक-दूसरे से बात की थी, जब एनएसए ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को व्यक्त किया था। चीनी पक्ष इस बात से अवगत है कि आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता भारत-चीन संबंधों का आधार बनी हुई है।

### रणबांकुरों को छह...

बचने के लिए नागरिक क्षेत्रों से दूर युद्धाभ्यास करते हुए विमान को बचाने के दौरान खतरनाक परिस्थितियों में अत्यधिक साहस दिखाया। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न अभियानों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों ने वीरतापूर्ण कार्य किया। इस दौरान माओवादी विद्रोहियों को पकड़ा गया और हथियार बरामद किए गए।

### 25 डिप्टी एसपी...

को सीतापुर से एसीपी लखनऊ, वाराणसी के एसीपी अमित कुमार श्रीवास्तव को सहारनपुर, देवेन्द्र कुमार-प्रथम को गाजियाबाद मण्डलाधिकारी से 30 वीं वाहिनी पीएसी गोण्डा का सहायक सेनानायक, भरत पासवान को औरैया से श्रावस्ती, प्रिता से बागपत से गोरखपुर पीटीएस, भरत कुमार सोनकर को बिजनौर से सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात डिप्टी एसपी ज्ञानेन्द्र सिंह को एसीपी लखनऊ और अंकित तिवारी को मुरादाबाद से पीटीसी सीतापुर का डिप्टी एसपी बनाया गया है।

### सारी सीमाएं पार...

टीएएसएमएसी के खिलाफ जांच पर फिलहाल रोक लगा दी। विधि अधिकारी राजू ने आदेश का विरोध करते हुए कहा कि यह मुद्दा 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के भ्रष्टाचार से जुड़ा है और ईडी ''कम से कम इस मामले में'' सीमाएं नहीं पार कर रहा है। सिब्बल ने कहा कि वह राज्य सरकार और टीएएसएमएसी हैं, जिन्होंने शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में कथित अनियमितताओं को लेकर आपराधिक कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने कहा कि 2014 से शराब की दुकानों के लाइसेंस आवंटन से जुड़े मामलों में कथित रूप से गलत काम करने वालों के खिलाफ अब तक 41 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और अब ईडी इसमें कूद पड़ी है तथा टीएएसएमएसी पर छापेमारी कर रही है। पीठ ने पूछा, ''आप राज्य द्वारा संचालित टीएएसएमएसी पर कैसे छापा मार सकते हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार और विपणन निगम ने टीएएसएमएसी के परिसरों में ईडी द्वारा की गई छापेमारी के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। संवैधानिक अधिकारों और संघीय ढांचे के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए दायर याचिका में मद्रास उच्च न्यायालय के 23 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें ईडी की कार्रवाई को बरकरार रखा गया था। राज्य सरकार ने कहा, ''वर्तमान याचिका में कानून के व्यापक प्रश्न उठाए हैं, जिनमें संघवाद का मुद्दा भी शामिल हैं, जिसमें ईडी अपने दायरे से बाहर जाकर और राज्य के अपराधों की जांच करने के अधिकार को हड़पने का प्रयास कर रहा है। याचिका में छह मार्च से आठ मार्च, 2025 के बीच ईडी द्वारा की गई 60 घंटे की छापेमारी और जब्ती अभियान की वैधता को चुनौती दी गई है। इसमें कहा गया है, ''छह मार्च को, प्रतिवादी संख्या-एक (ईडी) ने पीएमएलए की धारा 17 के तहत प्रतिवादी संख्या-दो (टीएएसएमएसी) के मुख्यालय में छापेमारी और जब्ती की कार्यवाही की। टीएएसएमएसी याचिकाकर्ता/राज्य की 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली इकाई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि टीएएसएमएसी को इन प्राथमिकी में से किसी में भी आरोपी नहीं बनाया गया है और कई मामलों में वह शिकायतकर्ता है। इसमें कहा गया है, ''किसी प्रारंभिक अपराध में टीएएसएमएसी के आरोपी के रूप में संलिप्तता के बिना, ईडी के पास पीएमएलए के तहत कार्यवाही शुरू करने का अधिकार नहीं था। याचिकाकर्ता ने यह कहते हुए छापेमारी की समयसीमा पर भी सवाल उठाया कि कार्रवाई में देरी की गई, क्योंकि अंतिम प्राथमिकी 2021 में दर्ज की गई थी।

### वक्फ कानून पर...

की गुहार लगाई। दोनों अधिवक्ताओं ने जोर देकर हुए कहा कि वर्तमान स्वरूप में यह कानून मौलिक धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। श्री सिब्बल ने कहा, ङ्कनये कानून के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिमों के अनुपातहीन प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया गया है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रकार के प्रावधान से ''वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन का अधिकार कमजोर हो गया है। वजह यह कि 11 में से 7 सदस्य गैर-मुस्लिम हो सकते हैं। संसदीय कानून की संवैधानिकता की धारणा पर मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी का जवाब देते हुए अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि कानून पर रोक लगाने में विफलता अपूरणीय क्षति पहुंचाएगी, खासकर तब जब जिला कलेक्टर अब यह तय करते हैं कि कोई संपत्ति वक्फ है या सरकारी स्वामित्व वाली है। श्री मेहता ने अदालत के समक्ष केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए याचिकाकर्ताओं के रुख का कड़ा विरोध किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लामी परंपरा संबंधित वक्फ इस्लाम के तहत एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। वक्फ बोर्ड धर्मनिरपेक्ष प्रशासनिक कार्य करते हैं। इसलिए ऐसे बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना संवैधान के दायरे में है। उन्होंने कहा, ङ्कवक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। दान हिंदू धर्म और ईसाई धर्म सहित हर धर्म में मौजूद है, लेकिन शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि दान एक अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है। इसी तरह वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन, उचित खाते और ऑडिट सुनिश्चित करना, सभी प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष हैं।'उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड में अधिकतम दो गैर-मुस्लिम सदस्य होने से वक्फ के धार्मिक स्वरुप पर कोई असर नहीं पड़ता है, क्योंकि ये बोर्ड धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी प्रारंभिक प्रतिक्रिया में केंद्र सरकार ने कहा था कि 2013 से वक्फ भूमि में 116 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 18.29 लाख एकड़ से बढ़कर 39.21 लाख एकड़ हो गई है। वक्फ कानून में संशोधन की वैधता को चुनौती देने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं। संशोधित कानून का समर्थन करने वाले हस्तक्षेपकर्ताओं में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली छह राज्य सरकारें भी शामिल हैं। हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और असम ने कानून का समर्थन किया। इन राज्यों ने प्रशासनिक निहितार्थों का हवाला देते हुए संशोधन का समर्थन किया है।

### यूपी में आंधी...

कई गांवों की बिजली गायब हो गई। रुदौली के आंसू मऊ गांव में दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई। बेनीगंज जलवानपुरा अमानीगंज में लोग जलभराव से परेशान दिखे। अमेठी जिले के शिवरतनगंज थानाक्षेत्र के गांव मैंझार में बारिश के बाद कच्ची दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई है। अयोध्या और अमेठी में दीवार गिरने से एक-एक महिला की मौत हो गई। अंबेडकरनगर में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हुई। सुल्तानपुर में आकाशीय बिजली गिरने से मकान में आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति का पैर झुलस गया। इस दौरान दो मवेशियों की मौत हो गई। अयोध्या में भोर में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से कई गांवों की बिजली गायब हो गई। रुदौली के आंसू मऊ गांव में दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई। बेनीगंज जलवानपुरा अमानीगंज में लोग जलभराव से परेशान दिखे। अमेठी जिले के शिवरतनगंज थानाक्षेत्र के गांव मैंझार में बारिश के बाद कच्ची दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई है।

कानपुर मंडल में 11 समेत कुल 19 लोगों की मौत हुई है। इसमें कानपुर नगर-औरैया में तीन-तीन, कानपुर देहात और इटावा में दो-दो और कन्नौज में एक मौत हुई है। कानपुर मंडल से इतर बात करें तो फतेहपुर में सबसे ज्यादा पांच मौतें हुई हैं। इसके अलावा झांसी में किशोरी समेत दो की मौत हुई है। चित्रकूट में भी बिजली गिरने से एक युवक की जान चली गई।

ब्रज में तूफान से 16 लोगों की मौत हुई है। सैकड़ों पेड़ उखड़ गए। कई घंटे तक बिजली गुल रही। सबसे ज्यादा छह मौतें कासगंज में हुईं। एटा में पांच, आगरा में तीन, फिरोजाबाद दो लोगों की मौत हुई है। करीब तीन दर्जन पशु हताहत हुए हैं और 50 लोग घायल हुए हैं। जिलों में लाइनों के ब्रेकडाउन से घंटों तक बिजली नहीं आई। आगरा के कई इलाकों में 16 घंटे बाद बिजली की आपूर्ति हुई। इससे पेयजल की भी दिक्कत रही। फसलों में आम उत्पादक किसानों को कासगंज में बड़ा नुकसान हुआ है।

मुरादाबाद मंडल में आंधी-पानी से दो मौतें हुई हैं। मुरादाबाद शहर के कोठीवाल नगर में आकाशीय बिजली गिरने से दो घरों के एसी, टीवी, पंखे समेत कई उपकरण फुंक गए। आसपास के 20 घरों में भी भारी नुकसान हुआ। अलीगढ़-हाथरस में आंधी-बारिश में तीन की मौत हुई है।

### गति एवं गौरव के...

हुआ है। इसके अलावा वंदेभारत, नमो भारत, अमृत भारत जैसी ट्रेनें और 42 हजार आईसीएफ कोच को एलएचबी कोच में बदला गया है। आजादी के बाद पहली बार छोटे और मझोले स्टेशनों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वर्ष 2023-24 में 1062 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई। इसके अंतर्गत अगले 8 महीनों में 100 और स्टेशन तैयार होंगे, जबकि 2027 तक 500 स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए कहा कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल अंतरिक्ष व समस्त चराचर जगत के कल्याण की कामना के साथ होती है। हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर करता है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम सब इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण भारत की स्वावलंबी परंपराओं का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हर गांव में खलिहान, गोचर भूमि, तालाब व खाद के गड्ढे होते थे, जो पर्यवरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे। गांवों में सॉलिड वेस्ट को खाद के गड्डों में डालकर कंपोस्ट खाद बनाई जाती थी। तालाब स्वच्छता के प्रतीक थे। गोचर भूमि पशुओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने इन परंपराओं को नजरअदांज कर दिया। अब इसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय असुंतलन के कारण बीमारियां बढ़ रहीं हैं।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान को और अधिक बनाएं प्रभावी: धामी

**मुख्यमंत्री ने अब तक धर्मांतरण मामलों में की गई कार्रवाई की मांगी विस्तृत रिपोर्ट**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार सुबह शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में धर्मांतरण से जुड़े मामलों में अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी बल दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सत्यापन अभियान लगातार जारी रखने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों को बनाते समय भी यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना समुचित वेरिफिकेशन के कोई दस्तावेज निर्गत न हो। उन्होंने अधिकारियों को अतिक्रमण के विरुद्ध चल रहे अभियान को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जा चुकी है, वहां दोबारा अतिक्रमण की पुनरावृत्ति न हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, शत्रु संपत्तियों पर हुए अतिक्रमण का भी विस्तृत आंकलन कर उसकी जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी भवनों के निर्माण कार्यों में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देने के साथ ही भवनों के निर्माण में राज्य की सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक पर्वतीय वास्तुशैली को प्रमुखता दी जाए।

## भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, एक जख़्मी की हालत गम्भीर

नवादा। नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र के बस्ती बिगहा बाजार से ओड़ो गांव जाने वाली सड़क मार्ग में गुरुवार को दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में तीन जख्मी हुए बाइक सवार में दो युवक की मौत हो गई।इस घटना में एक युवक की मौत इलाज के लिए नवादा लेकर जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। दूसरे युवक की मौत गयाजी में इलाज के दौरान हो गई।इसके अलावा तीसरे युवक जीवन मौत से जूझ रहा है। ग्रामीणों ने बताया तीन जख्मी में से दो की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान ओड़ो गांव निवासी दूलो देवी 17 वर्षीय पुत्र भोला मांझी व दिनेश रविदास के 18 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार के रूप में किया गया है। घायल की पहचान उदय साव के पुत्र राहुल कुमार के रूप में किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौप दिया। जख्मी राहुल कुमार का इलाज बिहार शरीफ के निजी अस्पताल में किया जा रहा है। जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# पंजाब–हरियाणा हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने चलाया सर्च आपरेशन

**पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने पूरा परिसर खंगाला एलांटे मॉल की पार्किंग भी खाली करवा ली गई तलाशी**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से सनसनी फैल गई। कामकाज बंद कर चंडीगढ़ पुलिस ने हाई कोर्ट परिसर को खाली करवाया। करीब दो घंटे की सर्च में अभियान में कोई आपत्तिजनक या कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। गुरुवार सुबह एक ईमेल के माध्यम से हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसके बाद चंडीगढ़ पुलिस ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करते हुए हाई कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी। धमकी की जानकारी मिलते ही पुलिस ने हाई कोर्ट में मौजूद सभी वकीलों और लोगों को बाहर निकाल दिया। साथ ही हाई कोर्ट की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को सील करते हुए बाहरी लोगों के आवागमन को बंद कर दिया गया है। हाई कोर्ट में कामकाज भी कुछ घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया है। चंडीगढ़ पुलिस तथा बम निरोधक दस्ते की टीमों ने पूरे हाई कोर्ट परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट की पार्किंग को खाली करवा दिया गया है। सर्च अभियान में कहीं कुछ भी बरामद नहीं हुआ। इसके बाद लंच टाइम के बाद न्यायालय की कार्यवाही फिर से शुरू हुई। पुलिस ने एहतियात के तौर पर चंडीगढ़ पुलिस ने शहर के एलांटे मॉल में भी सर्च ऑपरेशन चलाया। एलांटे की पार्किंग को भी खाली करवा लिया गया। पुलिस प्रशासन ने इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। इस बीच हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव गगनदीप जम्मू ने एक बयान जारी कर कहा कि हाई कोर्ट में बम की धमकी के बारे में अलर्ट प्राप्त हुआ है। उन्होंने सभी सदस्यों को सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि परिसर में कोई संदिग्ध या लावारिस वस्तु पाई जाती है, तो कृपया तुरंत हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यालय को सूचित करें। उन्होंने कहा कि लंच टाइम के बाद न्यायालय की कार्यवाही फिर से शुरू होगी।

# बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में चार वर्षीय बाघिन का मिला शव




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में गुरुवार यानी 22 मई को वन प्रमंडल-2 के हरनाटाड़, कक्ष संख्या एन-3 में एक चार वर्षीय बाघिन का शव मिला है।

सुबह गश्त पर निकले वनकर्मियों ने शव देखा। शरीर पर कई जगह गहरे जख्म पाए गए। वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डॉ. नेशामणि ने बताया कि प्रथम दृष्टया बाघिन की मौत किसी अन्य बाघ के साथ क्षेत्रीय वर्चस्व की भिड़ंत में होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि भिड़ंत में शामिल दूसरा बाघ भी घायल हो सकता है, जिसकी तलाश और निगरानी के लिए वनकर्मियों की टीम तैनात की गई है। गंभीर जख्म होने पर दूसरे बाघ की भी मौत का खतरा बना हुआ है। वीटीआर के अधिकारियों ने शिकार की संभावना को खारिज किया है, लेकिन क्षेत्र में बाघों की सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है। यह घटना वीटीआर में बाघों की लगातार हो रही मौतों की कड़ी में ताजा मामला है। वीटीआर में पिछले पांच वर्षों में छह से अधिक बाघों की मौत हो चुकी है, जो बिहार के एकमात्र टाइगर रिजर्व के लिए गंभीर चिंता का विषय है। घटनास्थल पर वन संरक्षक, डीएफओ पीयूष बरनवाल, रेंजर शिवकुमार राम, वेटनरी डॉ. मनोज कुमार टोनी, बॉयोलॉजिस्ट सौरभ कुमार और अन्य वनकर्मियों की टीम ने पहुंचकर जांच शुरू की। बाघिन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और नमूने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली और वन्यजीव संस्थान (डब्लूआईआई) देहरादून भेजे जाएंगे ताकि मौत के सटीक कारण का पता लगाया जा सके।

**वीटीआर में अब तक हुए बाघों की मौत की आंकड़ा**

1. तीस जनवरी 2021 को गोबर्धना वनक्षेत्र में धारदार जाल में फंसकर एक बाघ की मौत हुई थी।
2. फरवरी 2021 में बाघिन टी–3 का शव कीड़े लगे हालत में मिला, जिसे इलाज के लिए पटना ले जाते समय उसकी मौत हो गई।
3. 13 अक्टूबर 2021 को बाघों की भिड़ंत में एक बाघ मारा गया।
4. 06 जनवरी 2021 को वाल्मीकिनगर में नेपाली बाघिन से भिड़ंत में आठ माह के बाघ की मौत।
5. 01 मार्च 2022 को गोनौली में करंट लगने से बाघ की मौत हुई और 8 अक्टूबर 2022 को आठ लोगों को मारने वाले बाघ को गोबर्धना में गोली मार दी गई।
6. 09 फरवरी 2023 को रमपुरवा सरेह में रॉयल बंगाल टाइगर की मौत दर्ज की गई।

# माउंट एवरेस्ट पर लहराया तिरंगा, टिहरी के रोहित भट्ट ने रचा इतिहास

**किलिमंजारो, एल्बुस के बाद अब एवरेस्ट, रोहित भट्ट का तीसरा कीर्तिमान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के टिहरी जिले के युवा पर्वतारोही रोहित भट्ट ने आज सुबह माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराकर न केवल देश का मान बढ़ाया, बल्कि उत्तराखंड का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। रोहित ने सुबह 8:15 बजे यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। मूल रूप से भिलंगना ब्लॉक के पौखाल मगरौं गांव निवासी रोहित के साथ इस सफल एवरेस्ट आरोहण में एक शेरपा और दो साथी पर्वतारोही भी शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि रोहित भट्ट ने जनवरी 2023 में विश्व की तीसरी और साउथ अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारों पर 361 फिट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया था, जिसके बाद अगस्त माह में उन्होंने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर 101 फीट लंबा तिरंगा फहराकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। रोहित की इस उपलब्धि पर टिहरी में जश्न का माहौल है।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

डेहरी आन सोन। रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के मेदनीपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से बीती देर रात एक किसान की मौत हो गई। मृतक मेदनीपुर निवासी 50 वर्षिय भिखारी राम हैं। पुलिस के अनुसार मृतक मेदनीपुर निवासी अमरेंद्र कुमार के यहां मजदूरी करता था। देर शाम छत पर कुछ सामग्री लाने गया था कि अचानक तेज गर्जना के साथ दो मंजिले छत पर आकाशीय बिजली गिर गइ जिसके चपेट में आने से उसकी घटनस्थल पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र छोड़ गया है जिसमें एक पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आकाशीय बिजली से हुई मौत को ले शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सासाराम भेज दिया गया है। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। वह अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला व्यक्ति था। सीओ अंचला कुमारी ने बताया कि मृतक के मुआबजा की प्रक्रिया पूरी कर आश्रित को मुआबजा दिया जायेगा।

# संघ ने किया जिले के छह पत्रकारों को सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। राष्ट्रीय स्वंय सेवक चमोली के प्रचार विभाग के तत्वाधान में गुरूवार को चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में नारद जयंती पखवाड़े के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए छह पत्रकारों को सम्मानित किया गया। गोपेश्वर में आयोजित नारद जयंती के कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट ने की जबकि आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह कालिका प्रसाद सेमवाल बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। सह विभाग कार्यवाह सेमवाल ने नारद जयंती के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आरएसएस के प्रचार विभाग की ओर से शताब्दी वर्ष के तहत सात कार्यक्रम आयोजित होने है। जन संगोष्ठी भी उसमें कार्यक्रम है। उन्होंने आगामी कार्यक्रम के बारें में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शेखर रावत, ओमप्रकाश भट्ट, जगदीश पोखरियाल, संदीप आर्यन, मनोज सिंह, राम सिंह राणा को विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर आरएसएस के जिला प्रचारक मिथलेष, प्रेम विश्नोई, नगर संघ चालक महेंद्र सिंह रावत, प्रचार विभाग के अजय कपरूवाण, राकेश पुरोहित, विनोद भट्ट, शांति प्रसाद भट्ट, विहिप राकेश मैठाणी आदि शामिल रहे।

# बीएसएफ ने पकड़ा पाकिस्तानी घुसपैठिया, दो ड्रोन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी आरोपित के पास से पाकिस्तानी करेंसी मिली है। इसके अलावा बीएसएफ जवानों ने दो पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किए हैं। बीएसएफ द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अमृतसर जिले में कार्रवाई करते हुए एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। उसके पास 330 रुपये पाकिस्तानी करेंसी मिली। पूछताछ के बाद उसे स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसके अलावा दो अलग-अलग ऑपरेशनों में खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ के जवानों ने फिरोजपुर सीमा के पास 02 डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किए। इनमें एक पाल्हा मेघा गांव के पास एक खेत से बरामद किया गया है जबकि दूसरा गांव गेंडू किलचा के पास सीमा पर लगी बाड़ में फंसा हुआ पाया गया। माना जा रहा है कि दोनों ड्रोन बीएसएफ द्वारा तैनात मजबूत इलेक्ट्रॉनिक एंटी ड्रोन सिस्टम के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुए।

# मान ने नांगल बांध की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ जवानों को तैनात किए जाने का विरोध किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नांगल बांध की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के 296 जवानों की टुकड़ी तैनात करने के केंद्र सरकार के कदम की बृहस्पतिवार को निंदा की। केंद्र सरकार के कदम पर सवाल उठाते हुए मान ने पूछा कि जब पंजाब पुलिस बांध की सुरक्षा कर रही है तो केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों को तैनात करने की क्या जरूरत है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि क्या प्रधानमंत्री को लगता है कि पंजाब पुलिस अक्षम है। नांगल बांध के पानी के बंटवारे को लेकर पंजाब और हरियाणा के मध्य गतिरोध के बीच केंद्र ने बांध को आतंकवाद रोधी सुरक्षा प्रदान करने के लिए सीआईएसएफ के 296 कर्मियों की टुकड़ी की तैनाती को मंजूरी दी है। इन जवानों की तैनाती के लिए भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) को सीआईएसएफ के पक्ष में 8,58,69,600 करोड़ रुपये की राशि जमा करने को कहा गया है। मान ने बृहस्पतिवार को संगरूर में मीडियाकर्मियों से कहा कि सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती में प्रतिवर्ष 8.58 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। उन्होंने इस संबंध में केंद्र के पत्र की प्रति दिखाई। मान ने कहा, ''वे कहते हैं कि या तो बीबीएमबी इस राशि का भुगतान करेगा या पंजाब करेगा। जब पंजाब पुलिस बांध को निशुल्क सुरक्षा प्रदान कर रही है तो इसकी क्या जरूरत है? हम पैसा क्यों देंगे। उन्होंने कहा, ''मैं इस कदम का कड़ा विरोध करता हूं। हम न तो बीबीएमबी के माध्यम से और न ही पंजाब सरकार के खजाने से पैसा देने देंगे। सुरक्षा घेरा तैनात करने के केंद्र के इरादे पर सवाल खड़ा करते हुए मान ने कहा कि क्या वह पंजाब के पानी का हिस्सा 'चुराना' चाहता है। उन्होंने कहा, ''हम ऐसा नहीं होने देंगे। मान ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ समेत पार्टी के नेताओं से सवाल किया कि क्या केंद्र का यह कदम उनकी स्वीकृति से उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''केंद्र को इस निर्णय को वापस लेना चाहिए। यह बांध पंजाब के क्षेत्र में आता है। अगर पंजाब अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा कर सकता है तो बांध की सुरक्षा क्यों नहीं कर सकता। वर्तमान में पंजाब पुलिस नांगल बांध को सुरक्षा प्रदान कर रही है, जो रूपनगर जिले में भाखड़ा बांध के नीचे की ओर स्थित है। इससे पहले जब पंजाब सरकार ने हरियाणा को और पानी देने से इनकार कर दिया था तो राज्य पुलिस ने नांगल बांध पर सुरक्षा बढ़ा दी थी।

## दिव्यांगों को मिलेंगे आधुनिक और बेहतर उपकरण : रविंद्र इंद्राज

नई दिल्ली। समाज कल्याण, एससी-एसटी कल्याण और सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि दिव्यांगों को आधुनिक और बेहतर उपकरण मिलेंगे। यह बात उन्होंने कानपुर स्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय में निर्माण इकाई का निरीक्षण करते हुए कही। रविंद्र इंद्राज ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगों के सशक्तीकरण की दिशा में देश में चल रहे सुगम्य भारत अभियान को सफल बनाने में दिल्ली सरकार प्रभावी ढंग से जुटी हुई है। इसी क्रम में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय जाकर नवीनतम सहायक उपकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आधुनिक और सुविधाजनक उपकरणों का लाभ दिल्ली के दिव्यांगजनों को भी मिलेगा। इस अवसर पर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने अत्याधुनिक निर्माण क्षमताओं तथा दिव्यांगजन के लिए विकसित नवीनतम सहायक उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने कहा की दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम की तकनीकी नवाचारों और प्रतिबद्धता का लाभ मिलेगा। साथ ही दिल्ली सरकार की 'सुगम्य सहायक योजना' के तहत संभावित सहयोग पर विस्तृत चर्चा की गई है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063